2 | फरीदाबाद
एनआइटी में अवैध निर्माणों की सीलिंग शुरू, जल्द होगी तोड़फोड़

6 | अभिमत
संकट बना राज्यों का बेलगाम कर्ज

9 | देश/विदेश
अयोध्या विकास प्राधिकरण की सूची में भाजपा विधायक और महापौर भी शामिल


12 | स्पोर्ट्स
हरियाणा के सात खिलाड़ियों ने देश को दिलाए कई मेडल

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 181
फरीदाबाद, सोमवार, 08 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सच में कश्मीर स्वर्ग है ?
पेज - 11

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 32.00°C
न्यूनतम 27.00°C

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड में बस गहरी खाई में गिरी, कई लोग घायल



**देहरादून।** उत्तराखंड के मसूरी-देहरादून रोड पर रोडवेज की एक बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में बस में सवार कई लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि 39 लोग बस में सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस, फायर सर्विस, 108 एम्बुलेंस मौके के लिए रवाना हो गई। तेज बारिश होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। आठ यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### विश्वनाथन आनंद इंटरनेशनल चेस फेडरेशन के वीपी बने

**नई दिल्ली।** विश्वनाथन आनंद को इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (एफआईडीई) का वाइस प्रेसिडेंट चुना गया हैं। वहीं, मौजूदा प्रेसिंडेट अर्कडी ड्वोरकोविच फिर से प्रेसिंडेट चुने गए हैं। ड्वोरकोविच को 157 वोट मिले, जबकि एंड्री बैरीशपोलेट्स को 16 मत मिले। वहीं, 1 वोट इनवैलिड रहा। एफआईडीई का चुनाव चेन्नई में चल रहे 44वें शतरंज ओलिंपियाड के दौरान एफआईडीई की जनरल बैठक की मीटिंग में हुआ। आनंद पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन रहे हैं।

### कोयला ले जा रही मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतरे

**रोहतक।** खरावड़ रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। यह घटना दिल्ली-रोहतक रेलवे लाइन पर हुई। हादसे के बाद रेलवे ट्रैक जाम हो गया। अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। फिलहाल, हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मालगाड़ी कोयला लेकर जा रही थी।

### एन कलाइसेल्वी सीएसआइआर की डायरेक्टर जनरल नियुक्त

**नई दिल्ली।** डॉ. नल्लाथम्बी कलाइसेल्वी को शनिवार को काउंसिल ऑफ साइंटफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआइआर) के डायरेक्टर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें डिपार्टमेंट ऑफ साइंटफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (डीएसआइआर) के सचिव की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। वह देश में 38 शोध संस्थानों के संघ का नेतृत्व करने वाली पहली महिला हैं। क्लाइसेल्वी ने शेखर मांडे की जगह ली है। शेखर अप्रैल में रिटायर हुए थे।

### मणिपुर में पांच दिन तक इंटरनेट बंद, धारा 144 लागू

**इंफाल।** मणिपुर में राजधानी इंफाल समेत कई जिलों में पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं हैं। राज्य के बिष्णुपुर जिले में एक समुदाय के तीन से चार लोगों ने शनिवार शाम को एक वैन में आग लगा दी थी, जिसके बाद जिले में संप्रदायिक तनावपुर्ण की स्थिति पैदा हो गई। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने ये फैसला लिया है। सरकार ने अगले दो महीने के लिए चुराचांदपुर और बिष्णुपुर में धारा 144 लगाई है।

## कॉमनवेल्थ गेम्स में 10वां दिन भी शानदार रहा

# भारत को पहली बार मेंस ट्रिपल जंप इवेंट में गोल्ड-सिल्वर मिला

### नीतू घनघस, निखत जरीन और अमित पंघाल ने गोल्डन पंच जड़ा

**एजेंसी।** बर्मिंघम

**बर्मिंघम** में 22वें कॉमनवेल्थ गेम्स के 10वें दिन के मुकाबले जारी रहे। भारत ने बॉक्सिंग में तीन गोल्ड जीत लिए हैं। नीतू घनघस (48 केजी), निखत जरीन(50 केजी) और अमित पंघाल ( 51 केजी) ने अपनी-अपनी वेट कैटेगरी में गोल्ड जीता। वहीं मेंस ट्रिपल जंप इवेंट में भारत को गोल्ड और सिल्वर दोनों मिला है। भारत के एलडोस पॉल ने 17.03 मीटर की छलांग के साथ गोल्ड जीता। भारत के ही अब्दुल्ला अबुबकर ने 17.02 मीटर की छलांग के साथ सिल्वर जीता। ये कॉमनवेल्थ इतिहास में पहला मौका है, जब भारत के दो खिलाड़ियों ने

### एलडोस पॉल और अब्दुल्ला अबुबकर जीते



मेंस ट्रिपल जंप में गोल्ड और सिल्वर दोनों जीता है।

पुरुषों की 10000 मीटर रेस वॉक में संदीप ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। उन्होंने अपनी 38 मिनट 42 मिनट 33 सेकेंड में अपनी रेस पूरी की। कनाडा के इवांस ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। अन्नू रानी ने महिलाओं की जेवलिन थ्रो में ब्रॉन्ज जीत लिया है। उनका सबसे बेहतरीन प्रयास 60 मीटर का था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की केल्सी ने 64 मीटर भाला फेंक कर गोल्ड अपने नाम किया।

### भारत के पदक विजेता

***मौजूदा सीजन में भारत के 17 गोल्ड हो गए हैं। टैली में भारत के मेडल्स की कुल संख्या 48 हो गई है। भारत के हिस्से 12 सिल्वर और 19 ब्रॉन्ज भी आए हैं।***

**17 स्वर्ण :** मीराबाई चानू, जेरेमी लालरिनुंगा, अंचिता शेउली, महिला लॉन बॉल टीम, टेबल टेनिस पुरुष टीम, सुधीर (पावर लिफ्टिंग), बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, दीपक पूनिया, रवि दहिया, विनेश फोगाट, नवीन, भाविना (पैरा टेबल टेनिस), नीतू घनघस, अमित पंघाल, एल्डहॉस पॉल, निखत जरीन।

**12 रजत :** संकेत सरगर, बिंदियारानी देवी, सुशीला देवी, विकास ठाकुर, भारतीय बैडमिंटन टीम, तूलिका मान, मुरली श्रीशंकर, अंशु मलिक, प्रियंका, अविनाश साबले, पुरुष लॉन बॉल टीम, अब्दुल्ला अबुबकर

**19 कांस्य :** गुरुराजा पुजारी, विजय कुमार यादव, हरजिंदर कौर, लवप्रीत सिंह, सौरव घोषाल, गुरदीप सिंह, तेजस्विन शंकर, दिव्या काकरन, मोहित ग्रेवाल, जैस्मिन, पूजा गहलोत, पूजा सिहाग, मोहम्मद हुसामुद्दीन, दीपक नेहरा, रोहित टोकस, महिला हॉकी टीम, संदीप कुमार, अन्नू रानी।

फाइनल में नीतू ने इंग्लैंड की डेमी जेड को 5-0 से हराया। अमित ने इंग्लैंड के मैक्डोनाल्ड को 5-0 से मात दी। भारत के दो और मुक्केबाज निखत जरीन (50 केजी) को गोल्ड मिल चुका है, जबकि सागर अहलावत (92 केजी) भी गोल्ड के लिए पंच जमाने वालों में शामिल होने वाले थे। भारतीय महिला हॉकी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। उसने कड़े मुकाबले में न्यूजीलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से हराया। निर्धारित समय में मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा था। यह इन गेम्स में भारत का महिला हॉकी में पहला ब्रॉन्ज है। टीम ने अब तक एक गोल्ड (2002) और एक सिल्वर (2006) जीता था। भारत की पीवी सिंधु फाइनल में पहुंच गई हैं। सिंधु ने विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में सिंगापुर की जिया मिन यो को 21-19, 21-17 से हराया। वहीं, बैडमिंटन के मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगापुर के जिया हेंग तेह को 21-10, 18-21, 21-16 के अंतर से हराया। उन्होंने भी फाइनल में जगह बना ली है। किदांबी श्रीकांत को हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया के यंग ने उन्हें 13-21, 21-19, 21-10 के अंतर से हराया।

विस्तृत खबर पेज-12 पर...

### अमेरिका के ओहायो में गोलीबारी से चार लोगों की मौत



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। अब अमेरिका के ओहायो में गोलीबारी हुई है। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक मामला ओहायो के बटलर टाउनशिप का है। हमलावर एक कार में आया था और घटना को अंजाम देने के बाद यहां से फरार हो गया। जांच एजेंसियां आरोपी की तलाश में जुटी हुई हैं। पुलिस के मुताबिक गोलीबारी की यह घटना शुक्रवार की है। बटलर टाउनशिप पुलिस प्रमुख जॉन पोर्टर ने बताया कि हमलावर की पहचान स्टीफन ए मार्लो के रूप में हुई है। मार्लो के पास अभी भी हथियार हैं। यही वजह है कि उससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है।

## नीति आयोग की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा

# फसल विविधीकरण, खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता जरूरी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**नीति** आयोग के शासकीय परिषद की सातवीं अहम बैठक रविवार को हुई। राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में हो रही बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, जी-20, स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के क्रियान्वयन के साथ ही देश को तिलहन-दलहन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने व शहरी प्रशासन के मामले पर विचार-विमर्श हुआ।

नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से फसल विविधीकरण पर ध्यान देने को कहा। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का संघीय ढांचा और सहकारी संघवाद कोविड संकट के दौरान दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में उभरा है। हमें इसे और मजबूत करना होगा। गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि भारत खाद्य तेल में आत्मनिर्भर हो।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बताया कि पीएम मोदी ने भारत में पोस्ट कोविड पर नीति आयोग की बैठक से उनकी अपेक्षा पर महत्वपूर्ण बातें कहीं, जिस तरह से केंद्र और राज्यों ने कोविड के दौरान एक-दूसरे के साथ मिलकर निर्णय लिए उस पर भी चर्चा की। उन्होंने 2047 के लिए भारत के लक्ष्य के बारे में बात की। नीति आयोग के सीईओ परमेश्वरन अय्यर ने कहा कि यह एक उपयोगी बातचीत थी (नीति आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में), जहां मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने अपने राज्यों से सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रस्तुत किया। एनईपी-2020, जी-20 और निर्यात के महत्व पर प्रस्तुतियां दी गईं।

नीति आयोग ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कृषि विविधीकरण के महत्व को व्यक्त किया और कहा कि खाद्य तेलों में विशेष रूप से आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है।

### चंद्रशेखर राव ने नीति आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक का किया बहिष्कार

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने नीति आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक का बहिष्कार किया। उनको छोड़कर सभी राज्यों के मुख्यमंत्री बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। केसीआर ने राज्यों के प्रति केंद्र की भेदभावपूर्ण प्रवृत्ति के खिलाफ उन्होंने यह कदम उठाया। इस संबंध में केसीआर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा। उन्होंने कहा कि मैं विरोध के रूप में दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक का हिस्सा नहीं बनूंगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के बैठक में शामिल नहीं होने पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि केसीआर पिछले 8 सालों से प्रशासन में पूरी तरह से फेल हो रहे हैं।

## हील इन इंडिया

# सरकार ने विदेशी मरीजों के लिए 10 हवाई अड्डों पर बनाई योजना

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**दस** हवाई अड्डों पर दुभाषिए और विशेष डेस्क, एक बहुभाषी पोर्टल और सरलीकृत वीजा मानदंड चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के वास्ते सरकार की हील इन इंडिया पहल का मुख्य आकर्षण होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 अगस्त को इस पहल की घोषणा कर सकते हैं और स्वास्थ्य मंत्रालय विदेशी मरीजों की सुगमता के लिए इसके विभिन्न पहलुओं और उपायों को अंतिम रूप दे रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सरकार ने 44 देशों की पहचान की है, जहां से बड़ी संख्या में लोग चिकित्सा उद्देश्यों के लिए भारत आते हैं, इन देशों में इलाज की लागत और गुणवत्ता को भी ध्यान में रखा गया है।

उन्होंने बताया कि ये मुख्य रूप से अफ्रीकी, लातिन अमेरिकी, सार्क और खाड़ी देश हैं। सूत्रों ने कहा कि 10 चिह्नित हवाई अड्डों-दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, कोलकाता, विशाखापत्तनम, कोच्चि, अहमदाबाद, हैदराबाद और गुवाहाटी में इन 44 देशों के मरीजों की संख्या ज्यादा है। सूत्रों में से एक ने बताया, चिकित्सा यात्रा को बढ़ावा देने और मरीज यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए, सरकार भाषा दुभाषियों को तैनात करेगी और चिकित्सा यात्रा, परिवहन, बोर्डिंग आदि से संबंधित प्रश्नों के लिए 10 चिह्नित हवाई अड्डों पर स्वास्थ्य डेस्क स्थापित करेगी। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि अनुमानों के अनुसार, चिकित्सा पर्यटन बाजार, जिसका मूल्य 2020 के वित्तीय वर्ष में छह अरब अमेरिकी डॉलर था, के दोगुने से अधिक और 2026 तक 13 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सहयोग से एक बहुभाषी पोर्टल विकसित किया है, जो विदेशी मरीजों के लिए विभिन्न सेवाओं के लिए वन-स्टॉप शॉप होगी। पोर्टल की 15 अगस्त को शुरुआत होने की भी संभावना है। मंत्रालय ने 12 राज्यों-दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और असम के 17 शहरों में 37 अस्पतालों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की योजना भी तैयार की है।

सरकार चिह्नित किए गए 44 देशों के मरीजों और उनके साथियों के लिए मेडिकल वीजा नियमों को आसान बनाने पर भी काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय पर्यटन, आयुष, नागरिक उड्डयन मंत्रालयों, विदेश मंत्रालय, अस्पतालों और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग कर रहा है ताकि चिकित्सा यात्रा को बढ़ावा देने के लिए भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ विदेशी मरीजों को जोड़ने के लिए एक रूपरेखा तैयार की जा सके।

## अचानक आई बाढ़ में बहीं 13 लग्जरी कारें, नदी किनारे मना रहे थे पिकनिक

**एजेंसी।** बड़वाह

**खरगोन** जिले के बड़वाह के पास काटकूट नदी में अचानक आई बाढ़ में 13 लग्जरी कारें डूब गईं। इनमें से तीन कारें बहकर काफी आगे चली गईं। दरअसल, इंदौर से आए कुछ परिवार नदी में पानी कम होने पर किनारे पर पिकनिक मना रहे थे। कोई टेबल कुर्सी पर खाना खा रहा था, तो कोई खाली नदी में कार घुमा रहा था। तभी अचानक नदी में जलस्तर बढ़ गया। अचानक आई बाढ़ ने इन्हें संभलने का मौका ही नहीं दिया। सब अपने सामान नदी में छोड़कर भाग गए। पानी के तेज बहाव में इनकी कारें और सामान तिनकों की तरह बह गए। घटना रविवार दोपहर करीब 3.30 बजे की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने इन लोगों की मदद की। ट्रैक्टर और रस्सियों की मदद से नदी में फंसी कारों को निकाला। अच्छी बात ये रही कि सभी लोग सुरक्षित हैं।

बलवाड़ा टीआई एसआर चौहान ने बताया कि सुबह से इंदौर के लोग, महिलाओं और बच्चों के साथ पार्टी करने यहां आए थे।

## बाटला हाउस से गिरफ्तार हुआ आइएसआइएस का आतंकी

### मोहसिन कई दिनों से आइएसआइएस मॉड्यूल का एक्टिव मेंबर है

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**स्वतंत्रता** दिवस के पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एनआइए दिल्ली के बाटला हाउस इलाके से इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आइएसआइएस) के एक आतंकी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक आतंकी का नाम मोहसिन अहमद है। वह बिहार का रहने वाला है। मोहसिन कई दिनों से आइएसआइएस मॉड्यूल का एक्टिव मेंबर है। जानकारी के अनुसार, एनआइए की टीम ने बाटला हाउस के एक घर पर छापा मारा, जहां से मोहसिन को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में घर से कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली के जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों ने मोहसिन के बारे में सूचना दी थी, जिसके आधार पर जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की।

यूनिवर्सिटी के छात्रों की मानें तो उसने कई छात्रों को इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रभावित करने की कोशिश की। जांच एजेंसी ने 25 जून को ही मोहसिन के खिलाफ केस दर्ज किया था, जिसके बाद लगातार उसकी तलाश की जा रही थी।

## बांग्लादेश में महंगाई की मार

# 1971 के बाद पहली बार पेट्रोल-डीजल के दाम 52 फीसद बढ़े


**एजेंसी।** ढाका

**श्रीलंका** के बाद बांग्लादेश में भी जनता महंगाई से परेशान है। यहां सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम 52 फीसद तक बढ़ा दिए हैं। इससे गुस्साए लोगों ने कई जगह विरोध प्रदर्शन किए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 1971 में आजादी के बाद पहली बार कीमतें इस स्तर पर पहुंची हैं।

सरकार का कहना है कि इंटरनेशनल मार्केट में बढ़े फ्यूल की कीमतों के चलते देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हैं। दरअसल, हमारे पड़ोसी देश बांग्लादेश में जरूरी चीजों के भाव आसमान छू रहे हैं। अब डीजल-पेट्रोल के मामले में स्थिति कुछ ज्यादा गंभीर हो चुकी है। फ्यूल के दाम बढ़ने से लोगों में सरकार के खिलाफ नाराजगी देखी गई। लोगों ने कहा, सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 51.7 फीसदी और डीजल की कीमत में 42 फीसदी का इजाफा कर दिया है।

# झुनझुनवाला की एयरलाइन अकासा लॉन्च मुंबई-अहमदाबाद रवाना हुई पहली फ्लाइट

**एजेंसी।** मुंबई



**शेयर** बाजार के बिग बुल राकेश झुनझुनवाला के निवेश वाली एयरलाइन अकासा एयर की पहली फ्लाइट रविवार सुबह 10.05 बजे मुंबई से अहमदाबाद के लिए रवाना हुई। यूनियन सिविल एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अकासा की पहली कॉमर्शियल फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई। ये फ्लाइट 11.25 बजे अहमदाबाद पहुंची। फुली बुक्ड फ्लाइट में 189 पैसेंजर्स के साथ-साथ कॉकपिट और केबिन क्रू भी शामिल थे।

अकासा एयर 13 अगस्त से बेंगलुरु-कोच्चि, 19 अगस्त से बेंगलुरु-मुंबई और 15 सितंबर से चेन्नई-मुंबई रूट पर भी ऑपरेट होना शुरू हो जाएगी। फ्लाइट का न्यूनतम किराया 1916 रुपये है। अकासा ने खुद को लो कॉस्ट एयरलाइन की तरह पेश किया है, जो स्पाइसजेट, इंडिगो, गो फर्स्ट जैसी कंपनीज को सीधी टक्कर देगी। झुनझुनवाला ने वेंचर में 40 फीसद हिस्सेदारी के लिए 35 मिलियन डॉलर का निवेश किया है।

## नाकामयाब कवायद : इसरो के दो सैटेलाइट्स की लांचिंग हुई फेल

# गलत ऑर्बिट में पहुंचे दोनों सैटेलाइट, किसी काम के नहीं रहे

**एजेंसी।** श्रीहरिकोटा

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के दोनों सैटेलाइट्स की रविवार को हुई लॉन्चिंग फेल हो गई। इसरो ने बताया कि दोनों सैटेलाइट्स गलत ऑर्बिट में चले गए। अब वे किसी काम के नहीं रहे। इसरो ने सैटेलाइट्स फेलियर की जांच के लिए एक कमेटी बना दी है।

इसरो ने रविवार सुबह 9.18 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से अपना पहला नया रॉकेट स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) डी1 लॉन्च किया था। इस रॉकेट के साथ आजादीसेट सैटेलाइट्स भेजे गए थे। इसके 75 पेलोड देशभर के 75 ग्रामीण सरकारी स्कूलों के 750 छात्र-छात्राओं ने बनाए थे। डिजाइन करने वाली लड़कियां भी लॉन्च के समय श्रीहरिकोटा में मौजूद रहीं।

रॉकेट ने दोनों सैटेलाइट्स को अंतरिक्ष में पहुंचा दिया, लेकिन उसके बाद सैटेलाइट्स से डेटा मिलना बंद हो गया। इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने कहा कि इसरो मिशन कंट्रोल सेंटर लगातार डेटा लिंक हासिल करने का प्रयास करता रहा। ईओएस02 एक अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट हैं, जो 10 महीने के लिए अंतरिक्ष में काम करते। इसका वजन 142 किलोग्राम है। इसमें मिड और लॉन्ग वेवलेंथ इंफ्रारेड कैमरा लगा है। इसका रेजोल्यूशन 6 मीटर है। ये रात में भी निगरानी कर सकता है।

आजादी का अमृत महोत्सव के उत्सव में स्पेसकिड्ज इंडिया नाम की स्पेस एजेंसी का स्टूडेंट सैटेलाइट आजादीसैट भी भेजा गया है। आजादी सैट एक सह-यात्री उपग्रह है। सेंट फ्रांसिस गर्ल्स हाई स्कूल, तेलंगाना की एक छात्रा श्रेया ने बताया, हमारे स्कूल के तीन समूहों ने इस एसएसएलवी लॉन्च में भाग लिया है। मुझे बहुत खुशी है कि हमें यह अवसर मिला। हमने वास्तव में इस पर कड़ी मेहनत की और हम करेंगे आजादीसैट उपग्रह के प्रक्षेपण के गवाह बने।

### रॉकेट से ये दो सैटेलाइट लॉन्च हुए



**ईओएस- 02 :** एसएसएलवी से लॉन्च हुई प्रायोरिटी सैटेलाइट है। यह नई तकनीक और इंफ्रारेड कैमरा से लैस है, जो मैपिंग, फॉरेस्ट्री, एग्रीकल्चर, जियोलॉजी और हाइड्रोलॉजी जैसे यूटीलिटी फील्ड में काम करेगा। यह डिफेंस सेक्टर के यूज में भी लिया जा सकता था।

**आजादी सैट :** यह इसका दूसरा सैटेलाइट था, जिसे ईओएस 02 के मिशन से अलग करने के बाद इसे इसकी कक्षा में स्थापित किया जाना था। स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले इस आजादी सैट को ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों द्वारा वैज्ञानिकों की निगरानी में तैयार कराया गया था। ये स्टूडेंट्स स्पेस किड्स इंडिया से जुड़े थे। इसमें 50 ग्राम वजन वाले 75 पेलोड थे।

# एनआइटी में अवैध निर्माणों की सीलिंग शुरू, जल्द होगी तोड़फोड़

## निगम ने एनआइटी में सील किए 20 अवैध निर्माण, जांच के बाद होगी तोड़फोड़

राजेश दास। फरीदाबाद

**परिवारों** को बढ़ने के कारण प्रदेश सरकार ने एनआइटी इलाके में स्टिल्ट पॉर्किंग के साथ चार मंजिला इमारत बनाने की अनुमति दी है। लेकिन शहर में इसके विपरित बिल्डर लॉबी द्वारा व्यवसायिक इमारत के साथ चार मंजिला फ्लोर बनाकर धड़ल्ले के साथ बेच जा रहे हैं। निगम अधिकारियों से मिलीभगत कर बिल्डर तो फ्लोर बेच कर चले जाते हैं। लेकिन बाद में फ्लैट खरीदने वाले आम लोगों को इसका खामियाजा उठाने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ एनएच एक, दो, तीन और पांच में लगातार बने रहे अवैध निर्माणों की वजह से शहर में व्यवस्था भी बुरी तरह चरमरा गई।

निगम के सीमित संसाधनों पर पानी और सीवर के कनेक्शनों का बोझ बढ़ने से एनआइटी में स्थिति बिगड़ती जा रही है। जहां देखों वहीं सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बहता है। जनप्रतिनिधि इन समस्याओं का समाधान कराने तो सामने नहीं आते। लेकिन जब निगम का दस्ता अवैध निर्माण तोड़ने के लिए जाता है तो ये जनप्रतिनिधि रूकवाने जरूर पहुंच जाते हैं। अवैध निर्माणों के मामले में शिकायत मिलने पर सीएम फ्लाइंग और स्टेट विजिलेंस पहले ही जांच कर रही है। अब लगातार शिकायत मिलने पर निगमायुक्त यशपाल यादव ने भी ठोस कदम उठाया है। रविवार को उनके आदेश पर शहर में 20 अवैध निर्माणों को सील किया गया है।



एनएच दो सी ब्लॉक में अवैध निर्माण सील करते निगम कर्मी।



एनएच दो में रिहायशी जमीन पर बने व्यवसायिक निर्माण सील करते हुए।

### बिल्डर लॉबी में हड़कंप

**नगर** निगम आयुक्त यशपाल यादव के आदेश पर शहर के एनआइटी इलाके में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर अवैध निर्माणों को सील किया गया है। जबकि शहर में हजारों की संख्या में अवैध निर्माण तैयार हो चुके है और काफी संख्या में निर्माणाधीन है। सम्भव है निगम द्वारा आगे की सीलिंग की कार्रवाई जारी रखी जाएगी। बिल्डरों द्वारा भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसा कर फ्लैट बेच दिये जाते हैं। ऐसे में निगम द्वारा बाद में कार्रवाई करने पर उन लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इसी वजह से निगमायुक्त द्वारा निर्माणाधीन इमारतों को सील करवाया गया है। निगमायुक्त की इस कार्रवाई के बाद बिल्डर लॉबी में बुरी तरह हड़कंप मचा हुआ है। क्योंकि बिल्डरों द्वारा निगम अधिकारियों से मिलीभगत कर वर्षो से अवैध निर्माण कर चांदी कूटी जा रही थी। अब अवैध निर्माणों की सीलिंग होने से बिल्डरों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। अभी तो निगम द्वारा सिर्फ 20 अवैध निर्माणों को ही सील किया गया है। सूत्रों का कहना है कि नगर निगम द्वारा अवैध निर्माणों को सील करने और जांच के बाद तोड़फोड की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाएगी।

### सरकार को राजस्व का नुकसान

**शहर** में एनआइटी, विभिन्न सेक्टर और अन्य इलाकों में धड़ल्ले के साथ हो रहे अवैध निर्माणों की वजह से सरकार को हर साल करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। बिल्डरों द्वारा ज्यादातर इमारतों का नक्शा ही पास नहीं करवाया जाता है। यदि नक्शा पास करवाया भी जाता है तो उसमें भी गड़बड़ की जाती है। रिहायशी इमारत का नक्शा पास करवाने के बाद व्यवसायिक इमारतें बनाई जाती है। चार मंजिला फ्लैटों में स्टिल्ट पार्किंग का निर्माण अनिवार्य है। लेकिन बिल्डर ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग की जगह व्यवसायिक निर्माण करवाते हैं। व्यवसायिक निर्माण के लिए बिल्डरों द्वारा सीएलयू भी नहीं करवाया जाता। वहीं बड़े प्लॉट का बिना सबडिविजन करवाएं छोटे छोटे टूकड़ों में निर्माण कर बेच रहे हैं। ऐसे में सरकार को भारी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ अवैध निर्माणों की वजह से शहर के लोगों को कई तरह की परेशानियां हो रही है। अवैध कनेक्शनों के कारण पेयजल की किल्लत रहती है और सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता है। स्टिल्ट पार्किंग के अभाव में लोग वाहन सड़कों पर खड़े करते हैं।



एनएच तीन में निर्माणाधीन इमारत सील करते हुए।

### शिकायतों पर सीलिंग



**निगमायुक्त** यशपाल यादव ने प्रैस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एनआइटी इलाके के एनएच एक, दो, तीन और पांच में अवैध निर्माण करने की शिकायत लगातार मिल रही थी। जिसके कारण पिछले दिनों उन्होंने इलाके का दौरा कर 33 अवैध निर्माणों को चिन्हत किया था। उनके आदेश पर निगम अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 अवैध निर्माणों का सील कर दिया है। जल्दी ही अन्य अवैध निर्माणों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### जांच के बाद होगी तोड़फोड़

**नगर** निगम क्षेत्र के एनएच एक, दो, तीन और पांच में पिछले करीब डेढ़ दशकों से बिल्डर लॉबी सक्रिय है। बिल्डर इन इलाकों में औने पौने दामों में लोगों से पुराने मकानों को खरीद रहे हैं। जिसके बाद निगम अधिकारियों से मिलीभगत कर ग्राउंड फ्लोर पर दुकानों का निर्माण और इससे ऊपर चार से छह मंजिला फ्लैट बनाकर लोगों को बेचे जा रहे हैं। अवैध निर्माणों की वजह से शहर में लगातार कई तरह की दिक्कत लोगों को हो रही थी। इन अवैध निर्माणों की वजह से आसपास के लोगों के मकानों दरारें आने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। परेशान लोगों द्वारा नगर निगम से लगातार शिकायत की जा रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए पिछले दिनों निगमायुक्त ने इलाके का दौरा किया था। जिसके बाद उन्होंने रविवार को अवैध इमारतों को सील करने के आदेश दिये थे। उन्होंने प्लानिंग ब्रांच से इन निर्माणों का रिकॉर्ड मांगा है। रिकॉर्ड होने पर अतिरिक्त निर्माण तोड़ा जाएगा। जिस इमारत का रिकॉर्ड नहीं होगा, उन अवैध इमारतों को निगमायुक्त के आदेश पर पूरी तरह तोड़ दिया जाएगा।

## शहर का तापमान

- अधिकतम 34.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 28.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- सेक्टर -8 स्थित डॉ. सूरज प्रकाश में पौधारोपण व अन्य कार्यक्रम: शाम 5 बजे
- बिजली दफ्तर पर कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-8 स्थित डॉ. सूरज प्रकाश दिव्यांग केन्द्र में कैम्प: सुबह 10 बजे
- गांव अनंगपुर स्थित बड़ वाला मंदिर में गुर्जर महासभा के द्वारा मुर्ति स्थापना पर हवन: सुबह 8 बजे
- हीरापुर के किसान डीसी दफ्तर पर सौंपेंगे ज्ञापन: सुबह 11 बजे
- बीके की ओपीड़ी : सुबह 8 बजे
- शहर में विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे

## निवेश गुरु

रिटायरमेंट के लिए बचत और उसका बेहतरीन रिटर्न वाले विकल्प में निवेश जरूरी है। रिटायरमेंट प्लान के लिए सिर्फ ईपीएफ योगदान पर निर्भरता सही नहीं है। रिटायरमेंट के बाद आपको हर महीने कितने पैसे की जरूरत पड़ेगी, सबसे पहले इसका आंकलन करना होगा। आप सामान के मौजूदा मूल्यों के आधार पर मासिक खर्च को निकालें। फिर 6 फीसदी की दर से सालाना महंगाई मानते हुए इसे बढ़ा दें। इससे आपको उस मासिक खर्च के बारे में पता चल जाएगा जिसकी जरूरत आपको रिटायरमेंट के बाद होगी।

## यूटीलिटी न्यूज

### चार बस हरिद्वार रवाना

**फरीदाबाद।** वॉर्ड नंबर छह के चहेते साथी, जननायक कर्मचारी एवं मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष, शिक्षाविद एवं समाजसेवी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान, कर्मभूमि एवं शिक्षा मंदिर स्कूल के संस्थापक, तथा भावी पार्षद उम्मीदवार नंदराम पाहिल द्वारा हरिद्वार एवं गंगा स्नान की मंगल यात्रा के समुचित व्यवस्था करके चार बसे भेजी गई। इस यात्रा का शुभारंभ पर्वतीय कॉलोनी स्थित जल घर से ढोल नगाड़े एवं मंगलाचार के साथ हुआ। यात्रा का मंगलाराम्भ राजेश भाटिया ने नारियल फोड़ कर किया। इस यात्रा से पूर्व वहां उपस्थित मातृ शक्ति ने विधिवत् पूजा, अर्चना एवं मंगलाचार किया। नंदराम पाहिल जी द्वारा चार बसों से यात्रा की व्यवस्था से लेकर सभी तीर्थ यात्रियों के लिए नाश्ता एवं भोजन की भी समुचित व्यवस्था की गई। वहां उपस्थित सभी तीर्थ यात्रियों ने नंदराम पाहिल को इस आयोजन के लिए धन्यवाद किया एवं अपना आशीर्वाद भी दिया।

## क्विक न्यूज

### कार्यकताओं का जताया आभार

**फरीदाबाद।** इनसो के 20वें स्थापना दिवस रणघोष पर जयुपर में भारी तादाद में पहुंचने पर इनसो फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष रवि शर्मा ने इनसो व जजपा कार्यकताओं का आभार व धन्यवाद प्रकट किया है। रवि शर्मा ने कहा कि स्थापना दिवस को यादगार,एतिहासिक और सफल बनाने के लिए जिस तरह सभी ने दिन रात मिलकर काम किया उसका फल जयपुर पहुंची अपार भीड़ के रूप में हमें मिल गया है। उन्होंनें कहा कि इसमें कोई शक नहीं की जजपा के संस्थापक अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और प्रधान महासचिव दिगविजय सिंह चौटाला की लोकप्रियता आज हरियाणा के साथ साथ पूरे देश में फैल चुकी है। उन्होनें कहा कि राजस्थान में भी स्थानीय युवाओं को नौकरियो में 75 प्रतिशत का आरक्षण देने की बात कहकर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जता दिया है के वो युवाओं को उनका हक दिलाकर रहेंगे।

# ईएनटी कांफ्रेंस के 7वें संस्करण का लाइव आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सर्वोदय** हॉस्पिटल, द्वारा ईएनटी में कान के इलाज की आधुनिकता विषय पर कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह एक दिवसीय कांफ्रेंस सर्वोदय हॉस्पिटल, फरीदाबाद में सात अगस्त को आयोजित की गई, जिसमें भारत के प्रख्यात ईएनटी सर्जनों ने कान के अंदर टेम्पोरल बोन की सर्जरी एवं कान की अन्य सर्जरी के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया एवं उसके इलाज के आधुनिक पद्धतियों से भी डॉक्टर्स को अवगत करवाया। इस कांफ्रेंस का लक्ष्य कान, नाक एवं गला की चिकित्सा में नए और बेहतर रास्ते तलाशने और उनके लाभों को उत्तर भारत के ईएनटी विशेषज्ञों के साथ साझा करना था।

सर्वोदय हॉस्पिटल के वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रवि भाटिया ने बताया कि कांफ्रेंस में कान के इलाज से जुड़ी विभिन्न प्रकार की सर्जरी में अत्याधुनिक मेडिकल उपकरणों एवं तकनीक का प्रयोग किया गया जिसका सीधा प्रसारण ऑपरेशन थिएटर से ऑडिटोरियम तक डॉक्टर्स के बीच किया। कांफ्रेंस में देश के जाने माने पद्मश्री डॉ. मोहन कामेश्वरन, चेन्नई ने इस विषय पर अपना ज्ञान और अनुभव बांटे और ईएनटी की नई तकनीकों की चर्चा की। कांफ्रेंस ने सभी उपस्थित प्रतिनिधियों, जिनमें कई पीजी छात्र भी शामिल थे, को एक अनूठा अनुभव प्रदान कराया।

डॉ. भाटिया ने बताया कि कांफ्रेंस में हमारा फोकस माइक्रोस्कोपिक सर्जरी पर ही था जोकि डाक्टरों व मरीजों के बीच तेजी से सर्जरी की पसंद बनती जा रही है। क्योंकि रोगियों को कम एनेस्थीसिया, कम दर्द, कम खून का बहना, जल्दी ठीक होना और कम जटिलताएं होने का लाभ मिलता है। सर्वोदय हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार की कांफ्रेंस आधुनिक मेडिकल तकनीक के प्रचार और प्रसार के लिए बहुत कारगर सिद्ध होती है और जिसका फायदा मरीज को बेहतर चिकित्सा परिणाम के रूप में मिलता है। मरीज को बेहतर और उन्नत इलाज देना हमारी प्राथमिकता में शामिल है और इस प्रकार की कांफ्रेंस हमारे इस मकसद को पूरा करने में हमारी मदद करती हैं। कार्यशाला में पूरे भारत से 100 ईएनटी सर्जन जिसमे मुख्य रूप से डॉ. मोहन कामेश्वरन, डॉ. मोहनीश ग्रोवर, डॉ. देवेंदर राय, डॉ. विकास कक्कर, डॉ ललित हसीजा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



सर्वोदय अस्पताल में कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते डॉ. मोहन कामेश्वन।

# दयालपुर गांव के स्टेडियम में पौधारोपण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सामाजिक** संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के सौजन्य से दयालपुर गांव के स्टेडियम के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ओर पौधरोपण कार्यक्रम में सहयोग किया।

पौधरोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्रधान संत सिंह हुड्डा ने इस अवसर पर कहा कि पौधे बड़े ही परोपकारी होते हैं। हमें वृक्षों से परोपकार की प्रेरणा लेनी चाहिए। यह सभी को एक समान शुद्ध वायु, फल एवं छाया देते हैं। हमें प्रकृति को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। उनकी देखभाल करनी चाहिए। वृक्षों के बगैर हमारा जीवन अधूरा है। आज पौधारोपण करने की ज्यादा से ज्यादा जरूरत है। समाजसेवी पदम सिंह सराव ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरगद, कदम, बेल, पिलखन के पौधे रोपे गए एवं उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी साथ में ही लगाए गए। संस्था ने लगातार पौधरोपण का अभियान युद्ध स्तर पर चलाया हुआ है। हर रोज कहीं ना कहीं पौधारोपण के कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जा रहे हैं एवं पौधे भी वितरण किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत, निशांत हुड्डा समाज सेवी, निखिल बीसला समाजसेवी, समाजसेवी पदम सिंह सराव, मास्टर संजय कुमार, रणजीत सराव समाजसेवी, देवेश हुड्डा, डॉक्टर प्रवेश लांबा, सुरेंद्र बांकुरा, रामकिशन फौजी, मास्टर मुनेशपाल सराव का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



गांव दयालपुर में पौधारोपण करते जनहित सेवा संस्था के सदस्य।

# नाटक गगन दमामा बाज्यो का हुआ मंचन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आजादी** का अमृत महोत्सव के तहत फरीदाबाद में 75 दिवसीय मेगा इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस इवेंट के तहत शनिवार रात को सेक्टर 12 स्थित एचएसवीपी कंवेशन सेंटर में नाटक गगन दमामा बाज्यो का मंचन किया गया। नाटक में भगत सिंह के संघर्ष की दास्तान दिखाई गई। इस दौरान जुनेजा फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय जुनेजा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

नाटक गगन दमामा बाज्यो पियूष मिश्रा ने लिखा है और शनिवार को आयोजित हुए नाटक का निर्देशन दीपक गर्ग ने किया। नाटक में भगत सिंह के जीवन का संघर्ष दिखाया गया। भगत सिंह इस धरती पर अधिक समय तक जीवित नहीं रहे, लेकिन वह हर भारतीय के दिलों में आज भी जिंदा हैं। नाटक में भगत सिंह की उस सोच को भी शामिल किया गया, जिसमें उन्होंने आज के हिंदुस्तान की कल्पना कर ली थी। भगत सिंह के जीवन के कई पहलुओं को नाटक में दिखाया गया। संभार्य फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक देशवाल ने बताया कि 75 दिवसीय मेगा इवेंट का समापन 15 अगस्त को होगा। उन्होंने बताया कि वीकेंड पर हुए नाटकों के आयोजन में जिला प्रशासन, हरियाणा कला परिषद और कला व सांस्कृतिक विभाग हरियाणा का सहयोग रहा। मेगा इवेंट को संभार्य फाउंडेशन, सर्वोदय फाउंडेशन व नगर निगम फरीदाबाद मिलकर कर रहे हैं, जिसमें जुनेजा फाउंडेशन, फरीदाबाद इंडस्ट्रीज असोसिएशन, एसीई कंपनी, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद हेरीटेज, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अर्थ का सहयोग मिल रहा है। मौके पर रविंद्र फौजदार, मुकेश भाटी, राजकुमार गोगा, अजय यादव आदि मौजूद रहे।



सेक्टर 12 स्थित कंवेंशन हाल में नाटक गगन मामा बाज्यो का मचन करते कलाकार।

# भ्रष्टाचार खत्म करने को ऑनलाइन सेवाएं शुरू

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**सरकार** द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बल्लभगढ़ में प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज रविवार को सेक्टर- 2 की पार्क अवन्यु सोसाइटी में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर के लोगों को तिरंगा यात्रा के साथ जागरूक किया। सोसाइटी के सभी लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने पौधारोपण भी किया और लोगों को पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संदेश दिया। साथ ही सोसाइटी में सीएससी सेंटर द्वारा वोटर कार्ड और आधार कार्ड व प्रॉपर्टी आईडी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाने के लिए कैंप का भी रिबन काटकर शुभारंभ किया।

मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भ्रष्टाचार मुक्त हरियाणा के सपने को पूरा करने के लिए हरियाणा में सीएससी सेंटर के माध्यम से लोगों को लाभ मिल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब दफ्तरों में बैठे सरकारी बाबू को रिश्वत देने की जरूरत नहीं है, जैसा कि पूर्व की सरकारों में चलता आया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर ने रिश्वत की कड़ी को तोड़ने का काम किया है और लोगों को घर बैठे ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान की है।

परिवहन मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने सीएससी सेंटर चलाकर बल्लभगढ़ के लोगों को ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान करा रही श्रीमती रितु सिंगला को भी बधाई दी। प्रदेश के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सोसायटी के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके साथ लगते पार्क को सुंदर बनाया जाएगा। जिसमें ट्रैक के साथ साथ पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे। जिसकी शुरुआत आज उन्होंने पौधा लगाकर की है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए महिला कॉलेज बनवाया गया है और आने वाले समय में जरूरत पड़ने पर और भी नए स्कूलों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बल्लभगढ़ के पुराने स्कूलों के कई नए भवन बनकर तैयार हो चुके हैं और कुछ स्कूल भवनों पर कार्य चला हुआ है। जो जल्दी बनकर तैयार होंगे। मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि बल्लभगढ़ के विकास में आज तक के इतिहास में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबसे अच्छे मुख्यमंत्री साबित हुए हैं।



सेक्टर 2 में तिरंगा अभियान के तहत लोगों को जागरूक करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

**यहाँ की अपनी मजबूरी, वहाँ की अपनी मजबूरी**
**जो लिक्खा है वही होगा सभी में रब की मजबूरी**
**मिले हैं मन तो क्या फिर देश, क्या परदेस, अपनों से**
**अगर समझें तो दूरी है जो न समझें तो क्या दूरी**

# 97 वर्षीय बुजुर्ग महिला के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण

## घर में गिरने से टूट गई थी बुजुर्ग महिला के कूल्हे की हड्डी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मैरिंगो** क्यूआरजी हॉस्पिटल में टूटे कूल्हे के साथ आई फरीदाबाद की 97 वर्षीय सुशीला देवी का सफलतापूर्वक कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया। मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर डॉ. सुमित बत्रा ने बताया कि घर में गिरने के कारण बुजुर्ग महिला को कूल्हे में गंभीर चोट लग गई। इस कारण वह बेड पर ही लेटे रहने के लिए लाचार हो गई थी।

अस्पताल में जांच करने पर पता चला कि मरीज के राइट साइड के कूल्हे की हड्डी टूटी हुई थी। उम्र के इस पड़ाव में अगर मरीज बेड पर रहता है तो उसे स्वास्थ्य संबंधित काफी जटिलताएं आ सकती हैं। लंबे समय तक बेड पर लेटे रहने के कारण मरीज को बेडसोर (त्वचा और अंतर्निहित ऊतकों में घाव), पेशाब में इंफेक्शन, छाती में निमोनिया और पैरों में खून के थक्के बन सकते हैं जो फेफड़ों में जाकर जान का खतरा पैदा कर सकते हैं। इस स्थिति में जरूरी है कि मरीज का जल्द से जल्द ऑपरेशन करके उसे पैरों पर खड़ा करके चलाया जाए ताकि ये स्वास्थ्य जटिलताएं न हों। अगले ही दिन मरीज के हिप रिप्लेसमेंट (कूल्हा प्रत्यारोपण) का ऑपरेशन किया और सर्जरी के 24 घंटे के अंदर उसे वॉकर की मदद से चलाना शुरू किया। मरीज वॉकर की मदद से स्वयं चलने-फिरने लगा। स्वस्थ होने पर मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया।

डॉ. सुमित बत्रा ने बताया कि इस उम्र में हड्डियों में कैल्शियम कंटेंट की डेंसिटी कम हो जाती है जिसे ऑस्टियोपोरोसिस कहते हैं। ऐसे में खासकर बुजुर्ग लोगों में हड्डी जल्दी टूट जाने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे मामलों में ऑपरेशन के लिए हिप रिप्लेसमेंट करने के लिए बोन सीमेंट के साथ फिक्स किया जाता है ताकि अच्छी पकड़ बन सके और मरीज जल्द ही चलना शुरू कर दे। कोशिश की जाती है कि सर्जरी जल्द से जल्द हो जिसमें कम से कम ब्लड लॉस हो ताकि मरीज जल्द से जल्द रिकवरी कर सके। सर्जरी से पहले मरीज की फिटनेस को देखा जाता है। ब्लड प्रेशर की समस्या को नियंत्रित किया गया। फिर मरीज के कूल्हे में कृत्रिम अंग (प्रोस्थेसिस) प्रत्यारोपित किया गया जिसमें लगभग 45 मिनट का समय लगा। ऑपरेशन सफल रहा। सर्जरी के बाद मरीज को ऑब्जर्वेशन के लिए एक दिन आईसीयू में रखा गया। स्वस्थ होने पर उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से एनेस्थिसियोलॉजी विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. निरुपमा बंसल ने बताया कि सर्जरी एक तनावपूर्ण प्रोसीजर है। इस उम्र में मरीज में स्ट्रेस झेलने की क्षमता काफी कम हो जाती है। मरीज को बेहोशी देना भी तनावपूर्ण होता है।



मरीज के साथ क्यूआरजी अस्पताल के आर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर डॉ. सुमित बत्रा और हड्डी रोग विशेष डॉ. अंकित चावला।

# हर घर तिरंगा की जागरुकता साइकिल रैली



साइकिल रैली निकाल कर हर घर तिरंगा को लेकर लोगों को जागरूक करते अशोक मेमोरिल पब्लिक स्कूल के बच्चे।

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले समारोह आजादी का अमृत महोत्सव में अशोक मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका प्रमुख आकर्षण गत छह अगस्त को होने वाली साइकिल रैली थी। उत्साहपूर्ण वातावरण में यह रैली विद्यालय से प्रारंभ होते हुए सेक्टर 37 और सराय तक गई। इसमें लगभग 125 बच्चों ने भाग लिया।

विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा अभियान से लोगों को अवगत कराया और जन मानस को स्वयं के माध्यम से देश की आजादी के लिए और सुरक्षा के लिए दी गई शहादत पर शहीदों की याद में देश से जोड़ने का प्रयास किया। साइकिल रैली को प्रधानाचार्या ममता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतिमा ओबरॉय, प्रीति तनेजा एवं विद्यालय के पीटीआई ने विद्यार्थियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए रैली के लिए रवाना किया। यह रैली अत्यंत अनुशासित और सफल रही।

# पुरानी तो पुरानी, नई सड़कें भी हो रही हैं जानलेवा

## नई बनी सड़कों पर हो रही लोगों को परेशानी, ग्रेटर फरीदाबाद की अनेक सड़कों पर गड्ढे

**कविता।** फरीदाबाद



सेक्टर-10 में नई बनी सड़क का खाली किनारा, यहां अंधेरे में गाड़िया पहुंच जाती हैं।



सड़क से नीचे सेक्टर-12 स्थित सड़क पर जोकि नेशनल हाईवे को जोड़ती है, वहां मौजूद गहरे गड्ढे।

**शहर** में जहां एक तरफ विकास कार्य तेजी से किए जाने के दावे जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे है। शहर की पुरानी खस्ता सड़कों के कारण पहले ही सड़क दुर्घटनाएं हो रही थीं। अब लापरवाही के कारण नई बनी सड़कें लोगों की जान की दुश्मन बन रही हैं। शहर में आज ऐसा कोई भी वार्ड नहीं है, जिसकी कोई सड़क खस्ताहाल न हो चुका है। जिसके कारण सड़कों से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

**लगता है जाम :** शहर की खस्ता हाल सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण जिले के विभिन्न हिस्सों में आए दिन लम्बा जाम लग जाता है। वहं दूसरी तरफ सड़कों पर गड्ढों में भरे पानी के कारण दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

**नई सड़कें खतरनाक :** शहर के विभिन्न इलाकों नई बन रही सड़कों का कार्य धीमी गति से किया जा रहा है। जिसके कारण शहरवासियों को परेशानियां हो रही है। वहीं दूसरी तरफ सड़कों का निर्माण कार्य ऐसा किया जा रहा है कि जिसके कारण लोग परेशान हैं। पिछले कुछ समय से सेक्टर-10 में नई बनी सड़क के किनारे फुटपाथ बनाने का काम धीमा चल रहा है, जिसके कारण यहां आए दिन कोई न कोई गाड़ी सड़क से नीचे आधी गिर जाती है। यहां स्ट्रीट लाइट न होने के कारण रात के समय अधिक हादसे हो रहे हैं।

### सड़कों पर गहरे गड्ढे

**पॉश** सेक्टरों और जिला प्रशासन कार्यालयों की तरफ जाने वाली सड़क से लेकर कॉलोनियों, सेक्टरों से लेकर नहरपार के इलाकों में मौजूद सड़कों की हालत खस्ता है। सड़कों के बीच में और साइडों में खतरनाक व गहरे गड्ढे बने हुए हैं। जिसमें गिर कर लोग घायल तक हो रहे हैं। सड़कों पर मौजूद यह गड्ढे स्ट्रीट लाईट न होने पर रात में और बरसात के दिनों में लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। लेकिन इस तरफ न तो जिला प्रशासन ध्यान दे रहा है, न ही निगम। जबकि इस रोड पर फायर ब्रिगेड का दफ्तर भी है। गहरे गड्ढों के कारण यहां जाम लगता है, लेकिन इसके बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया पॉडकास्ट

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को बढ़ावा देने के लिए पॉडकास्ट शुरू किया है। पॉडकास्ट का उद्देश्य छात्रों को ध्वज के प्रति प्रेम, सम्मान और देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय ध्वज दिवस 2022 के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस अभियान की घोषणा की थी। पहला पॉडकास्ट सहायक प्रोफेसर डॉ. भारत धीमान और डॉ. तरुना नरूला के मार्गदर्शन में पत्रकारिता और जनसंचार के बीएजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अगम सिंह द्वारा लिखा और रिकॉर्ड किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## फ्लैट न मिलने पर निवेशकों ने किया बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन



बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट करते लोग।

**फरीदाबाद।** नहरपार के सेक्टर 76 में हाई राइज सोसाइटी बनाने का झांसा देकर लोगों के करोड़ों रुपये ऐंठने वाली ऐडल लैंडमार्क लिमिटेड के खिलाफ रविवार को फ्लैट खरीद कर पैसे फंसाने वाले लोग सैकड़ों की तादात में निर्माणाधीन सोसायटी परिसर में एकत्रित हुए। इस दौरान पीड़ितों ने बरसात की परवाह न करते हुए बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन जारी रखा। सोसायटी में 2010 से खरीदारों ने अपनी मेहनत की कमाई देकर बिल्डर से अपने सपनों का आशियाना बसाने के लिए फ्लैट सेक्टर 76 फरीदाबाद में लिया था। लोगों की मेहनत की कमाई हड़प करके बिल्डर ने अपने आपको एनसीएलटी में जाकर दिवालिया घोषित करा लिया। अब लगभग 12 साल हो चुके हैं। लेकिन आज भी लोग भटक रहे हैं। ना उन्हें उनके घर मिले हैं ना ही पैसा वापस मिल रहा है। पीड़ित लोगों का कहना है कि इन दिनों निवेशकों द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके बाद हस्ताक्षरयुक्त शिकायत कार्रवाई के लिए पीएम और सीएम को भेजी जाएगी।

## टूटी सड़कें बयां कर रही भाजपा के विकास की सच्चाई : भड़ाना



गांव भाकरी में टूटी सड़कों और जलभराव को लेकर विरोध प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

**फरीदाबाद।** बड़खल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भांकरी में टूटी सड़कों, जलभराव व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश भड़ाना के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं ने गंदे पानी में बैठकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश जाहिर किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विधायक, निगमायुक्त व पार्षद सहित अन्य अधिकारियों को ज्ञापन देने के बावजूद आज तक यहां समस्याओं का निराकरण नहीं किया। खासकर सड़क की बात की जाए तो यहां टूटी सड़क के चलते लोगों को परेशानी होती है और लोग अक्सर इन टूटी सड़कों के चलते सड़क हादसों का शिकार हो जाते हैं लेकिन शासन व प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए आप नेता राकेश भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार की नीति और नीयत दोनों ही खराब है, लोगों को झूठे प्रलोभन दिखाकर सत्ता हथियाने के बाद अब यह सरकार लोगों की बजाए अपना विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज बड़खल क्षेत्र की तमाम सड़कें टूटी पड़ी हैं, मामूली बरसात में इनमें पानी भर जाता है और क्षेत्र की अनेक कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां पीने के पानी, ओवरफ्लो सीवरेज, कच्ची गलियों आदि की समस्या से लोग वर्षो से जूझ रहे हैं, लेकिन पिछले आठ सालों में यहां कोई विकास नहीं हुआ है, आज भी लोग यहां विकास की बाट जोह रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद राकेश भड़ाना, गौरव फागना, सतेंद्र फागना, महेश फागना, चंद्रवीर पासवान, पप्पू फागना, बृजेश फागना, बलराज फागना, आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## नेत्र एवं दंत जांच शिविर आयोजित



पर्वतीय कॉलोनी स्थित केडी पब्लिक स्कूल में आयोजित शिविर में नेत्र की जांच करते डॉक्टर।

**फरीदाबाद।** पर्वतीय कालोनी स्थित केडी पब्लिक सी.सै. स्कूल परिसर में मानव जनहित एकता परिषद के तत्वाधान में केवल प्रेम आंखों के अस्पताल द्वारा नेत्र जांच एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के डीएसपी राजेश चेची, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, शिक्षाविद् एवं भाजपा नेता अजय यादव, समाजसेवी सचिन तंवर, सीए अजीत पटवा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह, यादव सभा के अध्यक्ष हरिबाबू यादव, शिक्षाविद् राजेश मदान, सुशील अरोड़ा, अरुण पुण्डीर, नव प्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव, पूर्व पार्षद गजेन्द्र पाल सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे। पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, भाजपा नेता अजय यादव ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों का आमजन को फायदा उठाना चाहिए। सीए अजीत पटवा व सचिन तंवर ने केवल प्रेम अस्पताल द्वारा लोगों के नेत्र जांचों, आपरेशन निशुल्क किए जाते हैं। मौके पर लोगों का बीपी भी चेक किया। 400 लोगों ने नेत्र जांच तथा 180 लोगों ने दंत चिकित्सा शिविर का लाभ लिया। 15 लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयन किया गया।

## भाजपा राज में विकास से वंचित तिगांव क्षेत्रवासी : नागर



छज्जन नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व विधायक ललित नागर।

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पल्ला के छज्जन नगर में रविवार को स्थानीय निवासियों ने एक मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग में क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने शिरकत की और जन समस्याएं सुनीं। स्थानीय निवासियों ने पूर्व विधायक नागर को बताया कि उनकी कॉलोनी में ज्यादातर बिजली के खम्भे बदहाल है और कभी भी टूट सकते हैं, जिसके चलते यहां कभी भी कोई हादसा हो सकता है, इतना ही नहीं बल्कि लोगों के घरों तक बिजली के कनेक्शनों के लिए यहां स्थाई तारें भी नहीं है सभी ने अपनी तारें डाल रखी है वहीं नगर निगम ने यहां सीवर लाइन तो खोद दी, लेकिन उसे बंद नहीं किया, जिसके चलते यहां से आने वाले वाले लोगों और खासकर स्कूली बच्चों को परेशानी होती है। वहीं पीने के पानी की भी उनके यहां कोई स्थाई सप्लाई नहीं है, लोगों को निजी टैंकरों से पानी खरीदकर पीना पड़ता है लोगों ने बताया कि जलनिकासी का भी यहां कोई उचित समाधान नहीं है, जिसके चलते यहां मामूली बरसात में कई-कई फुट पानी जमा हो जाता है। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार ने आठ सालों में देश व प्रदेश के लोगों को महंगाई व भ्रष्टाचार की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्वयंभू स्मार्ट सिटी में हालात बद से बदत्तर हैं। मीटिंग में मन्नीलाल, रमेश चंद, जोगेंद्र सिंह, पंकज मास्टर जी, हीरा सिंह, भूपेन, कैलाश कुमार, नीरज कुमार, सोनू, टिंकू, इंद्रल आदि मौजूद थे।

## भगतों के तपोबल से चल रही है दुनिया : नागर

**फरीदाबाद।** तिगांव में स्वर्गीय शिरोमणी गुरु हरिचन्द भगतजी की 10वीं वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाई गई। प्रात: हवन के बाद भंडारे एवं जागरण का आयोजन किया। यहां माथा टेकने पहुंचे विधायक राजेश नागर ने कहा कि भारत की भूमि भगतों की भूमि है। भगतों की तपस्या के कारण ही यह धरती टिकी है और जीवन चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जहां मानवता का लोप हो रहा है वहीं यदि सबकुछ थमा हुआ है तो इसके पीछे गुरु हरिचन्द भगतजी जैसी शख्सियतों का तप है। उन्होंने असंख्य लोगों को धर्म की राह पर लगाकर जीवन को सुधारा। नागर ने कहा कि बाबा मोहनराम को मानने वाले भगतजी ने बहुत से लोगों पर उपकार किया है। हमें आज उनके मार्ग को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने भगत जी के भक्तों को गुरु की डोर पकड़े रहने के लिए कहा। इस अवसर पर भगतजी के शिष्य रोहताश भगतजी के संयोजन में कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुआ। वहीं जागरण पार्टी ने लोगों को सुमधुर भजनों से झुमा कर रख दिया।

# सीवर जाम और जलभराव रोकने को निगम ने चलाया अभियान

## अतिक्रमण हटवा कर किया सीवर जाम की समस्या का समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



नालों की सफाई करते नगर निगम के कर्मचारी।

**एनआइटी** इलाके के विभिन्न वार्डों में सीवर जाम की समस्या से लोग बुरी तरह परेशान हो चुके हैं। वहीं इन दिनों हो रही बरसात के कारण जगह जगह होने वाले जलभराव की वजह से लोगों को आने जाने में भारी परेशानी हो रही थी। ऐसे में इलाके लोगों द्वारा नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव से लगातार शिकायत की जा रही थी। समस्या के समाधान के लिए निगमायुक्त के आदेश पर शनिवार और रविवार को युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया गया।

निगम आयुक्त यशपाल यादव को वार्ड-11, 12, 14 और 15 के अधिकतर क्षेत्रों से सीवरेज बंद होने और जलभराव की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। निगमायुक्त ने उनको संज्ञान लेते हुए छह अगस्त को तीन कार्यकारी अभियंताओं के सुपरविजन में वार्ड-11, 12, 14 और 15 के उपरोक्त एरिया में सीवर लाइनों तथा नालों की सफाई के लिए टीमें बनाईं। इनके द्वारा प्रत्येक वार्ड, प्रत्येक गली में जाकर सीवर के ढक्कनों को हटवा कर निरीक्षण करने तथा सफाई करवाने के बारे निर्देश दिए। निगमायुक्त ने बड़े-बड़े नालों पर अतिक्रमण को हटाने व उनकी सफाई न होने के चलते बरसात के मौसम में जगह-जगह जलभराव होने के कारण संयुक्त आयुक्त एनआईटी, संयुक्त आयुक्त बल्लभगढ़ तथा अतिरिक्त निगमायुक्त की अध्यक्षता में तीन टीमों का गठन किया, जिसमें दो शिफ्टों में अलग-अलग सहायक अभियंताओं की ड्यूटी लगाकर नालों से अतिक्रमण हटाने और उनकी सफाई के निर्देश दिए।

इसी श्रृंखला में निगमायुक्त ने छह अगस्त को कई वार्डों के क्षेत्रों का दौरा किया तथा सख्त निर्देश दिए, जिन निर्देशों की पालना में रविवार सुबह से निगम अधिकारियों की टीमों ने जगह-जगह सीवर लाइनों की सफाई की और नालों से अतिक्रमण हटा कर उनकी सफाई कराई। इस अभियान में सभी डिवीजनों के कर्मचारियों तथा मशीनरी का उपयोग किया गया। निगम क्षेत्र में कई जगहों पर सीवरेज व नालों की सफाई करवाने को अभियान चलाया गया। प्रत्येक वार्ड में निगम अधिकारियों ने अपनी अपनी टीम के सदस्यों तथा कर्मचारियों की सहायता से बड़े-बड़े नालों की जेसीबी मशीन की सहायता से सफाई कराई। उनके द्वारा अजरौंदा चौक वाला नाला, प्याली से सारन चौक का नाला, वार्ड-14 स्थित नर्सरी बाग वाला नाला, 2 नंबर स्थित पंचकुईयां रोड वाला नाला तथा वार्ड-11 स्थित नाले और एनएच-2 नाला, एनएच-5 नाला,1 सी ब्लाक, 1 बी ब्लाक, कृष्णा नगर नीलम अजरौंदा नाला, 2ए/14 अरावली गोल्फ कोर्स तथा शहीद भगत सिंह मार्ग में पड़ने वाले नालाें आदि की जेसीबी मशीन से सफाई करवाई गई।

इसके अतिरिक्त निगम अधिकारियों ने आरटीआई रोड 2एच ब्लाक, डबुआ कालोनी सब्जी मंडी, वार्ड-1 तथा एनएच-1 के नालों के ऊपर से अतिक्रमण हटाया। इस सफाई अभियान को सफल बनाने के लिये सभी डिवीजनों से जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉलियां, डम्परों, सुपर शॉकर मशीन आदि मंगाकर वार्ड-11, 12, 14 और 15 में प्रयोग किया गया।

## अमेंडमेंट बिल के खिलाफ बिजली कर्मियों का प्रदर्शन आज : लाम्बा



सर्कल कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष लांबा।

**फरीदाबाद।** बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर सोमवार को संसद में पेश किए जा रहे बिजली (अमेंडमेंट) बिल 2022 के खिलाफ राज्य भर में काम छोड़ प्रदर्शन करेंगे। इन प्रदर्शनों में बिजली कर्मचारी व इंजीनियर भी शामिल होंगे। बिजली (अमेंडमेंट) बिल के खिलाफ सोमवार को होने वाले प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर रविवार को आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी की अध्यक्षता में सर्कल कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार सोमवार को सुबह बिजली कर्मचारी सभी सब डिवीजनों में इकट्ठा होंगे और वहां केन्द्र सरकार व बिजली अमेंडमेंट बिल के खिलाफ नारेबाजी करेंगे। इसके बाद बिजली कर्मचारी सब डिवीजनों से मोटरसाइकिल पर सवार होकर सेक्टर 23 सर्कल आफिस के लिए कूच करेंगे। सर्कल आफिस पर दिनभर प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष व एएचपीसी वर्कर यूनियन के उप प्रधान सुभाष लांबा के अलावा सीसी सदस्य डाल चंद शर्मा, मनोज जाखड़, यूनिट कमेटी के नेता रामकेश, दिनेश शर्मा, भूप सिंह, देवेन्द्र त्यागी, गिरीश राजपूत, वेद प्रकाश आदि मौजूद थे। प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि बिल में कंज्यूमर को सर्विस प्रोवाइडर बदलने की च्वाइस की बजाय बिजली वितरण के दिए जाने वाले लाइसेंसी को उपभोक्ता चुनने की च्वाइस होगी। बैठक को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि अगर सोमवार को संसद में पेश किया जा रहा बिजली बिल 2022 पास हुआ तो बिजली की दरों में भारी बढ़ोतरी होगी और सब्सिडी समाप्त हो जाएगी, जिसके कारण बिजली के गरीब उपभोक्ताओं एवं किसानों की पहुंच से बाहर हो जाएगी।

## नृत्यांगना गीता चंद्रन ने प्रस्तुत किया सिम्हिका: वन की पुत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**नृत्य** महज कुछ भाव-भंगिमाओं के साथ की गई प्रस्तुति केवल नहीं होती है। नृत्य वह है जो अपनी लय और ताल के साथ परत-दर-परत एक पूरी कहानी को हमारे सामने प्रस्तुत कर दे। शनिवार की शाम इंडिया हैबिटेट सेंटर के स्टेन ऑडिटोरियम में पद्मश्री से सम्मानित नृत्यांगना गीता चंद्रन ने अपनी नवीनतम प्रस्तुति सिम्हिका: वन की पुत्री के माध्यम से नृत्य के उसी स्वरूप का प्रदर्शन किया।

सिम्हिका मूलत : एक काल्पनिक चरित्र है, जिसे कोट्टायम थंपुरन ने कथकली नृत्य के तहत थिएटर प्रस्तुति के लिए रचा है। मूल नाटक किमिरा वधम में कथकली नृतक सिम्हिका की कहानी को प्रस्तुत करते हैं, जिसका चित्रण मूलत: एक राक्षसी के रूप में होता है। नृत्यांगना गीता चंद्रन ने सिम्हिका को एक नया स्वरूप दिया है। उन्होंने भरतनाट्यम की तकनीक अनावरण के माध्यम से इस नायिका के विचारों को परत-दर-परत सामने रखा। इसमें नायिका के विचार एवं द्वंद्व को सामने रखा गया। गीता चंद्रन ने स्वयं को एक महिला, एक पत्नी और वन की पुत्री के रूप में प्रस्तुत किया, ऐसी नायिका, जो परिस्थितियों का शिकार है। इस प्रस्तुति में वन भी कभी सखी और राजदार बन जाता है, तो कभी साक्षी बन जाता है। वही पोषक भी है और वही विश्वासघाती भी। और कई बार सभी दर्शकों की तरह वन भी अन्याय एवं पितृ सत्तात्मकता का मूक दर्शक बनकर रह जाता है। रूपांतर के माध्यम से सिम्हिका में आने वाला बदलाव हमें दिखाता है कि किस तरह से हम बस किसी के बाहरी स्वरूप को देखकर ही उसके बारे में धारणा बना लेते हैं। सिम्हिका की कहानी त्रेता युग में महाभारत के काल में स्थापित है।

## भरतनाट्यम की परम्परा को आगे ले जाने के लिए तैयार हैं यदावी शकधर मेनन

### गीता चंद्रन की शिष्या यदावी शकधर मेनन ने अपनी पहली एकल प्रस्तुति से मोहा मन...

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**त्योहारों** का सीजन, भीनी-भीनी बरसात और नृत्य की झंकार इन तीनों का संयोजन रविवार की शाम को बखूबी सजा नई दिल्ली स्थित चिन्मया मिशन सभागार में। मौका था पद्मश्री गीता चन्द्रन की शिष्या यदावी शकधर मेनन की पहली एकल प्रस्तति यानि उनके अरंगेत्रम का। जहां उन्होंने अपने कला-कौशल और मनभावन भरतनाट्यम से उपस्थित मेहमानों एवं अन्य का मन मोह लिया। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम बतौर मुख्यातिथि उपस्थित थे। उनके अतिरिक्त आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनदीप सिंह पुरी भी उपस्थित थे।



किसी भरतनाट्यम नृत्यांगना के जीवन में अरंगेत्रम उसके करियर का बहुत अहम क्षण होता है। जब गुरु को विश्वास हो जाता है कि शिष्य अकेले प्रस्तुति देने में सक्षम हो गया है, तब उसके लिए अरंगेत्रम का आयोजन किया जाता है। वास्तव में अरंगेत्रम शिष्य के लिए ही नहीं, वरन उनके गुरु के लिए भी सम्मान का क्षण होता है। यदावी शकधर मेनन ने अपने अरंगेत्रम की शुरुआत मल्लारी (अड़ तालम) से की। उसके बाद उन्होंने जतिस्वरम (काणड़ा रागम), वरनम (रागम पूर्वी कल्याणी), शिव स्तुति (रागम हंसध्वनी), मीरा भजन (रागम मांड) की प्रस्तुति दी और अंतत: तिल्लाना (रागम रागेश्री) के साथ भरतनाट्यम नृत्य से सजी इस संध्या का समापन किया। यदावी शकधर मेनन को उनकी प्रस्तुति में गुरु गीता चंद्रन (नट्टुवंगम), सुधा रघुरामन (गायन), मनोहर बालातचंदीरेन (मृदंग), वरुण राजशेखरन (घटम), जी रघुरमन (बांसुरी) और जी राघवेंद्र प्रसाद (वायलिन) ने संगत दी।

प्रस्तुति के उपरान्त गुरु गीता चन्द्रन ने गले गलाकर यदावी को बधाई एवं आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा, एक शिष्या का अरंगेत्रम उसके एवं गुरू के लिए उत्साहित करने के साथ-साथ नर्वस करने वाला क्षण होता है। लेकिन यदावी शकधर मेनन ने यहां जिस तरह से प्रस्तुति दी है क्या लाजवाब, गौरवपूर्ण क्षण है। यहां मौजूद दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट उनके कला-कौशल और शानदार प्रतिभा का अभिवादन कर रही है।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राजीव कुमार की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल बेचने जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम महाबीर और सूरज है। आरोपी महाबीर पलवल के गांव सिलौटी का तथा आरोपी सूरज औखला, हरकेश नगर दिल्ली का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियो को जेसीबी चौक पर चेकिंग के दौरान काबू किया है। आरोपियो से मोटरसाइकिल के कागजात मांगे तो पेश नहीं कर पाए। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि आरोपियों ने बाइक दिल्ली के औखला से बेचने की नीयत से चोरी की। आरोपी अब बाइक बेचने के लिए पलवल ले जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के संबंध में दिल्ली पुलिस को सूचना दे दी गई है।

## जेवेलिन चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने खूब जीते पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



विजेता खिलाड़ियों को पदक और नकद पुरस्कार राशि प्रदान करते हुए भीम चोपड़ा और महासचिव राजकुमार मिटान।

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छह से सात अगस्त तक होने वाली दो दिवसीय पहली नीरज चोपड़ा हरियाणा राज्य जेवेलिन थ्रो चैंपियनशिप कर्ण स्टेडियम करनाल में सभी जिलों के 163 एथलीट खिलाड़ियों ने भाग लिया।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि कर्ण स्टेडियम करनाल में हुई दो दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन नीरज चोपड़ा खंडरा निवासी (पानीपत) द्वारा टोक्यो (जापान) ओलम्पिक में सात अगस्त को स्वर्ण पदक जीतने के उपलक्ष्य में किया गया और चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि भीम सिंह चोपडा खंडरा (पानीपत) नीरज चोपड़ा के चाचा ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक और नकद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया और महिला और पुरुष वर्ग के बैस्ट जेवेलिन थ्रो खिलाडी को 11000, 11000 रुपये की राशि अपने निजी कोष से प्रदान की। ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने अमेरिका से फोन पर लाइव होकर चैंपियनशिप में भाग ले रहे सभी एथलीट खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और भविष्य में अच्छा खिलाड़ी बनने का आशीर्वाद प्रदान किया। राजकुमार मिटान ने बताया कि 14 साल आयु वर्ग लड़का में विकास (करनाल) ने 52 मीटर 34 सैंटीमीटर की जेवेलिन थ्रो कर स्वर्ण पदक, प्रिंस जटवाल (रोहतक) ने 48 मीटर 25 सैंटीमीटर की थ्रो रजत पदक और ओम बत्तन (करनाल) ने 47 मीटर 40 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक जीता। 16 साल आयु वर्ग लड़का में सागर रूहल (पानीपत) ने 56 मीटर 30 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक, आदित्य (जींद) ने 54 मीटर 27 सैंटीमीटर की थ्रो कर रजत पदक और आर्यन (झज्झर) ने 53 मीटर 30 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक जीता। 18 साल आयु वर्ग लड़का में यश (हिसार) ने 62 मीटर 15 सैंटीमीटर की थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता।

## बिजली बिल संशोधन 2022 को पारित नहीं किया जाए : सुनील



**फरीदाबाद।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने प्रदेश के सभी बिजली कर्मचारीयों और सभी बिजली संगठनों से अपील की है, कि सोमवार, 08 अगस्त को हरियाणा प्रदेश के सभी संगठन एकजुट होकर केंद्रीय विद्युत मंत्री आरके सिंह दवारा बिजली संशोधन बिल 2022 के संसद में रखने एवम उसे पारित कराये जाने की घोषणा का प्रादेशिक बिजली कर्मचारी पुरजोर विरोध करते करेंगे। सोमवार को हरियाणा प्रदेश की सभी सबडिवीजन कार्यालयों पर अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज कराएंगे। बिजली बिल अमेंडमेंट 2022 को लेकर देश के सभी कर्मचारी अधिकारियों में भारी रोष है। हरियाणा प्रदेश के सबसे बड़े बिजली कर्मचारियों के संगठन एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने प्रदेश के तमाम कर्मचारियों से आज पुरजोर विरोध करने की अपील की है।

## हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाएं रहीं प्रभावित



बीके अस्पताल में नारेबाजी करते एनएचएम के कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** नहीं खाने देगी ये सरकार... दो वक्त की रोटी के नारे के साथ रविवार को तीसरे दिन भी नेशनल हेल्थ मिशन के तहत लगे कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही। जिससे शहर के सभी डिलीवरी डिस्पेंसरियों में कामकाज प्रभावित रहा, तो वही दूसरी तरफ एंबुलैंस न मिलने के कारण मरीज डिस्पेंसरियों में परेशान रहे।

हालांकि बीके अस्पताल में मौजूद एम्बुलेंस कंट्रोल रूम को हरियाणा रोडवेज के ड्राईवरों ने चलाया, लेकिन सुविधा का लाभ डिस्पेंसरी बंद होने के कारण मरीज नहीं ले सके। कर्मचारियों ने एकजुट होकर बीके अस्पताल परिसर में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। वही दूसरी तरफ नेशनल हैल्थ मिशन दफ्तर पर सोमवार को कर्मचारियों मांगे न माने जाने पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। कर्मचारियों के न होने से सिविल अस्पतालों समेत डिस्पेंसरियों में कार्य ठप रहा। जिससे यहां आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। गौरतलब है कि एनएचएम (नेशनल हेल्थ मिशन) के तहत शहर में 700 से भी अधिक कर्मचारी कार्य कर रहे है। इसमें चिकित्सक, नर्स, लैब टेक्नीशियन, अन्य कर्मचारी शामिल है। पिछले तीन दिनों से सभी हड़ताल पर है। रविवार होने के बादवजूद कर्मचारी हड़ताल में शामिल रहे। जिससे डिस्पेंसरियों में आने वाले मरीजों को जहां दो दिनों तक चिकित्सकीय जांच की सुविधा मिली। तीसरे दिन की हड़ताल के कारण उन्हें इन सुविधाओं से भी वंचति रहने को मजबूर होना पड़ा।

# देश में हर हाथ को काम मिले, इसके लिए हथकरघा को बढ़ावा दें : राज्यपाल

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में कही यह बात

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत की उन्नति के लिए हर हाथ को काम मिलना चाहिए और यह लक्ष्य हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देकर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांवों में पहले हाथ से उत्पाद बनाने की परंपरा थी जिसने हमारी आर्थिक व्यवस्था को जिंदा रखा है। आज फिर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने की जरूरत है। यह बात उन्होंने रविवार को यहां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के मौके पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत कही।

उन्होंने गुरुग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह में हस्तशिल्पयों द्वारा अपने हाथ से बनाए उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी का बारीकी से



गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

अवलोकन किया। प्रदर्शनी को राज्यपाल ने रुचि लेकर देखा और हर स्टॉल पर रुक कर हस्तशिल्पकार से पूछा कि वह उत्पाद बनाने के लिए कच्चा माल कहां से लाते हैं, उत्पाद बनाने में कितना समय लगता है, उसके समूह में कितने व्यक्ति शामिल हैं, काम शुरू करने के लिए कितना पैसा लगाया था तथा उत्पादों की बिक्री की क्या व्यवस्था है। स्टॉल लगाने वाली ज्यादातर महिलाएं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली महिलाएं थी।

राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने कहा कि हाथ से बनी वस्तुएं अच्छी होती हैं, उनमें कोई मिलावट नहीं होती इसलिए उनकी कीमत भी ज्यादा होती है। उन्होंने हथकरघा कार्यों से जुड़ी महिलाओं का आह्वान किया कि वे अपने उत्पादों में ऐसी गुणवत्ता लाएं कि उनके उत्पाद देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी निर्यात हों। साथ ही उन्होंने कहा कि सच्चाई व ईमानदारी से काम करें और धनराशि का लेनदेन बैंक के माध्यम से करें। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 45 करोड़ लोगों के बैंक खाते खुलवाए थे। केंद्र व राज्य सरकार हथकरघा उद्योगों को बढ़ावा दे रही हैं। हरियाणा में पानीपत हथकरघा उद्योग का एक बड़ा केंद्र बन गया है। प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह की लगभग 50 महिलाओं ने भागीदारी की थी, जिन्हें राज्यपाल ने ढाई लाख रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला के गांव चंदू की महिला पूजा शर्मा ने गांव में रहते हुए खाने के ऐसे उत्पाद बनाए कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हें राष्ट्रपति ने सम्मानित किया, वह महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रविवार को गुरुग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह में तिरंगा वितरण केंद्र का भी रिबन काटकर शुभारंभ किया। इन वितरण केंद्रों के माध्यम से लोगों को खरीदने के लिए तिरंगे झंडे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

# राज्यपाल ने पत्रकार संजय मेहरा को किया सम्मानित



गुरुग्राम-महरौली रोड स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में रक्त दाता पत्रकार संजय मेहरा को बैज लगाकर सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

## रेडक्रॉस सोसायटी ने राजकीय कन्या महाविद्यालय में लगाया रक्तदान शिविर

**गुरुग्राम।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रविवार को यहां महरौली रोड स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में रक्त दान शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से लगाया। शिविर में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 22वीं बार रक्तदान करने पर पत्रकार संजय कुमार मेहरा को सम्मानित किया। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत शिविर में 75 यूनिट रक्तदान हुआ।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रक्त दाताओं को बैज लगाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा जरूरतमंदों को राहत सामग्री भी उनके कर कमलों से वितरित की गई। राज्यपाल दत्तात्रेय ने कहा कि वे प्रदेशवासियों को आजादी के अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं देते हैं। देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत अनेकों सामाजिक कार्य करके हम जनसेवा में आगे बढ़ रहे हैं। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी का ध्येय ही समाजसेवा है। हर जरूरतमंद, लाचार तक संस्था के सदस्य पहुंचकर उन्हें मदद करते हैं। शिविर में संयुक्त सचिव अनिल जोशी ने 79वीं बार रक्त दान किया। मंच संचालन संगीत विभाग के प्राध्यापक लोकेश शर्मा ने किया। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुषमा शर्मा, संयुक्त सचिव अनिल जोशी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है : सूरजपाल अम्मू



**सोहना।** थाईलैंड में हुए एशियन योगासन में सिल्वर मेडल जीतकर आई विजाता आर्य का परिजनों, रिश्तेदार और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने स्वागत सम्मान किया। विजाता आर्य ने विश्व चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल लेकर आने का आश्वासन दिया है। शहर के एक निजी रिसोर्ट में एशियन योगासन प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल विजेता डॉक्टर विजाता आर्य का अभिनंदन किया गया। जिसका आयोजन सोहना सांस्कृतिक मंच ने किया था। कार्यक्रम में संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सिल्वर मेडल विजेता डॉक्टर विजाता आर्य को शुभकामनाए दीं। डॉक्टर विजाता आर्य को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू ने कहा प्रतिभा किसी की भी मोहताज नहीं होती है। प्रतिभाशाली व्यक्ति अपनी मेहनत व कर्मों की बदौलत समाज में सम्मान प्राप्त करता है। समारोह में पहलवान सतबीर खटाना, व्यापारी अनुज गुप्ता, बिजली विभाग वरिष्ठ अधिकारी राजकुमार जाजोरिया, पार्षद राजकुमार गोयल एडवोकेट आदि मौजूद थे।

### हिरोशिमा दिवस - युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने हिरोशिमा दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर आह्वान किया कि युद्ध से किसी भी समस्या का समाधान नहीं प्राप्त किया जा सकता है। सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि परमाणु युग में अस्त्रों की स्पर्धा में विश्व में ऐसे राष्ट्र और व्यक्तियों का अभाव नहीं है जो व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए विश्व को परमाणु युद्ध की आग में झोंक सकते हैं। रविंद्र कुमार मनचन्दा ने हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराए जाने के बारे में बताते हुए कहा कि छह अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा नगर पर परमाणु बम गिराया था। इसके तीन दिन बाद जापान के अन्य नगर नागासाकी पर दूसरा परमाणु बम गिराया था। दोनों नगरों को पूर्ण रूप से नष्ट कर दिया गया। दो लाख से अधिक लोगों की बलि चढ़ा दी गई और जो बच गए उन का जीवन इस त्रासदी के साथ रहने के लिए अभिशप्त बन गया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने सुंदर संयोजन के लिए प्राध्यापिका मनीषा, शिवानी, कविता, सोनिया, कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका मोनिका, प्राध्यापिका शीतल एवम प्रतिभागी छात्राओं का सृष्टि का विनाश करने वाले शास्त्रों को त्याग कर वैश्विक शांति बनाए रखने का संदेश देने के लिए स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

### ग्रीन बैल्ट में चलाया पौधारोपण अभियान

**फरीदाबाद।** कपिला इंडस्ट्रीज एवं ग्रीन बिग्रेड द्वारा एफसीआई गोदाम के सामने वाली ग्रीन बैल्ट में पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के आयुक्त यशपाल यादव ने ग्रीन बैल्ट में पौधा लगाकर की। उनके साथ मिलकर ग्रीन बिग्रेड के सदस्यों ने भी ग्रीन बैल्ट में 40 सैकेंड में 40 पौधे लगाकर कीर्तिमान स्थापित किया। सभी टीम के सदस्यों ने अपने द्वारा लगाए हुए पेड़ों पर फ्रेंडशिप बैंड बांधकर उनके संरक्षण की शपथ ली। संचालन गौरव अरोड़ा ने किया। इस आयोजन को और खूबसूरत बनाने के लिये बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के ऊपर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर निगमायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है क्योंकि हमारे चारों तरफ ग्लोबल वार्मिगं तेजी से फैल रहा है, इसलिए हम लोगों की आने वाली पीढ़ियों को बचाने के लिए पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना बहुत जरूरी है। निगमायुक्त ने बताया कि वृक्षारोपण - एक पहल की ग्रीन ब्रिगेड पर्यावरण संरक्षण के अलावा रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त भारत, कोविड वैक्सिनेशन कैम्प इत्यादि का भी सफल आयोजन कर चुकी है। उन्होंने कपिला इंडस्ट्रीज और ग्रीन बिग्रेड के इन अच्छे कामों के लिए प्रशंसा भी की।

# ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन करे सरकार : सुशील

## एक दर्जन ब्राह्मण संस्थाओं ने मिलकर किया कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन रजि. गुड़गांव के प्रयास से सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में एक दर्जन ब्राह्मण संस्थाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी, उद्योगपति सुशील भारद्वाज वजीराबाद थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पीडी शर्मा पूर्व जिला राजस्व अधिकारी ने की। विशिष्ट अतिथि रघुवर दयाल भारद्वाज सदस्य श्री शीतला माता बोर्ड, कल्याण शर्मा पूर्व आईआरएस रहे।

जिनमें मुख्य रुप से ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अजय शर्मा, ब्राह्मण विकास परिषद सेक्टर-4 मनोज भारद्वाज, ब्राह्मण विकास संगठन सुरेंद्र शर्मा, ब्राह्मण सभा झाड़सा शिव कुमार, ब्राह्मण सभा गुड़गांव गांव टीपी शर्मा, अखिल भारतवर्षीय श्री चौरासिया ब्राह्मण महासभा कमल शर्मा, अखिल भारतीय शर्मा महासभा आरएल शर्मा एडवोकेट, पूर्व जिला राजस्व अधिकारी पीडी शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम के आयोजक व ब्राहमण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि सभी ब्राह्मण संस्थाओं को एक मंच पर लाने का हमारा प्रयास है। जिसके लिए अति शीघ्र 21 सदस्यों की एक कमेटी गठित की जाएगी।

मुख्य अतिथि समाजसेवी सुशील भारद्वाज वजीराबाद ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव दुनिया को ज्ञान व दान दिया है।

# बिजली कटौती से आक्रोशित लोगों ने रात में दिया धरना

## एसडीओ ने एक घंटे में खराब बिजली सप्लाई चालू कराई

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**शनिवार** शाम से देर रात तक शहर के दो अलग-अलग फीडरों पर लगे छह घंटे के कट से परेशान बिजली उपभोक्ताओं ने गुरुग्राम-सोहना मार्ग पर बैठकर धरना दिया। जिससे एलिवेटेड मार्ग पर दौड़ने वाले वाहनों का पहिया एक दम से थम गया। मौके पर पहुंचे बिजली निगम के एसडीओ द्वारा एक घंटे में खराब बिजली सप्लाई चालू कराने के बाद लोगों ने जाम खोला।

शनिवार के दिन उमस भरी गर्मी होने के कारण लोगों को बिजली के लगने वाले कटों से परेशानी हो रही थी। भारी कटों के कारण घरों में लगे



शनिवार रात 11 बजे सोहना के दमदमा मोड़ पर एलिवेटेड मार्ग पर बिजली की छह घंटे की कटौती के विरोध में धरने पर बैठे लोग।

इंवेटर नहीं चल पा रहे थे। शनिवार को सायं छह बजे आर/सिरो 66 केवीए पावर हाउस के अंदर केबल में विस्फोट के कारण सिटी 1, सिटी 2, एमएमटीसी, अभयपुर जोन, मोहम्मदपुर, ब्रीज, रंधावा, जीएलएस, एल्डेगो, अरेटे, सिग्नेचर, सेंट पैट्रिक फीडर बंद हो गए। एचवीपीएनएल स्टाफ इस पर कार्य को तुरन्त ठीक करने में जुट गया। लेकिन फाल्ट बड़ा होने के कारण समय लग रहा था। जिससे रात्रि 11 बजे तक बिजली सप्लाई नहीं आ सकी।

**सब्र का बांध टूटा :** आखिर बिजली का इंतजार करते-करते बिजली लोगों के सब्र का बांध रात 11 बजे टूट गया। सोशल मीडिया के माध्यम से मात्र 10 मिनट में सैकड़ों की संख्या में लोग एलिवेटेड मार्ग के दमदमा मोड़ पर पहुंच गए। जहां चंद मिनटों में एकजुट हुए भीड़ सड़क के बीच में धरना देकर बैठ गए। जिससे एलिवेटेड मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

सतबीर पहलवान ने बताया कि सोमवार व मंगलवार तक निगम अधिकारी बिजली के लग रहे कटों की कमियां दूर कर लें। यदि मंगलवार तक कोई सुधार नहीं होता है तो पावर हाउस को ताला लगा देंगे और अधिकारी व कर्मचारियों को बाहर बैठना पड़ सकता है।

बिजली निगम के एसडीओ राहुल यादन ने बताया कि पावर हाउस के अंदर अचानक से बादशाहपुर से आ रही टी/वन, टी/एफ लाइन की केबल फट गई है। जिसे जोड़ने में समय लग रहा था। जल्द ही केबल बदलने का कार्य किया जा रहा है। उसके तुरन्त ठीक होने पर बिजली की लाइनों को चालू कर दिया जाएगा।

# राज्यपाल ने कैनविन फाउंडेशन के काम को सराहा

## आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत रक्त दान शिविर में संस्थापक डॉ. डीपी गोयल को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**रविवार** को यहां महरौली रोड स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा लगाए गए रक्त दान शिविर में मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने एक बार फिर से कैनविन फाउंडेशन के काम की सराहना करते हुए कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल एवं सह-संस्थापक नवीन गोयल को अपनी शुभकामनाएं दी। डा. डीपी गोयल को उन्होंने सम्मानित भी किया।





गुरुग्राम में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. डीपी गोयल को सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत लगाए गए इस शिविर में कैनविन फाउंडेशन की टीम का विशेष सहयोग रहा और कुल 75 यूनिट रक्त में से 34 यूनिट रक्त का योगदान कैनविन फाउंडेशन ने दिया। रक्त दान शिविर का रिब्बन काटकर उद्घाटन करने के बाद राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रक्त दान कर रहे युवाओं से मुलाकात की और उन्हें बैज लगाकर सम्मानित भी किया। इस दौरान डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने उन्हें कैनविन फाउंडेशन की टीम से रक्त दान कर रहे युवक-युवतियों का परिचय कराया और उनके कार्य से अवगत कराया। कैनविन फाउंडेशन के समाजसेवा के कार्यों से पहले से ही परिचित राज्यपाल डा. दत्तात्रेय ने सभी युवाओं को ऐसे ही समाजसेवा करते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हम अपने लिए कुछ भी कर लें, लेकिन जब तक समाज के लिए कुछ ना करें तब तक हमारे जीवन का कोई महत्व नहीं।

डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने राज्यपाल डा. बंडारू दत्तात्रेय को विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी इसी तरह से पूरी निष्ठा और लगन के साथ समाजसेवा के कार्य जारी रहेंगे। कैनविन फाउंडेशन के स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार काम जारी रहते हैं। कोरोना काल में भी जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर प्लाज्मा डोनेशन, रक्त दान के साथ जरूरतमंदों तक ऑक्सीजन और दवाइयां पहुंचाने का भी काम किया गया। जब कोविड पीक पर था और लोगों को उपचार की दिक्कत आ रही थी, जब कोविड अस्पताल बनाकर कोरोना संक्रमितों का जीवन बचाने के लिए काम किया गया।

# राहगिरी कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों पर झूमे शहरवासी

## देश भक्ति के रंगों से सजी रविवार की सुबह

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रृंखला और हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को सुबह सेक्टर-14 की मेन मार्किट मे जिला प्रशासन द्वारा राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जहां एक तरफबच्चे, बूढ़े और जवान देशभक्ति गीतों पर झूमें वहीं दूसरी और नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर लोगों के लिए कई तरह की हर घर तिरंगा अभियान तथा आजादी के अमृत महोत्सव पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी जिनमें लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। गुरुग्राम के अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने राहगिरी कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चौधरी तथा नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय यादव भी उपस्थित रहे। अतिरिक्त उपायुक्त



गुरुग्राम में राहगिरी कार्यक्रम में तिरंगे लहराते एडीसी विश्राम कुमार मीणा, एसडीएम अंकिता चौधरी व आमजन।

ने नागरिकों से 13 से 15 अगस्त के बीच अपने अपने घरों, दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया।

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों में उत्साह इस कदर था कि सुबह 6 बजे से ही लोग सेक्टर 14, एचएसवीपी की मेन मार्केट में एकत्रित हो गए थे। देखते ही देखते भारी संख्या में लोग राहगिरी में शामिल हो गए। राहगिरी कार्यक्रम का नजारा देखते ही बन रहा था। हर वर्ग के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे शामिल थे। राहगिरी कार्यक्रम में आदित्य व उनकी सहयोगी द्वारा जुंबा की भी शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा, राहगीरी कार्यक्रम में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक्रोबैट योगा के हैरतअंगेज कारनामे भी प्रस्तुत किए गए जिस पर उपस्थित दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। कलाकार योगी ने लाइव आर्ट पेंटिंग करते हुए लोगों में देशभक्ति की भावना को और अधिक बल दिया और अपनी कला का सभी को कायल बना दिया।

# बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने प्लैंकाथॉन में चीन को पीछे छोड़कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बजाज** आलियांज लाइफ इंश्योरेंस, जो कि भारत की प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक है, ने सबसे ज्यादा संख्या में लोगों द्वारा एब्डॉमिनल प्लैंक पोजिशन होल्ड करने के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रच दिया है। आज जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित बजाज आलियांज लाइफ प्लैंकाथॉन इवेंट में 4454 लोग एक मिनट के लिये एक साथ प्लैंक में रहे। कंपनी ने चीन के 3,118 लोगों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़कर यह उपलब्धि हासिल की है।





वर्ल्ड रिकॉर्ड पर बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर चंद्रमोहन मेहरा ने कहा, प्लैंकाथॉन पहल अच्छी सेहत और संपूर्ण तंदुरूस्ती के लिये हमारी प्रतिबद्धता दिखाती है। #PlankTo Thank मूवमेंट हमारे असली नायकों, यानि सशस्त्र बलों के प्रति आभार जताने के लिये सोचा और चलाया गया था, जिसे पूरे भारत से काफी अच्छा प्रतिसाद मिला और इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। स्वस्थ और प्रसन्न भारतीय भारत के जीवन लक्ष्यों का सबसे अच्छा बीमा हैं।

भारत का पहला एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली टीम के कप्तान कपिल देव ने कहा, मैं तंदुरूस्ती को प्रोत्साहित करने वाली यह पहल करने और हमारे असली नायकों के प्रति आभार जताने के लिये अपने प्लेटफॉर्म का अनोखे ढंग से इस्तेमाल करने पर बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस को बधाई देता हूँ। उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा लोग प्लैंक मूवमेंट में शामिल होंगे और खुद के लिये, अपने प्रियजनों और भारत के लिये संपूर्ण फिटनेस को अपनाएंगे।

प्लैंकाथॉन इवेंट के इस तीसरे संस्करण में बना नया विश्व रिकॉर्ड कंपनी की #PlankToThank पहल का हिस्सा है, जो 1 जुलाई, 2022 को शुरू हुई थी। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति आभार जताने के लिये कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्लैंकिंग के वीडियो या तस्वीरें शेयर करने का आमंत्रण दिया था। कंपनी ने भूतपूर्व सैनिकों की उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये धनराशि का योगदान भी किया है। तकनीकी कौशल, व्यवसाय में संरक्षण और पूंजी तक पहुंच देने वाले रीस्किलिंग प्रोग्राम को आईक्रिएट इंडिया के सहयोग में चलाया जाएगा।

तंदुरूस्ती को बढ़ावा देने के लिये, कंपनी 2018 से एक अनोखी और बड़ी भागीदारी वाली प्लैंक पहल चला रही है और संबद्ध भागीदारों के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों में योगदान भी दे रही है। पहला संस्करण #x{SecPlankChallenge हृदय फाउंडेशन के साथ भागीदारी में आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों के दिल की बीमारियों को ठीक करने से जुड़ा था।

# रुक-रुक कर हुई बारिश ने लोगों को घरों में कैद किया



**सोहना।** रविवार सुबह से शुरू हुई बारिश ने शहर को एक बार फिर जलमग्न कर दिया। शहर के बाजार और सड़कों पर जलभराव से व्यापारी और दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

रविवार सुबह छह बजे रुक-रुककर शुरु हुई बारिश ने लोगों को घरों में कैद होने के लिए मजबूर कर दिया। शहर के मुख्य बाजार हों या चौक-चौराहे सभी कुछ जलमग्न हो गए। बाईपास चौक से तावडू, पलवल, गुरुग्राम और नूंह मार्गों पर जलभराव हो गया। शहर निवासी ललित का कहना है कि शहर से बरसाती पानी मुख्य रूप से नागरिक अस्पताल के पीछे तथा बाईपास के पास डिस्पोजल पुलिया के यहां से बारिश के पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो रही है। नगर परिषद प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों द्वारा बरसाती नालों पर किए गए अवैध कब्जों के कारण तीन से चार फुट चौड़ा बना दिया है। जबकि इन नालों की पांच साल पहले तक चौड़ाई 20 से 30 फुट तक की थी। इन नालों की नियमित रूप से सफाई न होने के कारण कचरा से भरे हुए हैं। जिनके कारण पानी की निकास सही ढंग से नहीं हो पा रही है। बस स्टैंड मार्ग, अस्पताल मार्ग और बालूदा मार्ग पर बने बरसाती नालों की अवैध कब्जों की भरमार हो रही है।

# जीरो कॉस्ट टर्म इंश्योरेंस से सुनिश्चित करें अपना भविष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ

**आबादी** का एक बड़ा हिस्सा 60 साल की उम्र के बाद भी काम कर रहा है। जिसकी वजह से, जीवन बीमाकर्ता ऐसी पॉलिसी तैयार कर रहे हैं जो 60 से ज्यादा यहां तक कि 75 साल की उम्र तक भी अच्छी तरह से काम करती रहती हैं। चूंकि कई खरीदार 60 साल की उम्र के बाद कवर की जरूरत के लेकर अनिश्चित हैं, कंपनियां उनके लिए एक जीरो कॉस्ट एक्सटेंडेड टर्म कवर तैयार कर रही हैं, जहां पॉलिसीधारक को भुगतान किया गया प्रीमियम (ब्याज के बिना) वापस कर दिया जाता है अगर वे पॉलिसी को जल्दी रद्द कर देते हैं।

सज्जा प्रवीण चौधरी, बिजनेस हेड, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम, कई पॉलिसीधारक अनिश्चित हैं कि वे कब रिटायर होंगे और 75 साल की उम्र तक एक टर्म कवर लेना चाहते हैं। लेकिन एक संभावना है कि वे 60 साल की उम्र में रिटायर होने का



विकल्प चुन सकते हैं, या उनके परिवार के अच्छी तरह से व्यवस्थित होने और उनकी वित्तीय जरूरतों का ध्यान रखने के बाद उन्हें इंश्योरेंस की जरूरत नहीं हो सकती है। यह पॉलिसी उन्हें इसे जल्दी रद्द करने और लंबी अवधि के लिए भुगतान किए गए उच्च प्रीमियम को प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करती है।

बजाज आलियांज लाइफ और मैक्स लाइफ उन कंपनियों में शामिल हैं जिन्होंने ऐसी पॉलिसी शुरू की हैं और अन्य लाइफ कंपनियां उन पर काम कर रही हैं। कई देशों ने लाइफ एक्सपेक्टेंसी में वृद्धि के साथ अपनी रिटायरमेंट की उम्र बढ़ा दी है। हालांकि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाइफ इंश्योरेंस खरीदना कठिन है, और इस तरह के कवर की जरूरत पर अनिश्चितता भी है।

हालांकि ग्राहक सभी पॉलिसियों को रद्द कर सकते हैं, यह पहली बार है कि बीमाकर्ता जमा किए गए उच्च प्रीमियम को वापस कर रहे हैं। चूंकि बीमाकर्ता पॉलिसी की मैच्योरिटी के दौरान एक लेवल प्रीमियम लेते हैं, इसलिए 70 पर मैच्योर होने वाली पॉलिसी पर वार्षिक प्रीमियम 60 पर मैच्योर होने वाले प्रीमियम से ज्यादा होगा।

एक्सटेंडेड टर्म कवर का एक कारण लाइफ एक्सपेक्टेंसी में वृद्धि होना है। लेकिन यह देखते हुए कि कई खरीदार 60 के बाद इंश्योरेंस की आवश्यकता को लेकर सुनिश्चित नहीं हैं, और अगर पॉलिसीधारकों को लगता है कि उनका परिवार अब उन पर आर्थिक रूप से निर्भर नहीं है। कंपनियां उन्हें कॉन्ट्रेक्ट को बंद करने का विकल्प दे रही हैं।

# राहगीरी के दौरान देशभक्ति के गीतों पर झूमे मेवातवासी

## आजादी के अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा अभियान के तहत हुई राहगीरी

### एसडीएम रणबीर सिंह और डीएसपी सतीश वत्स ने राहगीरी में पहुंचने वालों का जताया आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात



राहगीरी कार्यक्रम में कला दिखाते छात्र और दूसरे चित्र में डांस करते लोग।

**आजादी** के अमृत महोत्सव वर्ष में हर घर तिरंगा अभियान के तहत फिरोजपुर झिरका में आयोजित राहगीरी में शहरवासी देशभक्ति के गीतों पर जमकर झूमे और हाथों तिरंगा लेकर भारत माता के गगनभेदी जयकारे लगाए। कार्यक्रम में अधिकारियों सहित अनेक स्कूली छात्र-छात्राओं ने राहगीरी के मंच पर गायन और नृत्य की शानदार प्रस्तुति देते हुए समा बांध दिया। कार्यक्रम में एसडीएम रणबीर सिंह और उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने राहगीरी में पंहुचकर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान भाव रखने वाले शहरवासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि तनाव मुक्त जीवन के लिए राहगीरी जैसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

खेल विभाग के कोचों ने अपनी-अपनी टीमों के खिलाड़ियों के साथ जमकर राहगीरी का आनंद लिया। आम शहरी भी मस्ती से झूमे और बच्चे योग आदि करते नजर आए। एसडीएम ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए राहगीरी का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अपने घर, कार्यालय, वाहन पर आजादी के पावन पर्व 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज फहराने से बड़ा कोई कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आज राहगीरी में तिरंगे ही तिरंगे नजर आ रहे हैं, ऐसा ही 13 से 15 अगस्त को होना चाहिए हर घर की छत पर तिरंगा लहराता हुआ दिखाई आना चाहिए। प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय ध्वज की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

उप पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स ने कहा कि राहगीरी आयोजन करने का यही मकसद रहा है कि आमजन तनाव मुक्त जीवन जीये। सड़क आमजन के लिए भी है। सनडे को सड़क पर बच्चों से लेकर बुर्जुगों तक अपनी रूचि के अनुसार मनोरंजन करना चाहिए। राहगीरी समाज को आपस में जोड़ने के लिए है। कार्यक्रम में मनीष जैन प्रधान नगर पालिका फिरोजपुर झिरका, आजाद मोहम्मद पूर्व डिप्टी स्पीकर, राजकुमार गर्ग, राकेश जैन समाजसेवी, सुनील जैन, राजेश बंसल, सुदर्शन, कुसुम मालिक व अनिल कौशिक सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। पुन्हाना में भी राहागीरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। नूंह में भी बरसात होने के बावजूद बच्चों ने उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियां दीं तथा बरसात भी उत्साह को कम नहीं कर सकी। बच्चे तिरंगे के साथ जय हिन्द के नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर एसडीएम अश्वनी कुमार, डीईईओ मुकेश कुमार, बीईओ सिद्दीकी अहमद, अशरफ मेवाती सहित अध्यापक गण व बच्चे मौजूद रहे।

# पांच जगह पकड़ी बिजली चोरी 12 लाख का जुर्माना लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

### पुन्हाना में छापेमारी के दौरान विद्युत चोरों में मचा रहा हड़कंप

### छापेमारी के दौरान स्थानीय पुलिस भी बिजली विभाग के साथ रही

**पुन्हाना** का बिजली विभाग बिजली चोरी को लेकर पूरी तरह गंभीर है। बिजली विभाग की टीम एसडीओ अशोक शर्मा की अगुवाई में सुबह 6 बजे शहर में अलग-अलग पांच जगहों से बिजली चोरी पकड़ी। टीम ने इस दौरान बिजली चोरों पर करीब 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इस दौरान स्थानीय पुलिस भी बिजली विभाग के साथ रही।

बिजली विभाग के एसडीओ अशोक कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि पुन्हाना शहर में चल रहे कुछ आरओ प्लांट पर बिजली की चोरी की जा रही है। शिकायत के बाद विभाग की टीम तैयार कर स्थानीय पुलिस का सहयोग लिया गया। सुबह 6 बजे उन्होंने जमालगढ़ रोड के पास सैनी बास में चल रहे मोहर सिंह आरओ प्लांट पर छापेमारी की, जहां बिजली चोरी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि इसी के साथ लगते लक्ष्मण के मकान में भी बिजली की चोरी पकड़ी गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने पुन्हाना थाना के सामने चल रहे कैलाश आरओ व सोनी नंदराम आरओ प्लांट पर चैकिंग की तो वहां भी चोरी से बिजली लगी हुई थी। एसडीओ ने बताया कि इसके बाद उन्होंने पुन्हाना होडल रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास साजिद टायर की दुकान पर छापेमारी की जिन्होंने दुकान में चोरी से बिजली लगाई हुई थी। पांच जगह से पकड़ी गई बिजली चोरी पर विभाग ने करीब 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एसडीओ ने जल्द ही जुर्माना करने के लिए उपरोक्त लोगों को नोटिस भेज दिए जाऐगें। जुर्माना की राशि ना भरने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीओ अशोक कुमार ने बताया की छापेमारी के दौरान उन्होंने कई जगहों पर एक ही मकान व दुकान में दो ट्रांसफर से केबल लगाई हुई है। ऐसे में केबल में फाल्ट होता है तो दोनों ट्रांसफार्मर को नुकसान होगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिजली चोरी कानूनन जुर्म है। विभाग द्वारा बिजली चोरी पकडो अभियान जारी रहेगा।


## संक्षिप्त समाचार

### अखिल हरियाणा स्वर्णकार संघ का अम्बाला में हुआ महा सम्मेलन



**चंडीगढ़।** अखिल हरियाणा स्वर्णकार संघ ने आज रविवार को अम्बाला में महा सम्मेलन का आयोजन धूमधाम से किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि करतार सिंह जीड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष,विशिष्ठ अतिथि गोविंद राम वर्मा राष्ट्रीय महासचिव रहे। वरिष्ठ सदस्य विजय मोहन वर्मा रायपुररानी ने बताया कि रविवार को महा सम्मेलन सैनी भवन नजदीक गुरूद्वारा श्रीमंजी साहिब जीअम्बाला शहर में आयोजित किया गया।जोगिन्द्र वर्मा, जिंदू, शहरी प्रधान अखिल हरियाणा स्वर्णकार संघ एराकेश वर्मा, भोल्ला, शहरी उप प्रधान अखिल हरियाणा स्वर्णकार संघ सुरिन्द्र भारद्वाज, शहरी कार्यकारिणी सदस्य अखिल हरियाणा स्वर्णकार संघ, अम्बाला शहरविनोद वर्मा अखिल हरियाणा स्वर्णकार संघ आदि शामिल रहे। महा सम्मेलन में कारोबारी एवं गैर कारोबारी स्वर्णकार बंधुओं को आ रही परेशानियों पर विचार किया गया महा सम्मेलन में सभी स्वर्णकार बंधु करतार सिंह जौड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ, गोविंद राम वर्मा, राजकुमार गामा ध्वजारोहण मुख्य अतिथि स्वागत समारोह वरिष्ठ नेताओं का स्वागत एवं सम्बोधन प्रीति भोज किया।

### गांजा तस्करी में 7 महीने से फरार आरोपी दबोचा



**मेवात।** जयसिंहपुर चौकी ने इस्लाम पुत्र जेनु निवासी मोहरू के नगला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जयसिंहपुर चौकी इंचार्ज ने बताया कि 11 जनवरी 2022 को 42 किलो 320 ग्राम गांजा पत्ती सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। वही मौके का फायदा उठाकर इस्लाम पुत्र जेनु भागने में कामयाब हो गया था। जिसे मुखबिर की सूचना पर जिला पलवल के सेक्टर-2 से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। एएसआई राहुल खान ने बताया कि हमारी टीम जयसिंहपुर नाका लगाकर चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि इस्लाम पुत्र जेनु निवासी मोहरू का नगला जिला पलवल के सेक्टर 2 घूम रहा है। अगर रेड की जाए तो आरोपी काबू में आ सकता है। मुखबिर की सूचना को सही मानकर टीम गठित कर मुखबिर के बताए हुए स्थान पर रेड डालकर आरोपी इस्लाम को काबू किया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी दूसरी जगह जाने की फिराक में था। वहीं चौकी इंचार्ज कंवर पाल ने बताया कि आरोपी इस्लाम को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### छात्रवृत्ति फार्म भरने से वंचित रहे खिलाड़ी 31 तक करें आवेदन

**मेवात।** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 के दौरान विभिन्न स्तर की खेल प्रतियोगिताओं की उपलब्धियों के आधार पर पात्र खिलाड़ियों से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस दौरान किसी कारण से आवेदन नहीं कर पाने वाले जिला के खिलाड़ी 31 अगस्त तक अपना आवेदन खेल विभाग के स्थानीय कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। डीसी अजय कुमार ने बताया कि निर्धारित तिथि तक यदि किसी कारणवश जिला का कोई खिलाड़ी अपना आवेदन पत्र जमा नहीं करवा सका तो वह अब आगामी 31 अगस्त तक जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकता है।जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम की उपनिदेशक निर्मला ने बताया कि छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र का नमूना, पात्रता व अन्य शर्तें विभागीय वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूहरियाणास्पोर्टडॉटोवडॉटइन पर उपलब्ध है। खिलाडी आवेदन पत्र के साथ खेल प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, रिहायशी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र की प्रतियां और नशीले पदार्थों एवं समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्त न होने के संबंध में शपथ पत्र साथ लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि देरी से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### भारत छोड़ो आंदोलन था, विश्व का सबसे बड़ा आंदोलन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने प्रदेशवासियों को आजादी के अमृत महोत्सव के साथ ही भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगांठ की बधाई देते हुए कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन, प्रजातांत्रिक तरीके से किया गया विश्व का सबसे बड़ा आंदोलन था। भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता सेनानी संगठन के तत्वावधान में सोनीपत के स्वतंत्रता सेनानी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने तिरंगा फहराते हुए भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर चरण वंदना की। इस दौरान उन्होंने वीर स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के साथ-साथ कारगिल के शहीदों को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन प्रजातांत्रिक तरीके से किया गया विश्व का सबसे बड़ा आंदोलन था। जिसके इतिहास को जिंदा रखा गया है। इसके लिए स्वतंत्रता सेनानी संगठन बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना उनके लिए सौभाग्य की बात है। बिजली मंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 13 से 15 अगस्त तक घर.घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि जन.जन तक झंडे को पहुंचाने के लिए यह बेहतरीन कार्यक्रम है। साथ हीए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सच्चा सम्मान यही है कि हम देश की एकता व अखंडता को बनाये रखें। देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी से करते हुए इसे और मजबूती प्रदान करें तथा देश के साथ जुड़ें रहें। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने झंडा गीत और वंदे मातरम की प्रस्तुतियां दी।

### विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए हुई दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा

**चंडीगढ़।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में आज बीएससी, आनर्ज, एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम, बीएससी आनर्ज, कम्यूनिटी साइंस चार वर्षीय पाठ्यक्रम, बीएससी एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट सहित मौलिक विज्ञान एवं मानविकीए मत्स्य विज्ञान व बायोटैकनॉलोजी और महाविद्यालयों के सभी एमएससी विषयों में दाखिले के लिए दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इनके अतिरिक्त, विवि के सभी महाविद्यालयों में पीएचडी में दाखिलों के लिए भी उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए गए थे जिनके चलते परीक्षा में किसी भी केन्द्र पर नकल या दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने का मामला प्रकाश में नहीं आया। इस प्रवेश परीक्षा के लिए विवि के अतिरिक्त हिसार शहर के 12 स्कूलों व कॉलेजों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।

पायनियर क्लासीफाइड

सार्वजनिक सूचना

मैं, उदयवीर पुत्र बोबदा व शारदा पत्नी उदयबीर निवासी झुग्गी सैक्टर 18, फरीदाबाद ने अपने पुत्र मोनू जो मेरे कहने से बाहर है, लड़ाई झगड़ा के कारण मैंने उसको अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी संबंध समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में यदि कोई उससे लेनदेन, गैर कानूनी कार्य करते हैं तो स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# कवि सम्मेलन में 75 कवियों को किया सम्मानित



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### राष्ट्रीय कवि संगम ने अमृत महोत्सव में किया आयोजन

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अनेक कार्यक्रम देश के कोने-कोने में आयोजित हो रहे हैं। उसी श्रृंखला में राष्ट्रीय कवि संगम प्रांत चंडीगढ़ द्वारा अमृत महोत्सव कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन सेक्टर-17ए चंडीगढ़ स्थित टी.एस. सेंट्रल स्टेट लाइब्रेरी के सहयोग से उनके सभागार में सम्पन्न हुआ।

संगम की प्रांत अध्यक्षा संतोष गर्ग एवं महासचिव अनिल शर्मा ने कड़े परिश्रम से ट्राई सिटी चंडीगढ़ में 75वीं वर्षगांठ को अनोखे ढंग से संयोजित करके एक कीर्तिमान स्थापित किया। राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 75 कवियों द्वारा काव्य पाठ हुआ और 75 कवियों को अमृत महोत्सव सम्मान-2022 से सम्मानित किया गया। ऐसा चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला में पहली बार हुआ।

ट्राइसिटी के जाने-माने समाजसेवी साहित्य प्रेमी आनंद गुप्ता इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल रहे और उन्होंने संस्था के ट्रस्टी विनोद बंसल के सान्निध्य में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# फसल अवशेष प्रबंधन के लिए किसान लें अनुदान

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में फ्सल अवशेष प्रबंधन के प्रोत्साहन हेतु वर्ष 2022-23 के दौरान फ सल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्र जैसे कि सुपर एसएमएसए बेलिंग मशीन, हैप्पी सीडर, रोटरी स्लेशर मास्टर, पैडी स्ट्रॉ चोपर, मल्चर, रिवर्सिबल प्लो, जीरो टिल ड्रिल, सुपर सीडर, ट्रैक्टर चालित, स्वचालित क्रॉप रीपर, रीपर कम बाईंडर पर अनुदान देने के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पंजीकृत किसान समूह, किसान उत्पादक संगठन, ग्राम पंचायत को कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापित करने के लिए 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि व व्यक्तिगत श्रेणी में 50 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि दी जायेगी। योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान विभाग के पोर्टल पर 25 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान : नूंह के ऐतिहासिक स्थानों पर सजेंगे सांस्कृतिक मंच

### 'हर घर तिरंगा' थीम पर आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात


तिरंगा यात्रा निकालते स्कूली बच्चे।

**आजादी** अमृत महोत्सव के तहत सरकार की ओर से स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन की ओर से महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल व डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन में जिला नूंह के ऐतिहासिक स्थानों पर 8 अगस्त व 9 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

सीइओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 अगस्त को प्रात: 11 बजे मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला में तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंगार व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भौंड उपमंडल फिरोजपुर झिरका में तथा इसी कडी में 9 अगस्त को प्रात 11 बजे यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घासेड़ा में हर घर तिरंगा थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

गौरतलब है कि मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला गांव में हजरत शेख मूसा की ऐतिहासिक मजार का निर्माण लगभग 700 वर्ष पूर्व किया गया था। अब यह मजार पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है। सिंगार उपमण्डल पुन्हाना जिला नूंह में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला गांव है, यहां पर श्रीकृष्ण भगवान का सबसे पुराना मन्दिर है। भोंड, उपमण्डल फिरोजपुर झिरका में लगभग 400 वर्ष पूर्व पांडव काल में देहरा मंदिर का निर्माण किया गया था। अब यह मन्दिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है। यासीन मेव डिग्री कॉलेज, नूंह, स्वर्गीय चौधरी मौहम्मद यासीन के नाम पर 1971 में स्थापित किया गया।

# अब दाखिले के समय ही विद्यार्थियों को मिलेंगी किताबें

## शिक्षा मंत्री कंवर पाल की जल्द ही सीएम मनोहर लाल के साथ होगी बैठक

**पायनियर समाचार सेव।** हरियाणा/चंडीगढ़

### कहा, टेंडर प्रक्रिया एक साल के बजाय होगी तीन साल तक के लिए लागू

**प्रदेश** के सरकारी स्कूलों में अब दाखिले के समय ही विद्यार्थियों को किताबें मिल जाएंगी। इसके लिए शिक्षा विभाग नई रणनीति तैयार कर रहा है। अब तक किताबों को लेकर टेंडर प्रक्रिया एक साल के लिए होती थी, लेकिन अब इसे तीन साल किया जा रहा है। ऐसा होने के बाद संबंधित फर्म की जिम्मेदारी होगी कि वह समय से किताबों का प्रकाशन कराकर विद्यार्थियों को दे। यही नहीं किताबें सत्र शुरू होने से ठीक पहले सभी स्कूलों में पहुंचानी होगी, ताकि जब भी कोई विद्यार्थी स्कूल में एडमिशन लेने के लिए आए तो उसे तुरंत किताबों का सेट उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिए शिक्षा मंत्री कंवर पाल की जल्द ही सीएम मनोहर लाल के साथ बैठक होगी।

किताबें देने में अब नहीं होगी देरी सहन नहीं

शिक्षा मंत्री का कहना है कि किताबें देने में देरी नहीं होनी चाहिए। विभाग की योजना है कि अगले साल से किताबों सत्र शुरू होने से पहले ही स्कूलों में पहुंच जाएं। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है। टेंडर अब तीन साल के लिए होंगे। यदि पाठयक्रम में कुछ बदलाव करना है तो इसे समय पूर्व किया जाएगा, ताकि बच्चों की पढ़ाई में किसी तरह की बाधा न आए। मंत्री के अनुसार अबकी बार भी किताबें वितरण में तीन माह तक की देरी हुई है और इसके लिए जो भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी हैं, उन पर कार्रवाई की गई है।

भविष्य में जब भी किताबें का वितरण किया जाएगा, इसके लिए पहले से नोडल ऑफिसर नियुक्त किए जाएंगे। ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। जब तक जिम्मेदारी नहीं होगीए तब तक कार्य समय से पूरा नहीं हो सकेगा।

# एनएचएम कर्मचारियों की बारिश में भी हड़ताल जारी रही

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**जिला** मेवात में एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। भारी बरसात के बावजूद कर्मचारी अपना घर परिवार छोड़ अपनी लंबित मांगों को लेकर सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा पहुंचे और हड़ताल पर बैठ गए।

कहा, मांगें पूरी नहीं हुईं तो एनएचएम कर्मचारी पंचकूला जाकर मिशन निदेशक का घेराव करेंगे। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 सालों से अधिक समय से कार्य कर रहे कर्मचारियों की बरखास्तगी के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इन आदेशों को तुरंत रद्द करने की मांग की। साथ ही यह फैसला लिया गया के कल अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारी पंचकूला पहुंच कर मिशन निदेशक एन0एच0एम0 कायार्लय का घेराव करेंगे और लम्बित मांगों को मनवाने हेतु आंदोलन को ओर तेज किया जाएगा। जब तक कर्मचारियों की बर्खास्तगी के आदेश रद्द नहीं हो जाते, सेवा सुरक्षा पर सरकार सहमति प्रदान नहीं करती व सातवें वेतन आयोग को लागू नहीं करती आंदोलन जारी रहेगा।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर पर तिरंगा शान से लहराएगा : चौधरी हुसैन

## देवबंद में उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी जाकिर हुसैन व क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकली

**पायनियर समाचार सेवा।** देवबन्द



**आज** उत्तर प्रदेश के देवबंद में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा-यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी जाकिर हुसैन रहे। तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक ने की। देवबन्द में निकाली गई अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा तिरंगा-यात्रा शानदार रही। जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लेकर देश के प्रति अपनी देशभक्ति व देश प्रेम जताया।

तिरंगा-यात्रा से पहले देवबंद पहुंचने पर मुख्य अतिथि चौधरी जाकिर हुसैन का जगह-जगह फूलमालाओं के साथ शानदार स्वागत किया गया तथा उन्हें मोटरसाईकिलों के लंबे काफिले के साथ तिरंगा-यात्रा स्थल तक पहुंचाया गया। लोगों में भारी जोश व उत्साह देखने को मिला। तिरंगा-यात्रा में देशभक्ति के गानों, हिंदुस्तान जिंदाबाद, हमारे देश की शान तिरंगा के नारों, वंदे मातरम, घर-घर तिरंगा के नारों से पूरा देवबन्द गूंज उठा।

तिरंगा-यात्रा के समापन के बाद देवबन्द कॉलेज ऑफ हायर एजूकेशन में मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ मुख्य अतिथि चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने बैठक की। बैठक में सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी जाकिर हुसैन ने सभी पदाधिकारियों से अपील की कि आजादी के अमृत महोत्सव पर 15 अगस्त तक तिरंगा-यात्रा, हर घर तिरंगा व 13 से 15 अगस्त चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत कई कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किए जा रहे हैं। देवबन्द में भी 15 अगस्त तक सभी कार्यक्रमों में हमें बढ़ चढ़कर भाग लेना है तथा लोगों में देश के प्रति देशभक्ति की भावना को जगाना है, देश के लिए जिन अमर शहीदों ने अपने प्राणों की कुर्बानी दीं उन्हें याद करना है। इसलिए सभी पदाधिकारी हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों में दिन-रात जुट जाएं।

पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने अल्पसंख्यक मोर्चा को इस अभियान की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है जो उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि घर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है। तिरंगा हमारे देश की शान है और ये हर भारतीय का कर्त्तव्य बनता है कि वो अपने घरों पर तिरंगा लहराएँ। इससे देश के लोगों में देश के प्रति देशभक्ति व देश के प्रति प्यार का संचार होगा। हर भारतीय गर्व महसूस करेगा। भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना पैदा करती है। देश के प्रति देशभक्ति हर हिंदुस्तानी के दिल में होनी चाहिए। हमारे देश को आजाद कराने के लिए हजारों लाखों लोगों ने कुर्बानियां दीं, हमें उनकी कुर्बानियों को भी नहीं भूलना चाहिए।

हुसैन ने कहा कि पिछले दिनों अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जमाल सिद्दीकी व राष्ट्रीय महामंत्री व राष्ट्रीय प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा डी पुरंदेश्वरी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन गरीब कल्याण पर्व मनाया गया जिसकी पटना में आयोजित संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी-बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रशंसा की तथा सराहनीय बताया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## ताइवान–चीन और अमेरिका

### ताइवान मुद्दा

**धरती** के एक कोने पर चल रहे रूस और यूक्रेन युद्ध के कारण पूरी दुनिया का हिसाब–किताब गड़बड़ा गया है। सैकड़ों लोग अकाल मौत मारे गए हैं और लाखों जिंदगियों पर इस युद्ध का असर पड़ा है। और अभी ये नहीं पता कि इसका अंतिम परिणाम क्या होगा। पश्चिमी देशों, खासकर अमेरिका से उम्मीदें थीं कि वह इस युद्ध में रूस के खिलाफ उसका साथ देगा, लेकिन फिलहाल यूक्रेनी सैनिक और आम आदमी ही अपनी जान गंवा रहे हैं। अब जंग के ऐसे ही हालात एशिया में चीन और ताइवान के बीच बनने लगे हैं। चीन की घुड़कियों के बावजूद अमेरिकी कांग्रेस की स्पीकर नैंसी पैलोसी ताइवान दौरे पर पहुंची। ऊंचे पद पर बैठे किसी अमेरिकी नेता की 25 सालों में यह पहली यात्रा है। जब नैंसी पैलोसी और एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल मलेशिया, द.कोरिया, जापान और सिंगापुर के दौरे के लिए निकला था, तो इसमें ताइवान पर पड़ाव की घोषणा नहीं थी। लेकिन अटकलें थीं कि नैंसी पैलोसी ताइवान जा सकती हैं। इस पर चीन ने सैन्य टकराव की धमकी दी थी। अगर अमेरिका इस धमकी से पीछे हटता तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी काफी किरकिरी होती। वैसे भी जिस तरह अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा फिर से कायम हुआ है, उसके बाद अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका की नीतियों और फैसलों पर सवाल उठने लगे हैं। अलकायदा के मुखिया अल जवाहिरी को ड्रोन हमले में मारकर अमेरिका ने अपनी साख थोड़ा संभालने की कोशिश की है। अब ताइवान के साथ खुलकर खड़ा होकर वह विश्व में अपना दबदबा फिर से साबित करना चाहता है। हालांकि अमेरिका के इस कदम से दुनिया फिर से दो गुटों में बंटती दिख रही है। क्योंकि अब रूस और उत्तर कोरिया ने इस मामले में चीन का साथ दिया है। रूस ने नैंसी पैलोसी की इस यात्रा को उकसाने के रूप में देखा है, जबकि उत्तर कोरिया ने इसे ताइवान के मुद्दे पर बाहरी हस्तक्षेप माना है।



आपको बता दें कि चीन ताइवान को एक अलग देश न मानकर अपने से अलग हुआ एक प्रांत मानता है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग कह चुके हैं कि ताइवान का %एकीकरण% पूरा होकर रहेगा। जबकि ताइवान खुद को एक स्वतंत्र देश मानता है जिसका अपना संविधान है और निर्वाचित सरकार है। भौगोलिक दृष्टि से चीन के दक्षिण–पूर्वी तट से लगभग 100 मील दूर स्थित ताइवान एक द्वीप है। 1949 में माओत्से तुंग के नेतृत्व में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने तत्कालीन सत्ताधारी नेशनलिस्ट पार्टी कुओमिंतांग पर जीत हासिल कर अपनी सत्ता स्थापित कर ली थी। इसके बाद कुओमिंतांग के लोग ताइवान चले गए थे। तब से लेकर अब तक कुओमिंतांग ताइवान की सबसे अहम पार्टी बनी हुई है। ताइवान की अपनी निर्वाचित सरकार है, लेकिन दुनिया के केवल 13 देश ही ताइवान को एक अलग और संप्रभु देश मानते हैं। अमेरिका के भी ताइवान के साथ आधिकारिक तौर पर राजनयिक संबंध नहीं हैं लेकिन अमेरिका ताइवान रिलेशंस एक्ट के तहत उसे हथियार बेचता है। इस क़ानून के मुताबिक अमेरिका ताइवान की आत्मरक्षा के लिए ज़रूरी मदद देगा। अमेरिका के आर्थिक और सामरिक हित जहां भी जुड़ते हैं, वहां इसी तरह के करार शक्ल ले लेते हैं। वैसे ताइवान फ़र्स्ट आइलैंड चेन यानी पहली द्वीप श्रृंखला नाम से कहे जाने वाले उन द्वीपों में गिना जाता है जो अमेरिकी विदेश नीति के लिए अहम माने जाने वाले क्षेत्रों के करीब हैं। अमेरिका की विदेश नीति के लिहाज़ से ये सभी द्वीप काफ़ी अहम हैं, इसलिए वह बिल्कुल नहीं चाहेगा कि ताइवान कभी चीन के कब्जे में जाए। क्योंकि ऐसा होता है तो फिर चीन पश्चिमी प्रशांत महासागर में अपना दबदबा बढ़ा सकता है, जिससे गुआम और हवाई द्वीपों पर मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकाने को भी ख़तरा हो सकता है। ताइवान की धरती पर अमेरिकी प्रतिनिधि के कदम को चीन ने घोर आपत्तिजनक माना है और कहा है कि अमेरिका लगातार वन चाइना पॉलिसी को चुनौती दे रहा है। ताइवान पर अमेरिका दबदबा दिखा रहा है, श्रीलंका पर चीन। दोनों अपनी सैन्य शक्ति से दुनिया में महाशक्तिमान होने का दावा कर रहे हैं। इन सबके बीच भारत के सामने अपनी विदेश नीति को फिर से परखने की जरूरत है कि पिछले कुछ सालों में गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत से विचलित होकर, पुराने मित्र देशों की नाराजगी की कीमत पर सैन्य और सामरिक शक्तियों के आगे झुकने से हमारा क्या नुकसान हुआ है और आगे क्या हो सकता है। युद्धों में उलझती दुनिया में गांधी और नेहरू जैसे विचारकों और शांति स्थापना करने वाले एक मजबूत संगठन की जरूरत है।

# संकट बना राज्यों का बेलगाम कर्ज

राज्यों के वित्त पर आरबीआई की रिपोर्ट चिन्ताजनक है। कुछ राज्य कर्ज लेने के असंवैधानिक तरीके भी अपनाने लगे हैं।



**जी. भट्टाचार्जी**
(लेखक, सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं)



भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई की जून बुलेटिन में शामिल आलेख का शीर्षक 'स्टेट फाइनेंस: अ रिस्क एनालिसिस' है। इसमें भारत के 10 सर्वाधिक कर्ज में डूबे राज्यों के सार्वजनिक वित्त का विश्लेषण कर सामान्य रूप से जोखिम के संकेतकों को परिभाषित किया गया है। इसे 'राज्यों की दीवालिया रिपोर्ट' कहना ज्यादा उचित होगा। इस तथ्य को सभी स्वीकार करते हैं कि वैश्विक महामारी के कारण सभी सरकारों की वित्तीय स्थिति पर भयानक नकारात्मक प्रभाव पड़े हैं, लेकिन राज्यों के वित्त पर इनका प्रभाव अत्यधिक गंभीर है। वैश्विक महामारी शुरू होने के पहले जहां अधिकांश राज्यों ने राजकोषीय दायित्व विधायनों–एफआरबीएम के परिपालन में अपना सकल राजकोषीय घाटा–जीएफडी अपने राज्य के घरेलू उत्पाद–जीएसडीपी की तीन प्रतिशत की सीमा में लाने में सफलता प्राप्त की थी। इसके बावजूद चार राज्य–आंध्र प्रदेश, केरल, पंजाब व राजस्थान इस सीमा से 0.5 प्रतिशत ऊपर थे। वैश्विक महामारी ने लंबे लाकडाउन व अन्य सीमाबंधनों के कारण सभी राज्यों का राजस्व सुखा दिया, जबकि उनका खर्च सब्सिडी के कारण बढ़ गया था जो गरीबों व संकटग्रस्त लोगों के जीवनयापन के लिए जरूरी हो गई थी। इसके परिणामस्वरूप लगभग सभी राज्यों ने एफआरबीएमए सीमा तोड़ी। इसके चलते बिहार का जीएफडी– जीएसडीपी अनुपात 11.5 तक पहुंच गया, जबकि यह पंजाब, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में क्रमश: 4.6, 5.2 व 4.3 प्रतिशत पहुंच गया था। इसके कारण राज्यों का कर्ज बढ़ा और उनका कर्ज–जीएसडीपी अनुपात सुरक्षित सीमाओं के बाहर निकल गया।

वैश्विक महामारी के कमजोर पड़ने के बाद तेजी से सुधार की आशा और इसके संकेत भी थे। लेकिन इसके बाद फूटे रूस–यूक्रेन युद्ध ने सुधार प्रक्रिया में बाधा डाली। 2022–23 के बजट अनुमानों के अनुसार कर्ज अनुपात 33.3 प्रतिशत से अधिक निकल गया, जबकि 15वें वित्त आयोग ने अनुमान लगाया था कि बिहार, राजस्थान व पश्चिम बंगाल के लिए यह सीमा तय की थी। केवल पंजाब का कर्ज अनुपात 2021–22 में 52.3 प्रतिशत था। लेकिन इससे वे राज्य हतोत्साहित नहीं हुए जो अपना लोकरंजक खर्च बढ़ा रहे थे। इससे निश्चित रूप से वे नीचे जाकर दीवालियापन के स्तर तक पहुंचेंगे जिसका संक्रामक असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ेगा। अंधाधुंध कर्ज लेने के नतीजे के रूप में श्रीलंका की घटनायें सामने आई हैं। इससे सबक लेने पर स्पष्ट है कि राज्यों का वित्त भी जोखिम में फंस सकता है।

आरबीआई पेपर में चेतावनी दी गई है कि 'इस संकटग्रस्त स्थिति को देखते हुए सामान्य समय में नकद सब्सिडी देने की प्रवृत्ति, प्रयोगकर्ता सेवाओं को मुफ्त करना, कुछ राज्यों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन पुनर्जीवित करने की योजनायें तथा भारत में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष गारंटी सिर पर तलवार की तरह लटकी हैं।' उपरोक्त राज्यों के साथ ही इन दस राज्यों में हरियाणा, झारखंड व मध्य प्रदेश भी शामिल हैं जिनका कुल खर्च राज्यों द्वारा खर्च का आधा है। उनके कुल खर्च में राजस्व खर्च 80 से 90 प्रतिशत है जिससे उनके पास वृद्धि हेतु पूंजीगत आबंटन के लिए बहुत कम पैसा बचता है। राजस्व खर्च में भी वेतन, पेंशन व ब्याज भुगतान पर खर्च हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल व पंजाब के लिए 35 प्रतिशत था। इससे विकास, सामाजिक व आर्थिक सेवाओं पर खर्च और सीमित होता है। अधिकांश अत्यधिक कर्ज वाले राज्यों में केवल पेंशन खर्च राजस्व खर्च के 10 प्रतिशत से अधिक है जो डीएसडीपी का लगभग 3 प्रतिशत है। इसके बावजूद राजस्थान व छत्तीसगढ़ ने अपने जोखिम पर पुरानी पेंशन योजना–ओपीएस लागू करने का निर्णय किया है। उन्होंने स्वयं को नई पेंशन योजना–एनपीएस से अलग कर लिया है जिससे सरकार का पेंशन बोझ काफी सीमा तक कम हुआ है। पश्चिम बंगाल भारत का अकेला ऐसा राज्य है जिसने कभी एनपीएस लागू नहीं की थी। कुछ अन्य राज्य भी बिना फंड वाली ओपीएस लागू करने पर विचार कर रहे हैं। इसकी फंडिंग केवल टैक्सों से होगी और यह भावी पीढ़ी पर बोझ होगी। इसके उलट एनपीएस पेंशन के प्रति सरकार का दायित्व कम करती है, जहां वह कर्मचारी के सेवाकाल में उसके बराबर योगदान करती है और इससे उस पर भविष्य में कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ता है।

रक्षा कर्मियों पर एनपीएस लागू नहीं होती है। मुख्यत: इसके कारण बढ़ते पेंशन खर्च को देखते हुए केन्द्र सरकार को अग्निपथ योजना लागू करने पर मजबूर होना पड़ा है। वर्तमान समय में कुल रक्षा बजट का आधा वेतन व पेंशन पर खर्च हो जाता है और इसे प्रकारान्तर से पागलपन ही कहा जा सकता है।

कर्ज में अत्यधिक डूबे राज्य सब्सिडी पर अत्यधिक निर्भर रहते हैं जिससे उनका कर्ज बोझ और बढ़ता है क्योंकि यह खर्च केवल कर्ज लेकर ही पूरा किया जा सकता है। वैश्विक महामारी के समय में सब्सिडी व खैरात की बात समझ में आती है, पर अब उसे सावधानी से केवल सर्वाधिक जरूरतमंद लोगों पर केन्द्रित किया जाना चाहिए। इसके बावजूद लोकरंजकता के दबाव तथा वोटबैंक तुष्टीकरण की प्रवृत्ति से राज्य अपने कुल राजस्व खर्च का 10 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी व खैरातों पर खर्च करने लगे हैं। आंध्र प्रदेश व पंजाब में खैरातें जीएसडीपी के दो प्रतिशत से ऊपर निकल गई हैं, जबकि झारखंड, मध्य प्रदेश व पश्चिम बंगाल में ये जीएसडीपी के एक से दो प्रतिशत के बीच हैं।

केन्द्रशासित क्षेत्र दिल्ली के साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक व ओडिशा जैसे राज्यों ने अपने वित्त का बेहतर प्रबंधन किया है। आरबीआई के पेपर में पंजाब की स्थिति सबसे खराब बताई गई है जहां कर्ज अनुपात 2026–27 में 45 प्रतिशत तक पहुंचने की आशा है। राजस्थान, केरल व पश्चिम बंगाल भी 2026–27 में कर्ज–जीएसडीपी अनुपात 35 प्रतिशत से अधिक पर पहुंच सकते हैं। निश्चित रूप से यह अंधकार व दीवालियेपन तक पहुंचने का रास्ता है, पर खर्च पर नियंत्रण के सुधारात्मक कदम उठाने तथा कर्ज पर लगाम लगाने के बजाय और ज्यादा निराशाजनक खबर सामने आई है। इससे संकेत मिलता है कि खर्च पर नियंत्रण में अक्षम और अनिच्छुक ये राज्य बैंकों से भावी राजस्व को बंधक रख कर कर्ज ले रहे हैं। इसके लिए 'इस्क्रो' खाते खोले जा रहे हैं जो स्पष्ट रूप से असंवैधानिक होने के साथ सरकारी परिसंपत्तियों को बंधक रखना है। इस्क्रो खाता सरकारी खातों के बाहर होता है और दायित्व पूरा होने तक इसका प्रबंधन बैंक करता है। संविधान के अनुसार राजस्व राज्यों की समेकित निधि में जाने के बजाय भावी राजस्व इस खाते में सीधे जाता है। कम से कम पांच राज्यों ने इस प्रकार कर्ज लेने के लिए अपने भावी राजस्व को बंधक बनाया है, जबकि हो सकता है कि इनकी संख्या अधिक हो।

2019–20 व 2021–22 के बीच इस प्रकार आंध्र प्रदेश ने 23,899 करोड़, उत्तर प्रदेश ने 17,750 करोड़, पंजाब ने 2,879 करोड़, मध्य प्रदेश ने 2,698 करोड़ तथा हिमाचल प्रदेश ने 90 करोड़ कर्ज लिया है। ऐसा कर वे संविधान के अनुच्छेद 293 के उल्लंघन का प्रयास कर रहे हैं जिसके अनुसार राज्यों को केन्द्र के कर्जदार होने पर बाजार से कर्ज लेने के लिए केन्द्र की अनुमति लेना जरूरी है। यह सारी धनराशि बजटेत्तर कर्ज है जिसके लिए राज्य भावी राजस्व प्राप्तियों से अदायगी न होने पर संप्रभु परिसंपत्तियों को भी बंधक बना रहे हैं। हालांकि, इसमें कोई वित्तीय समझदारी नहीं है क्योंकि कर्जदाता ऐसी परिसंपत्तियों को बेचने की स्थिति में नहीं होंगे क्योंकि इसका अर्थ किसी सरकारी बैंक द्वारा कर्ज अदा न होने पर सरकारी संपत्ति, जैसे कोई कार्यालय या पार्क बेचना होगा। इनमें से अधिकांश कर्ज एसबीआई समेत सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों द्वारा दिए गए हैं। हालांकि, आरबीआई ने फौरन यह व्यवहार समाप्त करने के निर्देश दिए हैं तथा तीन महीने में आदेश क्रियान्वयन को कहा है। लेकिन केन्द्र ने भी अतीत में अधिकांशत: सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के माध्यम से बड़े पैमाने पर बजटेत्तर कर्ज लिए हैं, हालांकि पिछले दो साल में यह व्यवहार मोटेतौर से बंद कर दिया गया है।

चूंकि लोकरंजक सरकारों को संवैधानिक प्राविधानों या वित्तीय व्यावहारिकता के बावजूद अंधाधुंध खर्च करने से रोका नहीं जा सकता है, इसलिए संभवत: समय आ गया है कि न्यायपालिका इस मामले में हस्तक्षेप करे।

# संसद तो सरकार की रसोईघर बन गई

**अनिल जैन**
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

> संसद की गरिमा और सम्मान तो इस बात में है कि उसकी नियमित बैठकें हों। उन बैठकों में दोनों सदनों के नेता ज्यादा से ज्यादा समय मौजूद रहें, विधायी मामलों पर ज्यादा से ज्यादा चर्चा हो और आम सहमति बनाने के प्रयास हों। अगर आम सहमति नहीं बने तो ऐसे विषय संसदीय समितियों को भेजे जाएं...

**इस** समय संसद का मानसून सत्र चल रहा है, जिसमें सरकार की हठधर्मिता के चलते दो हफ्ते बर्बाद हो जाने के बाद तीसरे हफ्ते में आखिरकार सरकार महंगाई, जीएसटी आदि के मसलों पर चर्चा के लिए राजी हुई। लोकसभा में सोमवार को हुई बहस के दौरान विपक्ष ने हर जीवनोपयोगी चीजों के दाम बेतहाशा बढ़ने की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए सरकार से सवाल किया कि ऐसा क्यों हो रहा है और इस पर काबू पाने के लिए वह क्या कदम उठा रही है? सरकार ने विपक्ष के इस सवाल को सिरे से खारिज करते हुए यह मानने से ही इनकार कर दिया कि महंगाई बढ़ रही है। सरकार और सत्तारूढ़ दल के अहंकार, निर्ममता और निर्लज्जता की हद तो यह रही कि भाजपा के सांसदों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 80 करोड़ लोगों को %फ्री फंड% का खाना दे रहे हैं, जिसके लिए उनको धन्यवाद दिया जाना चाहिए।

इससे पहले पिछले हफ्ते तीन दिन के भीतर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के 4 सदस्यों को पूरे सत्र के लिए और 23 सदस्यों को एक हफ्ते के लिए निलंबित किया गया। इन विपक्षी सांसदों का गुनाह यह रहा कि उन्होंने सदन में महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी, अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की गिरती कीमत आदि जैसे मुद्दे उठा कर सरकार से जवाब चाहा था। चूंकि विपक्ष के इन सवालों का सरकार के पास कोई समाधानकारक जवाब था नहीं, लिहाजा नियमों का हवाला देकर और उनकी मनमानी व्याख्या कर इन सवालों को उठाने से रोक दिया गया। जिन सदस्यों ने नियमों के हवाले से ही इन मुद्दों पर बहस के जोर दिया उन्हें सदन की मर्यादा भंग करने का दोषी करार देकर निलंबित कर दिया गया।



सत्ता पक्ष के प्रस्ताव पर विपक्षी सदस्यों के खिलाफ दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों की यह कार्रवाई कोई पहली बार नहीं हुई, बल्कि पिछले कुछ वर्षों से यह रवायत का रूप ले चुकी है। यह और बात है कि जब भी संसद का सत्र शुरू होता है, मोदी टीवी कैमरों के सामने के संसद को लेकर बहुत बड़ी–बड़ी बातें कहते हुए दिखते हैं। वे संसद को रचनात्मक संवाद का सशक्त माध्यम बताते हुए विपक्ष से सहयोग की अपील करते हैं। वे देश और विपक्षी दलों को भरोसा दिलाने की कोशिश करते हैं कि उनकी सरकार हर मुद्दे पर खुले मन से चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन जब संसद की कार्यवाही शुरू होती है तो ये सारी बातें हवा हो जाती हैं और सरकार तथा दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों का बर्ताव इन बातों के ठीक उलट दिखाई देता है।

अव्वल तो अध्यक्षीय पीठ से नियमों का हवाला देकर और उनकी मनमानी व्याख्या करते हुए विपक्षी सदस्यों को मुद्दे उठाने की इजाजत नहीं दी जाती। अगर किसी विपक्षी सदस्य को कोई मामला उठाने की इजाजत दी भी जाती है तो सत्ता पक्ष की ओर से टोका–टोकी और शोर–गुल मचा कर उसकी आवाज को दबा दिया जाता है। इस समय भी यही सब हो रहा है। सत्ता पक्ष की ओर से कहा जा रहा है कि विपक्ष संसद को ठप कर लोकतंत्र और जनता का अपमान कर रहा है। हकीकत तो यह है कि संसद का यह सत्र उसी तरह चल रहा है जिस तरह सरकार चलाना चाहती है। विपक्षी हमलों की धार कुंद करने के लिए सत्र शुरू होने से पहले ही ढेर सारे शब्दों को असंसदीय शब्दों की सूची में डालने का हास्यास्पद काम भी हो चुका है। इसके अलावा संसद परिसर में धरना, प्रदर्शन जैसे विरोध के लोकतांत्रिक तरीकों पर भी रोक लगा दी गई है। जाहिर है कि सरकार अपने लिए हर असुविधाजनक सवाल से बचना चाहती है। वह असहमति की कोई आवाज सुनना ही नहीं चाहती। जिस तरह हर सत्र में कथित हंगामे के बीच बिना बहस के जोर–जबरदस्ती से महत्वपूर्ण विधेयक पारित करा लिए जाते हैं उसी तरह इस बार यही हो रहा है। गौरतलब है कि इस सत्र में सरकार ने कुल 32 विधेयक पारित कराने का लक्ष्य रखा है।

हर बार की तरह इस बार भी सरकार और सरकारी पार्टी की ओर से संसद न चलने देने को %कुछ ताकतों% का %मकसद% तो बताया जा रहा है, मगर बड़ा सवाल यह है कि कौन ऐसा कर रहा है और ऐसा होने से रोकने यानी संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार क्या कर रही है? सवाल यह भी है कि संसद नहीं चलने देने का फायदा किसे हो रहा है? दरअसल अब इस बात का किसी के लिए कोई मतलब नहीं रह गया है कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर आम जनता की कमाई का कितना पैसा खर्च होता है। सरकार यह कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती कि विपक्ष संसद नहीं चलने दे रहा है। संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, यह जिम्मेदारी मूल रूप से सरकार की है, लेकिन सरकार के लिए यह जिम्मेदारी निभाना %कुछ खास परिस्थिति% में राजनीतिक रूप से घाटे का सौदा होता है। इसलिये वह भी नहीं चाहती कि संसद में सुचारू रूप से काम हो।

दरअसल संसद की गरिमा और सम्मान तो इस बात में है कि उसकी नियमित बैठकें हों। उन बैठकों में दोनों सदनों के नेता ज्यादा से ज्यादा समय मौजूद रहें, विधायी मामलों पर ज्यादा से ज्यादा चर्चा हो और आम सहमति बनाने के प्रयास हों। अगर आम सहमति नहीं बने तो ऐसे विषय संसदीय समितियों को भेजे जाएं; और अगर राष्ट्रीय महत्व का कोई मुद्दा हो तो उस पर विचार के लिए दोनों सदनों की प्रवर समिति बने या संयुक्त संसदीय समिति बनाई जाए। इन समितियों की नियमित बैठकें हों तथा इनमें सदस्य पार्टी लाइन से ऊपर उठकर विषय के विशेषज्ञों का परामर्श सुनें और वस्तुनिष्ठ तरीके से अपनी राय बनाएं, लेकिन मौजूदा सरकार ने इन समितियों को लगभग अप्रासंगिक बना दिया है। अव्वल तो लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय की ओर से किसी न किसी बहाने समिति की बैठक ही नहीं होने दी जाती है। अगर किसी समिति की बैठक होती भी है तो उसके सदस्य पार्टी लाइन से ऊपर उठकर विचार नहीं करते।

# अमृत काल की चकाचौंध : जनतंत्र की फिसलन

**राजेंद्र शर्मा**
(लेखक राजनीति विश्लेषक हैं)



**स्वतंत्रता** के पचहत्तर साल पूरे होने पर, कथित अमृत वर्ष उत्सव की समारोही चकाचौंध के बीच, भारत और उसके जनतंत्र को जिस रास्ते पर धकेला जा रहा है, उसकी एक बड़ी आसान पहचान है। यह पहचान है, कभी भारत का मुकुट कहे जाने वाले जम्मू–कश्मीर के साथ, इस 75वें स्वतंत्रता दिवस पर आज के भारत के प्रतिनिधि के रूप में मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा सलूक। अचरज नहीं कि मौजूदा निजाम के पैरोकार, फौरन पलटकर इसकी दलील देने लगें कि तो क्या पाकिस्तान द्वारा अपने नियंत्रण वाले कश्मीर के साथ, इससे ज्यादा जनतांत्रिक या बेहतर सलूक किया जा रहा है! लेकिन जो भी भारत की आजादी तथा जनतंत्र की 75 वर्ष की यात्रा की दिशा से, सिर्फ पाकिस्तान से बेहतर होने से ही संतुष्ट होने के लिए तैयार नहीं होगा, उसके लिए जरूर जम्मू–कश्मीर के साथ जो हो रहा है, एक प्रबल अनिष्टकर संकेत है।

जम्मू–कश्मीर के साथ आजादी के 75 साल बाद जो सलूक हो रहा है, उसका सबसे प्रकट पक्ष तो यही है कि इस 5 अगस्त को, जम्मू–कश्मीर पर सीधे दिल्ली का राजचलते हुए, पूरे तीन साल हो गए। और जम्मू–कश्मीर तो कथित अमृत काल में ऐसी अवस्था में ही प्रवेश करने जा रहा है, जहां वह जनतंत्र के किसी दिखावे से भी महरूम होगा। कहने की जरूरत नहीं है कि भारत के संविधान के अंतर्गत संघ का घटक बने किसी राज्य का बरसों–बरस सीधे दिल्ली से शासित होना, भारतीय जनतंत्र का अंगविच्छेद ही है। और अगर इस अंगविच्छेद की कोई परछाईं तक कथित अमृत वर्ष के जश्न पर पड़ती नजर नहीं आती है, तो यह पूरे भारतीय जनतंत्र की ही गंभीर रुग्णता का लक्षण है। अगर उपयुक्त उपचार न मिले तो शरीर के किसी एक हिस्से से शुरू होकर गैंग्रीन, पूरे शरीर को ही सड़ा देता है।

यहां इसकी याद दिलाना भी अप्रासांगिक नहीं होगा कि जम्मू–कश्मीर पर सीधे दिल्ली का राज चलते हुए तो वैसे अब, चार साल से भी ज्यादा हो चुके हैं। 2018 के जून के मध्य में, भाजपा के महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने के बाद से, पहले राज्यपाल के शासन तथा फिर राष्ट्रपति शासन के नाम पर, वहां सीधे दिल्ली का ही राज चल रहा था। फिर भी, 2019 की 5 अगस्त के बाद से वहां जिस तरह का दिल्ली का सीधे राज चल रहा है, 2018 के जून के बाद से चल रहे दिल्ली के सीधे राज से बहुत भिन्न भी है। बेशक, जम्मू–कश्मीर पर सीधे दिल्ली का राज लादे जाने की नौबत कोई पहली बार नहीं आयी है। इस राज्य के भारतीय संघ का हिस्सा बनने के बाद से ही, जनतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था के मामले में उसका सफर बहुत उबड़–खाबड़ ही रहा था। इसी का साक्ष्य है कि यह 1977 के बाद से आठवां और 2008 के बाद से चौथा मौका था, जब राज्यपाल/ राष्ट्रपति शासन के माध्यम से, जम्मू–कश्मीर में सीधे से दिल्ली का राज थोपा जा रहा था।

मोदी राज में, अमृत काल के नाम पर, स्वतंत्रता के 75 साल बाद भारत में, जनतंत्र का और इसलिए स्वतंत्रता का भी जैसा क्षय हो रहा है, जम्मू–कश्मीर उसकी खास बानगी है। अमृत काल को अगर सचमुच भारत का विषकाल बनने से बचाना है, तो स्वतंत्रता व जनतंत्र से प्यार करने वालों को मिलकर, इस फिसलन को पलटना होगा। अमृत उत्सव में तिरंगे की बगल में जम्मू–कश्मीर के झंडे की बहाली की मांग, इस फिसलन को रोकने की भी आवाज है।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**सड़क** और रेल परिवहन के साथ–साथ उड्डयन क्षेत्र भारत में परिवहन का गढ़ बनेगा।

**ज्योतिरादित्य सिंधिया**
नागरिक उड्डयन मंत्री



**संस्थानों** को नियंत्रित, कमजोर किया जा रहा है या उन पर कब्जा कर लिया गया है और देश में लोकतंत्र सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहा है।

**पी चिदंबरम**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता



**जलवायु** परिवर्तन एक वास्तविकता है, उसी के हिसाब से सभी गतिविधियों की योजना बनाने की जरूरत है

**मृत्युंजय महापात्र**
आईएमडी महानिदेशक

# रिफ्रेशर कोर्स कर्मचारियों को सीखने के अनुभव देता है : प्रो. अनिल

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रो. अनिल वोहरा ने कहा कि कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण का उद्देश्य विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के ज्ञान और तकनीकी कौशल को बढ़ाने के लिए है। यह रिफ्रेशर कोर्स कर्मचारियों को सीखने के अनुभव प्रदान करता है इसके माध्यम से कर्मचारियों में उच्च स्तर के कार्यों का उत्तरदायित्व वहन करने व सामूहिक रूप से कार्य करने की भावना भी विकसित की जाती है। वे रविवार को कुरुक्षेत्र विवि के ट्रेनिंग, प्लानिंग एवं मॉनिटरिंग सेल

## आयोजकों को इस कोर्स के आयोजन को बधाई दी

द्वारा विश्वविद्यालय के लैब अटैंडेंट व स्टैनों की कार्यकुशलता बढ़ाने हेतु दो से सात अगस्त तक आयोजित साप्ताहिक रिफ्रेशर कोर्स के के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

उन्होंने आयोजकों को इस कोर्स के सफल आयोजन के लिए बधाई भी दी। प्रो. अनिल वोहरा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने शिक्षकों व कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप ही ए-



प्रतिभागी को सर्टिफिकेट भेंट करते प्रो. अनिल वोहरा।

प्लस ग्रेड व शिक्षा व शोध के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय है। इस अवसर पर रिफ्रेशर कोर्स के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रयोगशाला में प्रयोगात्मक होना बहुत जरूरी है। इसलिए प्रयोगात्मक ज्ञान देने के लिए ही कार्यशाला का आयोजन किया गया है ताकि कर्मचारियों का कौशल विकास हो और वे अपने-अपने कार्य में दक्षता प्राप्त कर सके और विवि की उन्नति और चहुंमुखी विकास में अपना योगदान दे सकें।

केयू के ट्रेनिंग, प्लानिंग एवं मॉनिटरिंग सेल के नोडल ऑफिसर डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने सभी का धन्यवाद करते हुए पब्लिक डीलिंग विषय के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि यह रिफ्रेशर कोर्स राज्य प्रशिक्षण नीति 2020 के अनुसार स्थापित प्रशिक्षण योजना और निगरानी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया जाता है।

## उमंग संस्था द्वारा सीएचसी बारना में रक्तदान शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में उमंग समाज सेवी संस्था द्वारा गांव बारना में रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार को किया जाएगा।

उमंग संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रक्तदान शिविर गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित होगा।

जिसमें 18 से 60 वर्ष तक के आयु वर्ग का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर को लेकर युवाओं में काफी जोश है।

# राज्य सरकार खिलाड़ियों को उपलब्ध करवा रही मूलभूत सुविधाएं: रामकरण

## 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत राजीव चौंक पर कार्यक्रम का हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**हरियाणा** शुगर फैड के चेयरमैन एवं विधायक रामकरण ने कहा कि हरियाणा सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर व गांव स्तर पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा कर खेल का वातावरण तैयार किया है। इसके फलस्वरूप हरियाणा के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करके प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाया है। कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन करके कई गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मैडल पर अपना कब्जा जमा लिया है।

चेयरमैन रामकरण रविवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शाहाबाद में राजीव गांधी चौंक पर आयोजित राहगीरी कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले चेयरमैन एवं विधायक रामकरण काला, एसडीएम कपिल शर्मा, नपा चेयरपर्सन गुलशन क्वात्रा ने विधिवत रुप से राहगीरी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक रामकरण ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्राम स्तर पर भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए मिनी खेल स्टेडियम के अलावा व्यायामशालाएं स्थापित की है, ताकि



विधायक रामकरण, एसडीएम कपिल शर्मा, नपा अध्यक्ष गुलशन क्वात्रा व अन्य देशभक्ति गानों पर थिरकते हुए।

### एसडीएम कपिल शर्मा ने किया पौधारोपण

एसडीएम कपिल शर्मा ने राहगीरी कार्यक्रम के उपरांत पौधारोपण अभियान के तहत पौधारोपण करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। पेड़ों से हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन के साथ-साथ फल, फूल, लकड़ी आदि प्राप्त होती है। पेड़ हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी काफी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। इसलिए पौधारोपण अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए।

गांव के खिलाड़ियों को उनके घर के नजदीक ही खेल सुविधाएं मुहैया हो सकें। यह मुहिम युवाओं के लिए बेहतरीन है।

इस मुहिम से जुड़कर युवा खेलों को लेकर अपने अंदर छिपी प्रतिभा को निखार सकते हैं और खेलों में अपना व अपने परिवार का नाम रोशन कर सकते है। युवा खेलों को खेल की भावना से खेलें, प्रतियोगिताओं में आपसी प्रेम-प्यार को बनाए रखें तथा द्वेष की भावना को न पनपने दें। खेल से लीडरशिप करने के बारे में सीखने का जहां अवसर मिलता है, वहीं अनुशासन की भी शिक्षा मिलती है।

एसडीएम कपिल शर्मा ने कहा कि आज खेलों के प्रति हरियाणा के युवाओं का रूझान केन्द्र व राज्य सरकार की खेल नीतियों के परिणाम स्वरूप बढ़ा है। युवाओं ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों में अपने उज्वल भविष्य की खोज करना शुरू कर दिया है, जिसके सकारात्मक परिणाम गत वर्षों के दौरान हुए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय समारोह में देखने को मिल है। उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में हरियाणा के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी विभिन प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करके हरियाणा व देश का नाम रोशन करने का काम कर रहे है।

नगर पालिका शाहाबाद के चेयरमैन गुलशन क्वात्रा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की करीब ढाई करोड़ जनता है, जोकि देश की कुल आबादी का दो प्रतिशत है, परंतु यहां पर खेलों के प्रति युवाओं में एक अलग ही भावना बनी हुई है, जिसके परिणाम ओलंपिक, कॉमनवेल्थ सहित अन्य अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देखने को मिलता है। युवा खेलों के प्रति संकल्प लें कि खेलों में बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी करेंगे और केन्द्र सरकार की खेल नीति का लाभ उठाकर भविष्य में अधिक से अधिक मेडल जीत कर देश के नाम रोशन करेंगे। इस राहगिरी कार्यक्रम के दौरान विधायक रामकरण काला सहित सभी मेहमानों ने देशभक्ति गानों पर जम कर नृत्य किया और भारत माता की जय के उद्घोष लगाए।

# भू-जल संरक्षण के साथ-साथ 'हर घर तिरंगा' अभियान में करें सहयोग : उषा कुमारी



स्कूल में विद्यार्थियों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक करती टीम।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**आजादी** के अमृत महोत्सव के दौरान शाहाबाद खंड के गांव खानपुर जाटान के गवर्नमेंट हाईस्कूल में सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ की तरफ से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा अटल भूजल योजना के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। स्कूल मुख्य अध्यापिका उषा कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब मिल कर अटल भूजल योजना के कार्यक्रम में गिरते भूजल उत्तर को रोकने में सहयोग करें।

इसके साथ साथ हर घर तिरंगा मुहिम में अपनी अपनी भूमिका अदा करें। सभी बच्चे 13 से 15 अगस्त को अपने घरों पर तिरंगा फहराए। चाहत कला मंच से टीम लीडर कृष्ण शर्मा, पवन कुमार, अजय कुमार व रोहित ने नक्कड़ नाटक के माध्यम से अटल भूजल कार्यक्रम की बेहतर प्रस्तुति दी। अटल भूजल डीपीएमयू से सूचना संचार विशेषज्ञ व कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. सतविन्द्र टाया मौजूद रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी सुपरवाइजर शशि बाला व आंगनवाड़ी वर्कर स्नेह लता ने महिलाओं को भूजल को व्यर्थ न बहाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार ही सभी भूजल का सदुपयोग करें। डीआईपी टीम से संदीप कुमार व सुनील कुमार के द्वारा सभी बच्चों, महिलाओं को भूजल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर गवर्नमेंट हाई स्कूल से राजेश कुमार, सुरेश कुमार, सुनीता, किरण कौर, राजेश्वर, सौरभ गांधी, अंजलि बहरीन, अशोक कुमार के साथ-साथ ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त-समाचार

### फिनिक्स क्लब ने एक और वाटर कूलर समर्पित किया



वाटर कूलर जनता को समर्पित करते फिनिक्स क्लब के सदस्य।

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक संस्था फिनिक्स क्लब द्वारा भीषण गर्मी के इस मौसम में आमजन को शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक और वाटर कूलर जनता को समर्पित किया गया। फिनिक्स क्लब के सदस्य अजय गर्ग द्वारा अपने पिता स्वर्गीय सतप्रकाश गर्ग की पावन स्मृति में फिनिक्स क्लब के बैनर तले ये वाटर कूलर सलारपुर रोड पर डीएन कॉलेज से ठीक पहले अग्रवाल नर्सिंग होम के नजदीक मुख्य सड़क पर स्थापित करवाया गया है। इस वाटर कूलर का समाजसेवी अमित गुलाटी के कर कमलों से रिबन काटकर शुभारंभ किया गया। अमित गुलाटी ने फिनिक्स क्लब द्वारा किए जा रहे जनहित कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर कई शिक्षण संस्थान, अस्पताल, सब्जी मंडी ओर अनाज मंडी है, जहां प्रतिदिन असंख्य लोगों का आवागमन रहता है, ऐसे में ये वाटर कूलर काफी उपयोगी साबित होगा। फिनिक्स क्लब के प्रधान विनीत अग्रवाल ने बताया कि फिनिक्स क्लब द्वारा भीषण गर्मी के इस मौसम में आमजन की सुविधा हेतु तीसरा वाटर कूलर जनता को समर्पित किया गया है। भविष्य में भी फिनिक्स क्लब द्वारा ऐसे जनहित कार्य लगातार जारी रहेंगे। इस अवसर पर फिनिक्स क्लब के सचिव नरेश सिंगला, कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश वधवा, प्रोजेक्ट निदेशक आदित्य सिंगला, कीर्ति खोसला, दिनेश छाबड़ा, विजेश ऐलावादी, पूर्व प्रधान अमित अरोड़ा, धीरज गुलाटी, दीपक चिब, गुरसेवक सिंह, जितेंद्र मेहता, तरुण ढींगरा, दिनेश अनेजा, राजेश पोपली, दिवेन भाटिया, संजीव छाबड़ा, सतपाल खुराना आदि भी मौजूद रहे।

### बारना में दादा खेड़ा के भंडारे में पहुंचे हजारों लोग



**कुरुक्षेत्र।** रविवार को गांव बारना में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने भोजन ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व दादा खेड़ा पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने आहुति डाली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सुख समृद्धि के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया है और इसके बाद भंडारा लगाया गया है। वहीं सभी ग्रामीणों व महिलाओं द्वारा पूरे गांव की परिक्रमा भी की गई। ग्रामीण राजेश कुमार, गजेंद्र सिंह, रामनारायण, जोगिंदर सिंह व जगतार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में हर साल सावन के माह में भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस बार भी रविवार को दादाखेड़ा पर की पूजा-अर्चना की गई, हवन यज्ञ में ग्रामीणों द्वारा आहुति डाली गई। इसके बाद पूरे गांव की परिक्रमा हजारों लोगों द्वारा कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया गया है। भंडारे के दौरान दादा खेड़ा के बिल्कुल सामने एक अजीबोगरीब वाक्या घटित हुआ। सुबह-सुबह ग्रामीणों को खेड़ा के सामने गली में दो सिक्के पड़े मिले जोकि 10 रुपये के थे। ग्रामीण द्वारा जब इन सिक्कों को उठाने का प्रयास किया गया तो यह नहीं उठे। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे किसी चुंबक के साथ चिपके हुए हैं। हालांकि सिक्के हिल रहे थे लेकिन उठाए नहीं जा रहे थे। धीरे-धीरे इस बात का पता चलते ही ग्रामीणों का इकट्ठ यहां एकत्रित होना शुरू हो गया। कोई इसे चमत्कार करार दे रहा था तो कोई वैज्ञानिक कारण। सैंकड़ों ग्रामीणों ने इन सिक्कों को उठाने के लिए जोर आजमाइश की लेकिन किसी भी ग्रामीण से यह सिक्के उठाए ना जा सके। इसके कुछ देर के बाद ही ग्रामीण जोगिंदर द्वारा इन सिक्कों को धरती से उठाने वाले को 51 सौ रुपये इनाम देने तक की घोषणा कर दी लेकिन इसके बावजूद भी कोई भी ग्रामीण इन सिक्कों को उठा न सका।

### सुपर 30 अवॉर्ड से नवाजे गए मननदीप सिंह घुम्मन

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने बताया कि स्कूल के कक्षा ग्यारहवीं साइंस के विद्यार्थी मननदीप सिंह घुम्मन को सुपर-30 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।



डॉ घुम्मन ने बताया कि यह उनके विद्यालय लिए बहुत ही गौरवमयी है कि इस स्कूल के विद्यार्थी को सुपर 30 के अवॉर्ड से नवाजा गया है। मननदीप सिंह घुम्मन को यह अवॉर्ड सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार , सुमीत फॉउंडेशन की संस्थापक डॉ. मोना पुरी, एनआईएसए के प्रधान डॉ. कुलभूषण शर्मा तथा जैपनीज ग्रुप ऑफ यूथ द्वारा शिक्षा क्षेत्र में अव्वल, संगीत और बाकी गतिविधियों में हमेशा अव्वल रहने के लिए दिया गया। यह अवार्ड समारोह मुनी इंटरनेशनल स्कूल, मोहन गार्डन, उत्तम नगर नई दिल्ली में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. घुम्मन ने मननदीप सिंह घुम्मन तथा स्कूल के स्टाफ को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### भजन सम्राट कंचन कुमार ने अपने भजनों से बांधा समा

**चंडीगढ़।** एनजीओ मात-पिता गौधाम ट्रस्ट द्वारा रविवार को अग्रवाल भवन सेक्टर - 16, पंचकूला में प्रोग्राम 'सांभ लो मापे, रब्ब मिलजु आपे' का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 1000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि जाने माने समाज सेवी श्री जगमोहन गर्ग जी थे। प्रोग्राम के दौरान भजन सम्राट कंचन कुमार व संगीता आर्य ने अपने भजनों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कंचन ने पहला प्रार्थना भजन 'दाता तेरा ना लिखया ए मेरी सावां ते पारिवारिक भजन' गाकर अपनी प्रस्तुति शुरू की। इस अवसर के दौरान बोलते हुए मात पिता गौधाम ट्रस्ट के संस्थापक ज्ञान चंद वालिया ने कहा कि प्रोग्राम का उद्देश्य अपने माता-पिता को संभाले, प्रभु अपने आप मिल जायेंगे था। उन्होंने आगे बताया कि हम सबके लिए माता-पिता ही हमारे भगवान होते हैं, इनसे से बड़ा कोई नहीं है। जो आशीष ये दिल दे दें वह अवश्य ही पूर्ण होता है। वे वही हैं जो अपने बच्चों के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। वे अपने बच्चों के लिए अपने आराम और खुशी को त्याग देते हैं ताकि वे अपने जीवन में सफल हो सकें। उन्होंने कहा ट्रस्ट द्वारा मोहाली जिले के बनूड़-अंबाला मार्ग पर गांव खलौर में मात-पिता मंदिर का निर्माण किया जा रहा है किया जा रहा है कार्य जोर शोर से चल रहा है। साल 2025 में विश्व के इस प्रथम और एकमात्र मात-पिता मंदिर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर सुभाष सिंगला, सुरेश बंसल, सुरेश सिंगला, कश्मीरी लाल गुप्ता, मामन राम गर्ग, सन्दीप मित्तल, दीपक मित्तल, कुलदीप ठाकुर, कपिल वर्मा, सत्य भगवान सिंगला, संजू सिंगला आदि मौजूद थे।

# 92वें जयंती पर स्व. ओम प्रकाश जिंदल को दी श्रद्धांजलि



पौधारोपण कर स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**प्रसिद्ध** उद्योगपति स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल के 92वें जन्मदिन पर गांव में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद कुरुक्षेत्र की पूर्व उप-चेयरपर्सन एवं प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष सुनीता नेहरा ने विशेष रूप से शिरकत कर सभी जगह पौधारोपण किया। उन्होंने गांव अजराना कलां, मदनपुर व जन्धेड़ी की ब्राह्मण बस्ती में पौधारोपण किया।

सुनीता नेहरा ने स्व. जिन्दल को अपनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश जिन्दल का जीवन संघर्षपूर्ण रहा। उन्होंने अपनी अथक मेहनत से उद्योग जगत में न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया में अपना नाम रोशन किया। उन्होंने कन्या शिक्षा पर बहुत बल दिया। उन्होंने बताया कि ओम प्रकाश जिन्दल सफल उद्योगपति होने के साथ साथ समाजसेवी व सफल राजनीतिज्ञ भी थे। सुनीता ने कहा कि उन्ही के पद चिन्हों पर भाई नवीन जिन्दल चल रहे हैं। उन्होंने राजनीति को भी सेवा का एक माध्यम बनाया। उनका हमेशा ही यह लक्ष्य रहता है कि किसी भी जरूरतमंद, असहाय और गरीब की मदद की जाए। इस दौरान मनीष शर्मा जन्धेड़ी, जग्गी अजराना, मोहित शर्मा, संदीप, सोहन लाल, राजेश, हरिकेश, संजीव, जानू, पुनीत हैप्पी आदि मौजूद रहे।

## एक दिवसीय परीक्षा में बने यूएमसी केसों की सुनवाई नौ को

**कुरुक्षेत्र।** जिला शिक्षा अधिकारी बलजीत मलिक ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी जुलाई-2022 एक दिवसीय परीक्षा में जिन परीक्षार्थियों के अनुचित साधन सम्बन्धी केस (यूएमसी) दर्ज हुए थे।

ऐसे परीक्षार्थियों की बोर्ड मुख्यालय भिवानी पर व्यक्तिगत सुनवाई हेतु नौ अगस्त 2022 को प्रात : 9 बजे बुलाया गया है। सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (मुक्त विद्यालय/स्वयंपाठी) परीक्षार्थियों द्वारा उपलब्ध करवाए गए मोबाइल नम्बर पर उनकी व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना एसएमएस के माध्यम से भेज दी गई है।

अनुचित साधन (यूएमसी) सम्बन्धी परीक्षार्थियों की सूची बोर्ड वेबसाइट बीएसईएच.ओआरजी.इन पर भी उपलब्ध है। ऐसे सभी परीक्षार्थी निर्धारित तिथि व समय पर व्यक्तिगत सुनवाई के लिए बोर्ड मुख्यालय भिवानी पहुंचे।

# ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा में किया गुणगान



ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा में राम नाम का गुणगान करती संगत।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**सामाजिक** संस्था डेरा सच्चा सौदा सिरसा के ब्लॉक लाडवा की साध संगत द्वारा स्थानीय नामचर्चा घर में डॉ. संत गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां के जन्म महीने के उपलक्ष में नामचर्चा का आयोजन किया गया।

जिसका शुभारंभ ब्लॉक भंगीदास डॉक्टर संजीव इन्सां द्वारा विनती के भजन शब्द से किया गया। इस मौके पर संजीव मिस्त्री, विक्रम, पवन, रमेश, सत्यवान, सुरेश, सुरेंद्र, सुशील, संजीव, जगतार, सोहन लाल,

### ब्लॉक लाडवा के सेवादार लगाएंगे आठ हजार पौधे

जगदीश, मेघराज सहित अनेक कविराज भाइयों ने एक के बाद एक गुरुग्रंथ मे भजन शब्द बोल कर गुरु की महिमा का गुणगान किया।

इस मौके पर बहने कुसुम, नैना, गीत, अनीता, सीमा, बबीता, जनको, सरोज, कृष्णा, सोनिया, लाजो ने स्थानीय नाम चर्चा घर की साफ सफाई करके गुब्बारों से सजाया। साध-संगत द्वारा नामचर्चा के बाद प्रसाद भी वितरित किया गया। प्रसाद की सेवा विक्रम जलालुदीन माजरा और उषा गांव मनियारपुर द्वारा की गई। इस मौके पर ब्लॉक भगीदास डॉ. संजीव इन्सां ने बताया कि 14 अगस्त को सुबह देश को हरा-भरा करने के उद्देश्य से ब्लॉक में लगभग 8000 पौधे लगाए जाएंगे।

जिसके लिए ब्लॉक के गांवों में सेवादारों की ड्यूटी लगा दी गई है। उन पौधों की देखभाल भी उन्हीं गांवो के सेवादार करेंगे। इस मौके पर आसपास के गांव से काफी संख्या में सेवादार मौजूद रहे।

# नदी से पानी आने पर 50 गांवों को मिलेगा फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरकार के प्रयासों से राक्षी नदी में लगभग 25 सालों के बाद पानी नजर आया है। इस 32 किलोमीटर राक्षी नदी में पानी आने से 50 गांवों के किसानों को फायदा होगा। इस योजना के लिए लोगों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है।

सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच रविवार को राक्षी नदी में पहुंचे पानी का अवलोकन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, सहित विकास बोर्ड के अधिकारी व ग्रामीणों ने राक्षी नदी का अवलोकन किया और किसानों से बातचीत की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर



धुमन सिंह का स्वागत करते ग्रामीण।

लाल के प्रयासों से प्रदेश की नदियों, नहरों व रजवाहों का सुधारीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। सरकार ने सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड का गठन करके सरस्वती नदी को फिर से धरातल पर प्रवाहित करने की योजना को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इस योजना के लिए बकायदा करोड़ों रुपये के बजट का प्रावधान किया है। इस बड़ी परियोजना पर तेजी के साथ काम चल रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने लाडवा, इंद्री व आसपास के क्षेत्र के किसानों की बहुत पुरानी मांग को पूरा करते हुए राक्षी नदी में पानी छोड़ कर किसानों के सपनों को साकार करने का काम किया है। इस क्षेत्र के करीब 50 गांवों के किसानों को फायदा होगा और इस राक्षी नदी के पास के आसपास के डार्क जोन क्षेत्र में भूजल स्तर में भी सुधार होगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की इस योजना से राक्षी नदी में लगातार पानी बहाव पर काम किया जाएगा। फिलहाल अभी राक्षी नदी में जरूरत के हिसाब से पानी छोड़ा गया है। इस नदी में पानी आने से किसानों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। इसके लिए सिंचाई विभाग व विकास बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी भी बधाई के पात्र है। सभी को भविष्य में इसी तरह मेहनत और ईमानदारी के साथ काम करने की जरूरत है।

## प्रेरणा



पायनियर

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

डर, खौफ, दहशत बहुत है,
यहां माहौल में नफरत बहुत है,
ये शहर तो जंगल से बदतर है,
यहां अपनेपन की किल्लत बहुत है।

# हिंदुस्तान में ही नहीं विदेशों में भी लहर रहा है तिरंगा : रणजीत चौटाला

## स्वतंत्रता सेनानियों के बीच पहुंचे बिजली मंत्री रणजीत चौटाला

## ध्वज के प्रति मन में रखें सच्चा सम्मान बनाये रखें राष्ट्र के प्रति एकता व अखंडता


स्वतंत्रा सेनानी भवन में भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर आसीन बिजली मंत्री रणजीत चौटाला।

एजेंसी। सोनीपत

**बिजली** मंत्री रंजीत सिंह चौटाला ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और भारत छोड़ो आंदोलन की 80 वीं वर्षगांठ की बधाई दी। इस मौके पर बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने कहा कि आज हिंदुस्तान में ही नहीं विदेशों में भी तिरंगा लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तरंगा अभियान को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। हर घर में तिरंगा लहरा रहा है, साथ ही रणजीत चौटाला ने कॉमनवेल्थ विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।

सोनीपत में स्वतंत्रा सेनानी भवन में भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के बिजली मंत्री रणजीत सिंह बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। स्वतंत्रता सेनानी भवन में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले उन्होंने ध्वजारोहण किया।

तिरंगे को सलामी दी और स्वतंत्रता सेनानियों को भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगांठ की बधाई दी। रणजीत चौटाला ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार कि हर घर तिरंगा अभियान को लोग दिल खोलकर समर्थन कर रहे हैं। आज पूरे हिंदुस्तान में हर घर पर तिरंगा लहरा रहा है, ऐसा पहली बार हुआ है। जब हिंदुस्तान में ही नहीं विदेशी धरती पर भी तिरंगा लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उन्नति पर है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। रणजीत चौटाला ने कॉमनवेल्थ पदक विजेता सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि कॉमनवेल्थ गेम्स में आज हर रोज भारतीय खिलाड़ी तिरंगे का मान बढ़ा रही हैं। विदेशी धरती पर भी तिरंगा लहराया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हिंदुस्तान के लिए यह गौरव का पल है।

आजादी के अमृत महोत्सव के साथ भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगांठ की बधाई देते हुए हरियाणा के बिजली मंत्री ने वीर स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को नमन किया। स्वतंत्रता सेनानी भवन में आयोजित कार्यक्रम उन्होंने तिरंगा फहराते हुए भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर चरण वंदना की। स्वतंत्रता सेनानी संगठन सोनीपत के तत्वावधान में भारत छोड़ो आंदोलन की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने स्वतंत्रता सेनानियों की वीरांगनाओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन प्रजातांत्रिक तरीके से किया गया विश्व का सबसे बड़ा आंदोलन था, जिसके इतिहास को जिंदा रखा गया है। इसके लिए स्वतंत्रता सेनानी संगठन बधाई का पात्र है। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

उन्होंने 1857 की क्रांति से लेकर 1947 तक के संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि तिरंगा भारत की शान और घर-घर की आन है। राष्ट्र के प्रति प्रेम व सम्मान बनाये रखें। भारत माता के लिए जियें और भारत को पुनः विश्व का सिरमौर बनाने के लिए सहयोग करें। पूर्व मंत्री कविता जैन ने आजादी के अमृत महोत्सव व भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ की बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों का सदैव स्मरण रखना चाहिए।

उन्होंने हर घर तिरंगा कार्यक्रम में भी बढ़-चढक़र हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की संयोजक एवं स्वतंत्रता सेनानी संगठन की अध्यक्ष शांता जैन ने भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों और वीरांगनाओं का अभिनंदन करते हुए इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत से आजादी प्राप्ति तक के संघर्ष की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने देशवासियों का आह्वान किया कि वे अपने राष्ट्रीय ध्वज का मान-सम्मान कायम रखते हुए आन-बान-शान बनाये रखें।

### 'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए बिजली मंत्री ने किया पीएम नरेंद्र मोदी का धन्यवाद

### राष्ट्रमंडल खेलों में सोनीपत के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा

बिजली मंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत 13 से 15 अगस्त तक घर-घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि जन-जन तक झंडे को पहुंचाने के लिए यह बेहतरीन कार्यक्रम है। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सच्चा सम्मान यही है कि हम देश की एकता व अखंडता को बनाये रखें। देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी से करते हुए मजबूती प्रदान करें। देश के साथ जुड़ें रहें। इस दौरान उन्होंने कारगिल के शहीदों को भी नमन करते हुए कॉमनवैल्थ खेलों में सोनीपत के खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन की बधाई भी दी।

## स्कूलों में सास्कृतिक कार्यक्रम आज

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत आजादी के अमृत महोत्सव में सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा शिक्षा विभाग से तालमेल करके सांस्कृतिक कार्य विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि आज सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए जागरूक किया जाएगा। ताकि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अधिक से अधिक बच्चे जागरूक होकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का बेहतर क्रियान्वयन का प्रचार प्रसार कर सकें। डीआईपीआरओ राकेश गौतम ने बताया कि सास्कृतिक कार्य विभाग के कलाकार जिला फरीदाबाद के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर -28, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी नंबर 5, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी नंबर 3, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी नंबर 1 (मेट्रो) तथा राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ सेक्टर सेक्टर- 3 में सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालयों में टीमों का एक एक घंटे का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### कैंप में पहुंचकर लोगों ने कराई स्वास्थ्य की जांच



**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अपटाउन के सौंजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन उजाला सिग्नस जेके हिंदू हॉस्पिटल में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में उजाला सिग्नस जेके हिंदू हॉस्पिटल के डाक्टरों की टीम द्वारा नि:शुल्क वरिष्ठ लेप्रोस्कोपीक सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज कुमार द्वारा किया गया। वहीं लीवर की एडवांस जांच के लिए फिब्रोस्कैन नाममात्र रुपयों विशेष डिस्काउंट के साथ किया। कैंप के दौरान अन्य कई प्रकार की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई। डाक्टर प्रतीक आहुजा ने बताया कि आज स्वास्थ्य जांच शिविर में हैपेटाइटस बी, हैपेटाइटस सी, लीवर आदि बीमारियों के बारे में भी गहनता से जांच करते हुए कैंप में आए मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अपटाउन के प्रेसिडेंट व हॉस्पिटल के यूनिट हैड सुरेश कालरा ने बताया कि नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में हर प्रकार का इलाज से संबंधित परामर्श नि:शुल्क दिया गया। सुरेश कालरा ने कहा कि अगर समय रहते लीवर की जांच करवाई तो उसका अच्छे से इलाज हो सकता है। स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई है। उजाला सिग्नस जेके हिंदू हॉस्पिटल की डॉक्टर अमन ने बताया कि रविवार को आयोजित किए गए कैंप में मरीजों को हर बीमारी के बारे में जागरूक किया है, ताकि वे भविष्य में होने वाली बीमारियों से बचाव कर सकें। कैंप में पहुंचे लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। स्वास्थ्य जांच में बच्चों, बुजुर्गों, महिला-पुरुषों ने काफी संख्या में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। वहीं इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अपटाउन द्वारा उजाला सिग्नस जेके हिंदू हॉस्पिटल के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें बेलगिरी के पौधे लगाए। इस दौरान मनजीत सिंह, दिलबाग सिंह, नरेन्द्र हुड्डा, राजीव शर्मा, राकेश, अमरदीप, रीतू, छाया, मीनाक्षी, संजय गर्ग सहित अस्पताल स्टाफ व रोटरी क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पुरस्कारों के लिए करें आवेदन

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों पर प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कारों के आवेदन करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल विकसित किया गया है ताकि भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, एजेंसियों के सभी पुरस्कारों को एक मंच पर लाया जा सके। डीसी जितेन्द्र यादव ने बताया कि इन दिनों 14 राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन खुले हुए हैं। इस पोर्टल पर जाकर व्यक्ति अथवा संगठन निर्धारित पात्रता के साथ अपना आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत के महोत्सव की श्रृंखला में भारत सरकार के इस प्रयोग से पुरस्कारों के चयन में पारदर्शिता और अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित होगी। यह पोर्टल प्रत्येक नागरिक व संगठन को सुविधा प्रदान करता है कि वो भारत सरकार द्वारा स्थापित विभिन्न पुरस्कारों के लिए व्यक्तियों व संगठनों को नामित करें। अधिक जानकारी और नामांकन करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल का प्रयोग किया जा सकता है। डीसी जितेन्द्र यादव ने आगे बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर पद्म पुरस्कार के लिए 15 सितंबर तक, वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार-वयोश्रेष्ठ सम्मान के लिए 18 अगस्त तक, व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार-2021 के लिए 28 अगस्त, व्यक्तिगत उत्कृटता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार-2022 के लिए भी 28 अगस्त, दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने में लगे संस्थानों के लिए वर्ष 2021 व 22 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए भी 28 अगस्त, नारी शक्ति पुरस्कार के लिए 31 अक्टूबर, सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए 31 अगस्त और जीवन रक्षा पदक के लिए 30 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है।

## 15 जजों की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीजेएम** कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने बताया कि जिला सत्र एवं न्यायधीश कम चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाईएस राठौर के दिशा-निर्देश पर आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में अदालतों में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 13 अगस्त को जिला फरीदाबाद में 15 जजों की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

इसमें 15 जजों की अदालतों में 138 एनआईएक्ट के लिए एक अदालत, ट्रैफिक चालान व सिविल क्रिमिनल केसों के लिए सात अदालतों, समरी केसों के लिए दो अदालतों, लेबर कोर्ट केसों के लिए एक अदालत, फैमिली मैटर के लिए एक,सिविल इल्क्ट्रीकल केसों के लिए दो,मोटर एक्सीडेंट क्लेम केसों की सुनवाई के लिए एक, प्रमानैन्ट लोक अदालत एक और एमसीएफ लेबर कोर्ट केसों के लिए एक राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुकृति गोयल ने बताया कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. आशु संजीव तिन्जन की अदालत में लेबर कोर्ट केसों, सिविल जज सीनियर डिविजन महेंद्र सिंह की अदालत में परमानेंट लोक अदालत के केसों, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित सिंह चालिया व जिला अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शर्मा की अदालतों में क्रिमिनल, सिविल तथा इलेक्ट्रिसिटी के केसों का निपटारा किया जाएगा। 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत में कोर्ट के केसों का निपटारा लोगों की आपसी सहमति से किया जाएगा।

## एनएसएस की छात्राओं ने जगाई 'हर घर तिरंगा' की अलख

### स्वयं सेविकाएं घर-घर जाकर लोगों को घरों में तिरंगा फहराने के लिए कर रहीं प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में वंदना करते बच्चे।

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान की सफलता में सहयोग देने के लिए जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज की एनएसएस की छात्राएं अलख जगाने का काम कर रही हैं। छात्राएं घर-घर जाकर लोगों को अभियान की जानकारी देते हुए 13 से 15 अगस्त तक घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।

संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया ने छात्राओं के इन प्रयासों की प्रशंसा करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराने व उतारने के नियमों की पूर्ण अनुपालना के निर्देश दिए। जीवीएम की एनएसएस प्रभारी रूचिका विरमानी के नेतृत्व में स्वयंसेविकाएं 'हर घर तिरंगा' अभियान में पूर्ण समर्पण व देशभक्ति के जज्बे के साथ जुट गई हैं।

एनएसएस की छात्राओं ने गन्नौर व खरखौदा सहित सोनीपत नगर में पटेल नगर, अग्रसेन नगर, सेक्टर-23 गढ़ शाहजहांपुर आदि क्षेत्रों में जोरदार जागरूकता अभियान चलाया है। स्वयंसेविका रोहिणी, नेहा, अमृत, हिमानी, खुशी, अंजलि, इतिश्री, शिवानी, आरती व साक्षी कादयान ने इन क्षेत्रों में विशेष रूप से बच्चों व महिलाओं सहित क्षेत्रवासियों को हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी दी है। इस कार्य में कॉलेज की एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रियंका के नेतृत्व में एनसीसी की छात्राएं भी सहयोग कर रही हैं। एनएसएस प्रभारी रूचिका व छात्राओं ने बताया कि वे लोगों को राष्ट्रीय ध्वज को फहराने व उतारने के नियमों की विशेष रूप से जानकारी दे रही हैं ताकि तिरंगे की बेकद्री न हो।

पंजाब के केआरएम डीएवी कॉलेज के तत्वावधान में अभियान के तहत आयोजित क्विज में भी हिस्सा जीवीएम की एनएसएस की छात्राओं ने हिस्सा लिया। एनएसएस प्रभारी रूचिका विरमानी के अनुसार छात्राएं अपने पड़ोस में लोगों को हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी दे रही हैं, ताकि उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि छात्राओं में अभियान के प्रति गजब का जोश देखने को मिल रहा है।

देशभक्ति के जज्बे के साथ छात्राएं घर-घर में तिरंगा फहराने को लालायित हैं। अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए वे हाथों में तिरंगा थाम कर लोगों को प्रेरित और प्रोत्साहित कर रही हैं। आम जनमानस का भी छात्राओं को भरपूर सहयोग मिल रहा है।


## हरियाणा वाल्मीकि महासभा ने सीएम सिटी में निकाली तिरंगा यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**आजादी** के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हरियाणा वाल्मीकि महासभा ने सीएम सिटी में तिरंगा यात्रा निकाली। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा, जिला जेल के डीएसपी.जसवंत सिंह डॉ. धर्मेंद्र, व डीएसडब्ल्यूओ सत्यवान ढिलोड़ ने इसे रवाना किया।

महासभा की तिरंगा यात्रा साढ़े 10 बजे वाल्मीकि चौक से निकली डा. भीमराव आंबेडकर चौक, महात्मा गांधी चौक से सैक्टर-12 से होते हुए आई.टी.आई. चौक पहुंची इसके बाद सैक्टर-9 स्थित वाल्मीकि भवन में तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। यहां तिरंगा फहराने के बाद सभी ने जलपान किया। यात्रा में शामिल नागरिकों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। महासभा के सदस्यों ने दोनों चौक पर तिरंगे भी लगाए।

तिरंगा यात्रा में महासभा के सदस्यों के अलावा सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। हाथों में तिरंगा लेकर पैदल ही कई किलोमीटर की दूरी नापी। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान व शान का प्रतीक है। जिला जेल के डीएसपी जसवंत सिंह ने कहा कि कहा कि तिरंगा हमारा राष्ट्रीय ध्वज है। अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना हर भारतीयों का कर्तव्य है।



सत्यवान ढिलोड़ ने तिरंया यात्रा में शामिल लोगों में जोश भरा। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसमें बढ़-चढ़कर सहयोग करें। हरियाणा वाल्मीकि महासभा के जिला उपप्रधान पवन निसिंग ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में आगामी 13 से 15 अगस्त तक हर घर की छत पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने जनता से अपील कि इस अभियान का हिस्सा बनें।

यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। सुबह साढ़े 10 बजे तिरंगा यात्रा शुरू हुई। दोपहर करीब 2 बजे इसका समापन हुआ। सत्यवान डिलोढ की पत्नी संतोष ढिलौङ ने सैक्टर-9 स्थित वाल्मीकि भवन में 51 थाली, 51 गिलास, 51 चम्मच, 51 गिलास के अलावा डोने व जग भेंट किए।


इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा, डॉ. धर्मेंद्र, जिला जेल के डीएसपी जसवंत सिंह, डीएसडब्ल्यूओ सत्यवान ढिलौड़; तेजिंद्र बिडलान, संजीव जलमाना, राजिंद्र कल्याण,संजय लोहट, एडवोकेट गीता, कर्मबीर कल्याण, राजेन्द्र जुण्डला, कैलाश, सुभाष बुंबक, राजिंद्र चिंडालिया, विक्की जानी, बबली, नंदलाल अम्बाला, विष्णुदत्त पानीपत,दीपक व अशोक निसिंग मौजूद रहे।

## तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीका: भड़ाना

पयनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आजादी** के 75 वर्ष पूर्व होने पर चल रहे अमृत महोत्सव के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत एनआईटी क्षेत्र की जवाहर कॉलोनी कॉलोनी में डिपो धारक विवेक के यहां पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने लोगों का राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया।

इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में 'भारत माता की जय' 'वंदे मातरम' जैसे गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को देशभक्तिमय कर दिया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन-



बान-शान का प्रतीक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जो इस बार हर घर तिरंगा अभियान चलाया है, उसको लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है और राष्ट्रीय ध्वज को अपने घरों पर लगाने की कवायद लोगों ने शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि आजादी हमारे धरोहर है और इसको हासिल करने के लिए हमारे पूर्वजों, महापुरुषों व देशभक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, इसलिए हमारा दायित्व बनता है कि हम उनकी इस धरोहर को सहेजकर रखे और युवा पीढ़ीको अपने देश के इतिहास के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक करेंगे।

पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना ने लोगों से आह्वान किया कि वह हर घर तिरंगा अभियान को सार्थक करने में अपना योगदान दें और 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक अपने निवास पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अवश्य लगाएं। इस अवसर पर पूर्व पार्षद गजेंद्रपाल, राकेश सेन, विरेंद्र राठौर, सुरेंद्र रावत, सूरज, बीर सिंह, मुकेश त्यागी, सुनील नागर, परागनाथ सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## नवनीत कौर ने देश की गोद में डाला कांस्य पदक

### नवनीत के घर बधाई देने वालों का लगा तांता

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**महिला** हॉकी टीम ने शाहाबाद की बेटी ओलंपियन नवनीत कौर के विजयी गोल की बदौलत कांस्य पदक देश की गोद में डाला है। नवनीत कौर के घर बधाई देने वालों का तांता लगा है क्योंकि महिला हॉकी टीम की इस जीत से हॉकी प्रेमियों में खुशी की लहर है।

नवनीत कौर के पिता बूटा सिंह ने कहा कि यह पूरे देश की जीत है। बेटियों ने साबित कर दिया है कि आज देश के गौरव दिलाने में उनका भी बराबर योगदान है। उन्होंने बताया कि पूरी टीम का प्रदर्शन लाजवाब रहा है। उन्हें खुशी है कि उनकी बेटी टूर्नामेंट में हीरे की भांति चमकती रही। बूटा सिंह ने नवनीत कौर के शानदार प्रदर्शन का श्रेय कोच बलदेव सिंह को दिया है। नवनीत कौर के चाचा मनजीत सिंह नागपाल ने कहा कि शुरूआती दौर में इंडिया टीम ने बढ़त बना कर रखी थी, लेकिन जब मैच पेनल्टी शूट आऊट पर पहुंचा, तो मन में घबराहट थी। मगर उन्हें खुशी हुई कि उनकी बेटी ने विजय गोल दाग कर कांस्य पदक देश की गोदी में डाला है। उन्होंने कहा कि शाहाबाद पहुंचने पर नवनीत का स्वागत ढोल धमाके के साथ किया जाएगा। बधाई देने के लिए पहुंचे सभी खेल प्रेमियों को मिठाई खिला कर मुंह मीठा करवाया गया।

इस जीत पर सांसद नायब सैनी, पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण बेदी, कर्णराज सिंह तूर, मुलख राज गुंबर, विक्रम अटवान, एडवोकेट संदीप टिवाना, एडवोकेट गौरव बेदी, अरूण कंसल, कर्ण प्रताप सिंह, रिंकू बैरागी ने खुशी प्रकट करते हुए देश की बेटियों की बधाई दी है।


नवनीत कौर के मेडलों को दिखाते परिजन।

### नवनीत की मां ने भी की अरदास

**बॉलीवुड** की प्रसिद्ध फिल्म एमएस धोनी में क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की मां मैच न देख कर अपनी बेटे की विजय के लिए अरदास करती थी, ठीक उसी तरह नवनीत कौर की मां ने भी मैच नहीं देखा और पूरा समय अपनी बेटी की जीत के लिए अरदास करती रही। नवनीत कौर की माता बलविन्द्र कौर ने बताया कि मैच के निर्णय को लेकर वह चिंतित थी। इसलिए उन्होंने मैच की एक झलक भी नहीं देखी। मगर जब टीम मैच जीत गई, तो मात्था टेकने के बाद उन्होंने देश की बेटियों को खुशी मनाते हुए देखा।

### जीतकर लौटने का वचन पूरा किया बहन ने : युवराज

नवनीत कौर के भाई युवराज सिंह ने बताया कि बहन नवनीत कौर उससे वायदा करके गई थी कि कॉमन वेल्थ खेलों में वह जीत कर लौटेंगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इन बेटियों ने देश को अनमोल तोहफा दिया है।

## हादसा : तेज बारिश में अचानक धड़ाम से गिरी कमरे की छत, बुजुर्ग की मौत

### मृतक की पत्नी भी गंभीर रूप से हुई घायल, अधिकारियों ने किया घटनास्थल किया मुआयना

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**गांव** जयसिंहपुर में कई दिनों से चल रही भारी बरसात के कारण रात को करीब दो बजे एक कड़ियों से बने मकान की छत गिरने से दर्दनाक हादसा हो गया। छत गिरकर मलबे में दबने के कारण नीचे सो रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि साथ ही दूसरी चारपाई पर सो रही उसकी पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। जैसे ही नीचे के मकान में सो रहे बेटे ने धड़ाम की आवाज सुनी तो

पड़ोसियों को बुलाया और सभी ने कड़ी मशक्कत से दरवाजा तोड़कर मलबे में दबे दंपति को निकाला। रात को ही दोनों को आनन फानन में नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां 70 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जबकि उसकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गांव जयसिंहपुर निवासी 70 वर्षीय बलदेव सिंह और उसकी पत्नी मूर्ति छत पर बने चौबारे में हर रोज की तरह सो रहे थे। रात को करीब दो बजे अचानक धड़ाम की आवाज आई। नीचे कमरे में सो रहे बलदेव के बेटे ने आवाज सुनकर बाहर आकर देखा तो चौबारे की छत गिरी हुई थी। उसने आसपास के लोगों को बुलाया।

ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर छत गिरे हुए कमरे में एंट्री करके मलबे में दबे बुजुर्ग बलदेव और उसकी पत्नी को बाहर निकाला। मलबे के नीचे दबने के कारण बलदेव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी मूर्ति देवी की हालात गंभीर बनी हुई है। जिसका इलाज नागरिक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

कानूनगो रघबीर सिंह ने बताया कि कई दिनों से चल रही बरसात के कारण ही बलदेव के मकान की छत गिरी है। बलदेव का मकान कच्च कड़ियों वाला था। जिसके गिरकर दबने से उसकी मौत हो गई। परिवार की हालात काफी गरीब है। यह रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी।

### परिवार की हालात काफी गरीब, ग्रामीणों ने लगाई मदद की गुहार

ग्रामीण नरेंद्र सिंधड़, आजाद नंबरदार, भतीजे नरेश ने बताया कि बलदेव के परिवार की हालत दयनीय है। थोड़ी सी जमीन है जोकि जोहड़ के पास लगती है। जिसमें खाने की फसल करना भी बड़ा मुश्किल है। जिस कारण से परिवार काफी लंबे समय से कच्ची कड़ियों के मकान में रह रहा था। अब परिवार पर दूखों को पहाड़ टूट पड़ा है। इसलिए प्रशासन और सरकार से मांग है कि परिवार की आर्थिक मदद की जाए। ताकि वह अपना मकान बना सके।


# जलवायु परिवर्तन से मौसम एजेंसियों के लिए पूर्वानुमान मुश्किल हुआ

## आईएमडी महानिदेशक ने कहा, हमारे पास 1901 से लेकर अब तक का मानसूनी बारिश का डेटा उपलब्ध

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन ने मौसम संबंधी गंभीर घटनाओं की सटीक भविष्यवाणी करने की पूर्वानुमान एजेंसियों की क्षमता को प्रभावित किया है। उन्होंने बताया कि दुनियाभर की मौसम एजेंसियां अपने निगरानीअवलोकन नेटवर्क और मौसम पूर्वानुमान मॉडल में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

कहा, भारी बारिश में वृद्धि और हल्की वर्षा के दिनों में कमी जलवायु परिवर्तन की नतीजा



महापात्रा ने यह भी कहा कि हालांकि, देश में मानसूनी बारिश का कोई स्पष्ट रुझान देखने को नहीं मिला है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण भारी वर्षा के मामले बढ़े हैं, जबकि हल्की बारिश की घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। भारत में मानसून पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमारे पास 1901 से लेकर अब तक का मानसूनी बारिश का डेटा उपलब्ध है। इसके तहत उत्तरी, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बारिश में कमी, जबकि पश्चिम में कुछ क्षेत्रों, मसलन पश्चिमी राजस्थान में वर्षा में वृद्धि की बात सामने आती है।

उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि अगर बारिश नहीं हो रही है तो यह एकदम नहीं हो रही है। अगर बारिश हो रही है तो बहुत ज्यादा पानी बरस रहा है। कम दबाव वाला क्षेत्र बनने पर बारिश अधिक तीव्र होती है। यह भारत सहित उष्णकटिबंधीय बेल्ट में देखे जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण रुझानों में से एक है। अध्ययनों ने साबित किया है कि भारी बारिश की घटनाओं में वृद्धि और हल्की वर्षा के दिनों में कमी जलवायु परिवर्तन का नतीजा है।

### जलवायु परिवर्तन ने वायुमंडल में अस्थिरता बढ़ाई

**वरिष्ठ** मौसम विज्ञानी ने समझाया कि जलवायु परिवर्तन ने सतह पर बहने वाली हवाओं के तापमान में वृद्धि की है, जिससे वाष्पीकरण दर में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि चूंकि, गर्म हवा में अधिक नमी होती है, लिहाजा यह तीव्र बारिश का कारण बनती है। मौसम विज्ञानी ने कहा, जलवायु परिवर्तन ने वायुमंडल में अस्थिरता बढ़ा दी है, जिससे संवहनी गतिविधियों, मसलन बादल गरजने, बिजली कड़कने और भारी बारिश होने के मामलों में वृद्धि हुई है। अरब सागर में चक्रवातों की तीव्रता भी बढ़ती जा रही है।

# अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन से सैन्य अभ्यास रोकने का आग्रह किया

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका,** ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन से अपना सैन्य अभ्यास तत्काल रोकने का आग्रह किया। तीनों देशों ने ताइवान जलडमरूमध्य में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री हयाशी योशिमासा ने नोम पेन्ह में दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर मुलाकात करने के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया। बयान में कहा गया है, विदेश मंत्रियों ने ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

उन्होंने ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव कम करने के महत्व को लेकर आसियान के बयान की सराहना की। विदेश मंत्रियों ने कूटनीति की आवश्यकता पर जोर देते हुए बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास करने सहित पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) की उन हालिया कार्वाइयों पर चिंता व्यक्त की, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। संयुक्त बयान में कहा गया है, उन्होंने पीआरसी द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किए जाने की निंदा की। जापान सरकार ने बताया है कि इनमें से पांच मिसाइल उसके विशेष आर्थिक क्षेत्र में गिरीं।

इन प्रक्षेपणों से तनाव बढ़ा है और क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हुई है। विदेश मंत्रियों ने पीआरसी से सैन्य अभ्यासों पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया। विदेश मंत्रियों ने स्पष्ट किया कि जहां एक चीन नीति लागू है, उसके संबंध में और ताइवान को लेकर ऑस्ट्रेलिया, जापान या अमेरिका के मूल रुख में कोई बदलाव नहीं आया है।

अयोध्या में जमीन की अवैध खरीद-फरोख्त करने वालों के नाम उजागर

# अयोध्या विकास प्राधिकरण की सूची में भाजपा विधायक और महापौर भी शामिल

एडीए के उपाध्यक्ष ने कहा, अवैध रूप से भूखंड बेचने वालों में महापौर और विधायक भी हैं शामिल

सांसद लल्लू सिंह ने मुख्यमंत्री से मामले की एसआईटी से जांच कराने की मांग की थी



एजेंसी। अयोध्या /लखनऊ

**अयोध्या** विकास प्राधिकरण ने अपने क्षेत्र में अवैध रूप से भूखंड बेचने और उन पर निर्माण कार्य कराने वाले 40 लोगों की सूची जारी की है। इनमें अयोध्या के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक वेद प्रकाश गुप्ता भी शामिल हैं।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने रविवार को बताया कि प्राधिकरण द्वारा शनिवार रात प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध रूप से जमीन की खरीद-फरोख्त और निर्माण कार्य कराने वाले 40 लोगों की एक सूची जारी की गई। उन्होंने कहा कि सूची में शामिल इन सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण द्वारा जारी सूची में भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय के नाम भी शामिल हैं। गुप्ता और उपाध्याय ने बातचीत में आरोप लगाया कि यह एक साजिश है और उन्हें गलत तरीके से इस मामले में फंसाया गया है।

सूची में मिल्कीपुर क्षेत्र से पूर्व भाजपा विधायक गोरखनाथ बाबा का नाम भी शामिल हैं। गौरतलब है कि इस साल के शुरू में हुए विधानसभा चुनाव से पहले अयोध्या में गलत तरीके से जमीन की खरीद-फरोख्त किए जाने का मामला गर्माया था। क्षेत्रीय सांसद लल्लू सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर इस मामले की विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) से जांच कराने की मांग की थी।

इससे पहले सपा ने अपने आधिकारिक हैंडल से किए गए ट्वीट में कहा था, अयोध्या में भाजपाइयों का पाप भाजपा के महापौर, नगर विधायक और पूर्व विधायक भू-माफियाओं के साथ मिलकर बसा रहे अवैध कॉलोनियां। जिम्मेदार विभागों से सांठगांठ कर अब तक 30 अवैध कॉलोनियां बसाकर सरकार को अरबों रुपये के राजस्व का लगाया चूना। मामले की हो जांच। दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई।

### प्रभु श्रीराम के नाम पर जमीन घोटाले का खुलासा सबसे पहले मैंने किया था : आप

**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह ने भी अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा सूची जारी किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के लोगों की आस्था भगवान श्रीराम में नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार में है। सिंह ने एक बयान में कहा कि प्रभु श्री राम के नाम पर जमीन के घोटाले का खुलासा सबसे पहले उन्होंने किया था और उस वक्त भी अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय का नाम आया था।

### जारी सूची में भाजपा के पूर्व विधायक भी शामिल

**आप** के प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि आज जमीन का घोटाला करने वाले लोगों की जो सूची जारी हुई है, उसमें अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, अयोध्या नगर के भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा का भी नाम शामिल है।

### अखिलेश बोले, भाजपा के भ्रष्टाचारी अयोध्या को तो छोड़ दें

**यूपी** के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक ट्वीट कर इस मामले पर कहा हमने पहले भी कहा है, फिर दोहरा रहे हैं, भाजपा के भ्रष्टाचारी कम-से-कम अयोध्या को तो छोड़ दें।

# संसद निष्क्रिय हो गई है, लोकतंत्र सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहा : चिदंबरम

चिदंबरम ने आरोप लगाया कि संस्थानों को नियंत्रित, कमजोर किया जा रहा


कहा, सभापति चालू सत्र में विपक्ष के नेता को ईडी के बुलाने से रोकने में असफल रहे

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि संसद निष्क्रिय हो गई है। चिदंबरम ने आरोप लगाया कि संस्थानों को नियंत्रित, कमजोर किया जा रहा है या उन पर कब्जा कर लिया गया है और देश में लोकतंत्र सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू सत्र चालू रहने के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तलब किए जाने से विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को बचाने में असफल रहे। चिदंबरम ने एक साक्षात्कार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उन टिप्पणियों को खारिज किया। जिनमें उन्होंने बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन को राम मंदिर की नींव रखे जाने के दिन से जोड़ा था। उन्होंने कहा कि जब प्रदर्शन की तारीख तय की गई, उस समय शिलान्यास की वर्षगांठ की बात तो दिमाग में दूर-दूर तक नहीं थी।

चिदंबरम ने कहा कि यह तारीख इस बात को ध्यान में रखकर तय की गई थी कि शनिवार को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान होने के कारण दिल्ली में सभी सांसद मौजूद होंगे। उन्होंने कहा कि तर्क को तोड़ने-मरोड़ने के लिए कोई भी व्यक्ति किसी पर भी दोषारोपण कर सकता है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, पांच अगस्त, 2019 को ही जम्मू-कश्मीर को अवैध रूप से विभाजित किया गया था। शाह ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बढ़ोतरी के मुद्दों को लेकर कांग्रेस द्वारा काले कपड़े पहनकर किए गए प्रदर्शन को पार्टी की तुष्टीकरण की नीति बताया था और कहा था कि उसने पांच अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम मंदिर की आधारशिला रखे जाने का विरोध करने के लिए यह प्रदर्शन किया।



### एमपी सरकार 2030 तक अतिरिक्त हरित ऊर्जा का उत्पादन करेगी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से 2030 तक 20,000 मेगावाट अतिरिक्त हरित ऊर्जा उत्पन्न करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें चंबल क्षेत्र में एक सौर संयंत्र की स्थापना करना शामिल है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सरकार इस ऊर्जा की आपूर्ति अन्य राज्यों को भी करेगी। मध्य प्रदेश में मौजूदा समय में विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से 5,500 मेगावाट हरित ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। हरित ऊर्जा का एक बड़ा हिस्सा सौर ऊर्जा के माध्यम से हासिल किया जाता है। मध्य प्रदेश ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजय दुबे ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने अन्य राज्यों को आपूर्ति करने के लिए मध्य प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से 2030 तक 20,000 मेगावाट अतिरिक्त हरित ऊर्जा का उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# मध्य प्रदेश : आकाशीय बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत

एजेंसी। भोपाल

**मध्य प्रदेश** के विदिशा, सतना और गुना जिले में आकाशीय बिजली गिरने से पिछले 24 घंटों में नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य झुलस गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। गंजबा सौदा पुलिस थाने के उपनिरीक्षक कुंवर सिंह मुकाती ने बताया कि विदिशा जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर गंजबासौदा तहसील के आगासौद गांव में शनिवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से इमली के पेड़ के नीचे खड़े चार लोगों की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान गालू मालवीय, रामू, गुड्डा और प्रभु लाल के रूप में हुई है। सभी मृतकों की उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच थी। मुकाती के मुताबिक, तेज बारिश के कारण चारों पेड़ के नीचे खड़े हो गए थे, तभी तेज चमक के साथ पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम के बाद चारों शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार, एक अन्य घटना में सतना जिले के नागौद थाना क्षेत्र के पोड़ी-पतौरा गांव में शनिवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक खेत में काम कर रहे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

गुजरात विस चुनाव

# केजरीवाल ने कीं आदिवासियों के लिए कई घोषणाएं

एजेंसी। वड़ोदरा

**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी गुजरात में सत्ता में आती है तो राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में संविधान की पांचवीं अनुसूची और पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम को लागू किया जाएगा।

केजरीवाल ने यह भी गारंटी दी कि गुजरात की आदिवासी सलाहकार समिति का नेतृत्व मुख्यमंत्री के बजाय समुदाय के एक व्यक्ति द्वारा किया जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने गुजरात के अपने दौरे के दूसरे दिन वड़ोदरा में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। गुजरात में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। दरअसल, संविधान की पांचवीं अनुसूची अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण से संबंधी प्रावधानों से संबंधित है। पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, जिसे पेसा अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है, को 1996 में संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था।

पेसा अधिनियम के तहत देश के विभिन्न राज्यों को अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को मजबूत करने के लिए इस अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नियम बनाने को कहा गया था। केजरीवाल ने कहा, हम संविधान की पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों को शब्दश: लागू करेंगे। हम पेसा अधिनियम को भी सख्ती से लागू करेंगे, जो कहता है कि कोई भी सरकार ग्राम सभा की सहमति के बिना आदिवासी क्षेत्र में कार्रवाई नहीं कर सकती।

### संस्कृति मंत्रालय स्मारकों की निगरानी को गूगल से साझेदारी का इच्छुक

**नई दिल्ली।** अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर भरोसा करते हुए संस्कृति मंत्रालय ने 3,600 से अधिक केंद्र-संरक्षित स्मारक स्थलों की बेहतर निगरानी के लिए इनकी डिजिटल रूप से मैपिंग करने की योजना बनाई है। इससे स्मारकों की सुरक्षा को मजबूती मिलने के साथ ही अतिक्रमण को रोकने में भी मदद मिलेगी।

केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी का कहना है कि इस कार्य में गूगल सरकार की मदद कर सकता है और मंत्रालय और दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनी के बीच बातचीत चल रही है। भारत में कुल 3,693 विरासत स्थल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के तहत संरक्षित हैं जो मंत्रालय के दायरे में आते हैं। संस्कृति मंत्रालय और गूगल के बीच एक दशक से चली आ रही साझेदारी को जारी रखते हुए आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार रात यहां सुंदर नर्सरी में आयोजित एक कार्यक्रम में इंडिया की उड़ान नामक परियोजना का अनावरण किया गया।

# उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

एजेंसी। गोरखपुर (उप्र)

**गोरखपुर** की एक स्थानीय अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री डॉक्टर संजय निषाद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। अदालत के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। संजय निषाद 10 अगस्त को अदालत में पेश होंगे। गोरखपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) द्वारा राज्य सरकार के मंत्री और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) के प्रमुख डॉक्टर संजय निषाद के खिलाफ वर्ष 2015 में आंदोलन के एक मामले में यह गैर जमानती वारंट जारी किया गया है।

अधिवक्ता सुशील साहनी ने बताया कि वर्ष 2015 में निषाद आरक्षण को लेकर कसरवल में हुए आंदोलन में दर्ज मामले में सीजेएम की अदालत ने चार अगस्त को प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉक्टर संजय निषाद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया और यह छह अगस्त को शाहपुर थाने को भेज दिया गया।



अदालत ने 2015 में हुए आंदोलन के एक मामले में जारी किया वारंट

हालांकि, संजय निषाद के अधिवक्ता सुरेंद्र निषाद ने वारंट को जमानती बताते हुए कहा कि संजय निषाद 10 अगस्त को अदालत के सामने पेश होंगे। निषाद पार्टी के मीडिया प्रभारी निक्की निषाद ने बताया कि फिलहाल संजय निषाद विशाखापत्तनम में हैं। गौरतलब है कि निषादों को आरक्षण देने की मांग को लेकर 2015 में हुए उग्र आंदोलन में संजय निषाद समेत 37 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

संजय निषाद (मामले में) की सुनवाई सीजेएम अदालत में चल रही है। इसे एमपी-एमएलए अदालत में स्थानांतरित किया जाना है। निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र मणि निषाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान निषाद पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे और ए मामले फर्जी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने पार्टी कार्यकर्ताओं को पीटा था और पुलिस फायरिंग में पार्टी के एक सदस्य की कथित तौर पर मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान : बंदूकधारियों के हमले में चार की मौत, विधायक घायल

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक दल के एक प्रांतीय विधायक को निशाना बनाकर किए गए बंदूकधारियों के हमले में उनके भाई-भतीजे और दो पुलिसकर्मियों समेत कुल चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विधायक हमले में घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के विधायक मलिक लियाकत खान इस हमले में घायल हो गए। हालांकि, शनिवार देर रात हमले में तीन अन्य लोगों के साथ घायल हुए विधायक को प्रांतीय राजधानी पेशावर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल, इस हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। हमला रूढ़िवादी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के निचले दीर जिले के मैदानी इलाके में हुआ। इस प्रांत में इमरान खान की पार्टी की सरकार है।

### सपा विधायक ने भाजपा-आरएसएस की तुलना अंग्रेजों से की

**संभल ( उप्र )।** मुरादाबाद जिले के कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक जियाउर्रहमान बर्क के विवादित बयान का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तुलना आजादी से पहले देश पर राज करने वाले अंग्रेजों से की है। सपा विधायक ने अपने बयान में कहा कि केवल तिरंगा फहराने से देशभक्ति नहीं साबित होती। देश के प्रति वफादारी के लिए मुसलमानों को किसी प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। ये लोग मुद्दों से भटकाना चाहते हैं, इसलिए मैं इसकी मुखालफत करता हूं। तिरंगा लगाने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन यह लोग मुद्दे से भटकाना चाहते हैं, इसलिए मैं इनका विरोध करता हूं। विधायक द्वारा दिए गए बयानों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। उन्होंने कहा कि हमारा देश आजाद जरूर हुआ है, लेकिन पहले देश पर अंग्रेज राज कर रहे थे, आज वे लोग राज कर रहे हैं जिनका देश की आजादी में कोई भूमिका नहीं रही है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई के दौरान दर्जनों लोग जेल गए जिसमें मुस्लिम भी शामिल हैं, लेकिन आरएसएस का कोई भी व्यक्ति स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल नहीं हुआ। विधायक ने आरएसएस कार्यालय पर अभी तक तिरंगा न फहराने पर सवाल खड़ा किया और कहा कि हम लोग हमेशा से तिरंगा लहराते आए हैं, लेकिन जो लोग आज घर-घर तिरंगा लगवा रहे हैं वो अपने गिरेबान में झांककर देखें। उन्होंने पूछा कि देश की आजादी के इतने साल बाद भी क्यों आज तक आरएसएस के कार्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया गया।

### आर्या वालवेकर ने जीता मिस इंडिया यूएसए का खिताब

**वाशिंगटन।** वर्जीनिया की भारतीय अमेरिकी किशोरी आर्या वालवेकर ने इस साल मिस इंडिया यूएसए का खिताब अपने नाम कर लिया है। आर्या (18) को न्यूजर्सी में आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता में मिस इंडिया यूएसए 2022 का ताज पहनाया गया। अभिनेत्री बनने की इच्छुक आर्या ने कहा, स्क्रीन पर स्वयं को देखना और फिल्मों एवं टेलीविजन में अभिनय करना बचपन से मेरा सपना रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें नई-नई जगहों पर जाना, खाना पकाना और विभिन्न मुद्दों पर वाद-विवाद करना पसंद है। यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया की छात्र सौम्या शर्मा दूसरे और न्यूजर्सी की संजना चेकुरी तीसरे स्थान पर रहीं।



# देशभर में 27 लाख बिजली कर्मियों का संगठन उतरेगा सड़कों पर

## निजीकरण के लिए संसद में रखे जा रहे विद्युत (संशोधन) विधेयक के विरोध में करेंगे कार्य बहिष्कार

एजेंसी। लखनऊ

**लोकसभा** में विद्युत (संशोधन) विधेयक 2022 पेश करने की केंद्र सरकार की तैयारियों के बीच देश के लाखों बिजली कर्मचारी सोमवार को इसके खिलाफ कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन करेंगे। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने रविवार को लखनऊ में बताया कि बिजली के निजीकरण के लिए संसद में रखे जा रहे विद्युत (संशोधन) विधेयक के विरोध में देश के 27 लाख बिजली कर्मचारी सोमवार को कार्य बहिष्कार करते हुए सड़कों पर उतरकर दिनभर प्रदर्शन करेंगे।

दुबे के मुताबिक, फेडरेशन ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील करते हुए कहा है कि विद्युत (संशोधन) विधेयक को संसद में जल्दबाजी में पारित न कराया जाए। बिजली उपभोक्ताओं तथा बिजली कर्मचारियों सहित सभी पक्षों से विस्तृत चर्चा करने के लिए इस बिल को संसद की बिजली मामलों की स्थाई समिति के पास भेजा जाए।

उन्होंने कहा कि लोकसभा सदस्यों को विद्युत (संशोधन) विधेयक का मसौदा पांच अगस्त को दिया गया है और इस पर केंद्रीय विद्युत मंत्री आरके सिंह ने दो अगस्त को हस्ताक्षर किए हैं, जिससे स्पष्ट है कि इस बिल पर किसी भी दूसरे पक्ष से राय नहीं मांगी गई है, जो मात्र तीन दिन में संभव भी नहीं है। दुबे के अनुसार, बिजली भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में है, जिसका अर्थ यह है कि बिजली के मामले में कानून बनाने में केंद्र और राज्य का बराबर का अधिकार है, मगर इस विधेयक पर केंद्र सरकार ने किसी भी राज्य से राय नहीं मांगी है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष संयुक्त किसान मोर्चा को पत्र लिखकर वादा किया था कि किसानों और अन्य संबंधित पक्षों से विस्तृत चर्चा किए बगैर विद्युत (संशोधन) विधेयक को संसद में नहीं पेश किया जाएगा। दुबे ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से आज तक कोई बातचीत नहीं की है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस एकतरफा कार्यवाही से बिजली कर्मचारियों में भारी रोष है। दुबे के मुताबिक, विद्युत (संशोधन) विधेयक 2022 में यह प्रावधान है कि एक ही क्षेत्र में एक से अधिक वितरण कंपनियों को लाइसेंस दिया जाएगा। यानी निजी क्षेत्र की नई वितरण कंपनियां सरकारी क्षेत्र के नेटवर्क का इस्तेमाल कर बिजली आपूर्ति कर सकेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे निजी कंपनियां मात्र कुछ शुल्क देकर मुनाफा कमाएंगी और परिणामस्वरूप सरकारी कंपनियां दिवालिया हो जाएंगी।

फेडरेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे ने कहा बिजलीकर्मियों का प्रदर्शन होगा आज



### विधेयक से संघीय ढांचे पर भी प्रहार

**बिजली** कर्मचारी फेडरेश के अध्यक्ष दुबे ने कहा कि केंद्र ने इस विधेयक को लोकसभा में पेश कर पारित कराने की कोशिश है, जो संसदीय परंपरा का खुला उल्लंघन होने के साथ-साथ देश के संघीय ढांचे पर प्रहार भी है।

### कर्मियों, उपभोक्ताओं पर पड़ेगा दूरगामी दुष्प्रभाव

**दुबे** ने दावा किया कि विद्युत (संशोधन) विधेयक के जरिए केंद्र सरकार विद्युत अधिनियम-2003 में संशोधन करने जा रही है, जिसके बिजली कर्मचारियों और उपभोक्ताओं पर दूरगामी नुकसानदेह प्रभाव पड़ने वाले हैं।

### धमकी देने पर नवाब मलिक के भाई पर मामला दर्ज दर्ज


**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक के छोटे भाई इकबाल मलिक के खिलाफ एक आरटीआई कार्यकर्ता ने कथित तौर पर धमकी देने का मामला दर्ज कराया है।

एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) कार्यकर्ता विनोद सोनकांबले ने अपनी शिकायत में कहा है कि इकबाल मलिक ने पिछले महीने कुर्ला में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के वार्ड कार्यालय में उन्हें धमकी दी थी, जब उन्होंने इलाके में अवैध निर्माण का मुद्दा उठाया था। कार्यकर्ता ने कहा कि इस साल मई में उन्होंने बीएमसी अधिकारियों से संपर्क किया और कुर्ला में 80 से अधिक अवैध ढांचे के बारे में शिकायत की। ये ढांचे कथित तौर पर गुलाम मुस्तफा मलिक के थे, जिन्हें इकबाल मलिक जानते थे।

# श्रीकांत पर कसा शिकंजा, पुलिस निगरानी में रहेगी पत्नी

## पूछताछ के लिए ड्राइवर को हिरासत में लिया, ओमेक्स ग्रैंड हाउसिंग सोसाइटी के बाहर पुलिस बल तैनात

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा





फाइल फोटो

**नोएडा** की ओमेक्स ग्रैंड हाउसिंग सोसाइटी में महिला के साथ अभद्रता और मारपीट करने वाला श्रीकांत त्यागी फरार है। करीब 48 घंटों से गौतमबुद्ध नगर पुलिस उसकी तलाश कर रही है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने अब तक करीब 50 से ज्यादा स्थानों पर दबिश दी हैं।

हालांकि, वह पुलिस की पकड़ से दूर है। श्रीकांत त्यागी की पत्नी मनु त्यागी अब पुलिस की निगरानी में रहेगी। दूसरी ओर थाना फेस.2 पुलिस ने श्रीकांत त्यागी के ड्राइवर सुरेंद्र सिंह को हिरासत में लिया है। आपको बता दें कि रविवार की दोपहर बाद नोएडा पुलिस सूचना मिलने पर श्रीकांत त्यागी के घर छापा मारने पहुंची थी। रविवार की दोपहर पुलिस को किसी ने कोई जानकारी दी थी। जिसके तुरंत बाद थाना फेस-2 से पुलिस टीम श्रीकांत त्यागी के घर पहुंची। पुलिस को देखते ही श्रीकांत त्यागी की पत्नी मनु त्यागी ने अपने घर का दरवाजा लॉक कर लिया, लेकिन नोएडा पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद श्रीकांत त्यागी के घर का दरवाजा खुलवाया। पुलिस ने रविवार की दोपहर बाद श्रीकांत त्यागी के घर पहुंचकर उसके ड्राइवर सुरेंद्र को हिरासत में ले लिया है।

दूसरी ओर श्रीकांत को गिरफ्तार करने के लिए गौतमबुद्ध नगर पुलिस की 5 टीम ताबड़तोड़ दबिश दे रही हैं। श्रीकांत त्यागी के निकट दोस्तों, रिश्तेदारों और व्यवसायिक संबंध रखने वाले लोगों के यहां पुलिस ने छानबीन की हैं।

इस समय सोसाइटी के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। पुलिस को आशंका है कि ऐसे विपरीत परिस्थितियों में श्रीकांत त्यागी अपनी पत्नी मनु त्यागी और बच्चों से मिलने आ सकता है। सोसाइटी में आवागमन करने वाले हर व्यक्ति पर पुलिस की पैनी नजर है।

श्रीकांत त्यागी के अलावा उसकी पत्नी मनु त्यागी और रिश्तेदारों की भी कॉल डिटेल निकाली जा रही है। श्रीकांत त्यागी को पकड़ने के लिए 8 टीम का गठन किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की पूरी रात नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हाई अलर्ट जारी रहा। जिले में एंट्री करने वाले और जिले से बाहर जाने वाले हर वाहन की जांच की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि श्रीकांत त्यागी जिले में ही कहीं छुपा हुआ है और वह यहां से भाग सकता है। महिला के साथ अभद्रता और मारपीट करने वाले श्रीकांत त्यागी को गिरफ्तार करने के लिए गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी की हैं। पुलिस ने पिछले करीब 48 घंटों में श्रीकांत त्यागी को तलाश करने के लिए दिल्ली, लखनऊ, गुरुग्राम, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और वेस्टर्न यूपी के कई जिलों में दबिश दी हैं। एडीसीपी कुमार रणविजय सिंह ने कहा, गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने श्रीकांत त्यागी को कोई सुरक्षा मुहैया नहीं करवाई है।

उसके खिलाफ कार्रवाई चल रही है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी। उसके घर से तीन कारें सीज की गई हैं। मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

### बिना सर्च वारंट के घर में घुसने का आरोप

**नोएडा।** श्रीकांत त्यागी का परिवार समर्थन में आगे आ गया है। इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो में त्यागी के स्वजन होने का दावा कर बच्चों ने परेशान करने का आरोप लगाया है। बच्चों का कहना है कि घर में डर के कारण पंखे व लाइट बंद करके पड़े हुए है। घर में सिर्फ बच्चे मौजूद बच्चे डरे हुए है। वायरल वीडियो में त्यागी के चचेरी बहन का कहना है कि पुलिस बच्चों की मां को 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में रखा, जबकि उनका कोई दोष नहीं है। बच्चे घटना के बाद से रो रहे है। वहीं परिवार ने आरोप लगाया है कि पुलिस घर में बिना वारंट घुसी और गाड़ी ले गई

## संक्षिप्त समाचार



कुख्यात बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली, गिरफ्तार करने के बाद अस्पताल में इलाज के लिए ले जाते पुलिस वाले।

### नमस्ते अंकल कहकर लूट को देता था अंजाम, गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर 39 पुलिस की रविवार सुबह एक बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गयी। यह बदमाश मॉर्निंग वॉक करने वाले बुजुर्गों से चैन आदि लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। दरअसल थाना सेक्टर 39 पुलिस सुबह.सुबह सदरपुर चौकी क्षेत्र में जंगल के पास चेकिंग कर रही थी, तभी एक संदिग्ध आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन वह नहीं रुका और भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग की। जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग और वह घायल होकर गिर गया। मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। बदमाश की पहचान शातिर लुटेरे बब्बू के रूप में हुई है।

### दो वारंटी को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना पुलिस ने रविवार को केन्द्रीय विद्यालय के पास से एक मुकदमें में वांरटी चल रहे खोड़ा गाजियाबाद निवासी गोविन्द को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस टीम ने वर्ष 2008 के एक मुकदमें में वांरटी चल रहे विजयनगर गाजियाबाद निवासी सन्तरपाल को उसके घर से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### चार बाइक चोर धरे, दस बाइक बरामद

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने रविवार को चार शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 चोरी की बाइक, 5 बाइकों के पार्ट्स और औजार बरामद हुए हैं। एडिशनल डीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि फेस 2 पुलिस ने चेकिंग के दौरान गेझा बूथ के पास से चोरी की बाइक के साथ चार चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अरोपी मथुरा के रहने वाला कर्ण, सलमान और अलीगढ़ के रहने वाले अवनेश, पुष्पेन्द्र है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि ये शातिर किस्म के वाहन चोर हैं। आरोपी हरियाणा, दिल्ली, एनसीआर और उत्तर प्रदेश के अलग.अलग जनपदों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

### दंपति का अपहरण, पुलिस ने छुड़ाया

**गाजियाबाद।** रविवार दोपहर को कंट्रोल रूम को सूचना के बाद नोएडा और गाजियाबाद पुलिस में हलचल मच गई। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि गाजियाबाद से बुजुर्ग दंपति का कुछ युवकों ने अपहरण कर लिया है। अपहरण के बाद दंपति को दादरी की तरफ ले जाया जा रहा है। दोनों जनपद की पुलिस ने कुछ ही देर में दंपति और युवकों को बरामद कर लिया। युवकों द्वारा दंपति से जबरदस्ती की जा रही थी। हालांकि बाद में प्रकरण पैसे के लेनदेन का प्रकाश में आया। कस्बा दादरी के रहने वाला व्यापारी कुछ साल से गाजियाबाद परिवार के साथ रहने लगा है। बताया जा रहा है कि व्यापारी और बढ़पुरा गांव के एक युवक के बीच पैसे का लेनदेन था।

# गाजियाबाद में 24 घंटे में कोरोना के 100 केस

- 21 से 40 उम्र वाले लोग सबसे ज्यादा संक्रमित, यूपी में सर्वाधिक मरीज नोएडा में

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद में बीते 24 घंटे में कोरोना के 100 नए केस रिकॉर्ड किए गए हैं। रविवार सुबह 6 बजे जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसारए 100 संक्रमित होने वालों में सर्वाधिक 39 मरीज 21.40 उम्र वाले हैं।

वहीं बच्चों की संख्या भी पांच है। गाजियाबाद में अब कोरोना के एक्टिव केस 433 हो गए हैं। इनमें 19 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं।

हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि ये वे मरीज हैं, जो कोरोना के अलावा अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं और इसी वजह से वे अस्पताल में भर्ती हुए हैं। गाजियाबाद में अगस्त की संक्रमण दर 2.22 प्रतिशत है, वहीं पिछले 24 घंटे की संक्रमण दर 2.92 प्रतिशत पर पहुंच गई है। आपको बता दें कि अगस्त के पहले हफ्ते में यहां कोरोना के 456 मामले सामने आ चुके हैं। गाजियाबाद के पड़ोसी जनपद गौतमबुद्ध नगर में कोरोना के सक्रिय केस 887 हो गए हैं। शनिवार को यहां 159 नए मरीज आए थे।

उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा कोरोना के मरीज जिला गौतमबुद्ध नगर में ही मिल रहे हैं। इन 887 में 109 बच्चे भी संक्रमित हैं। स्वास्थ्य विभाग में मेरठ.सहारनपुर मंडल के सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर अशोक तालियान ने बताया कि कोरोना केस भले ही ज्यादा आ रहे हों, लेकिन घबराने जैसी कोई बात नहीं है। क्योंकि मरीजों को सामान्य बुखार हो रहा है और पांच दिन बाद स्वतः ही जांच रिपोर्ट निगेटिव आ रहे हैं।

# ओयो होटल में दुष्कर्म का मामले में सेंट्रल जोन डीसीपी ने दिए विभागीय जांच के आदेश

- कांस्टेबल आकाश को पुलिस आयुक्त कर चुके है निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** के एक ओयो होटल में सॉफ्टवेयर कंपनी में टेक्निकल एनालिस्ट के पद पर कार्यरत युवती की लाश मिली थी। इस मामले में आरोपी सिपाही आकाश तोमर को गौतमबुद्ध नगर पुलिस के अधिकारी ने सस्पेंड कर दिया है विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। जिसके बाद आकाश तोमर के खिलाफविभागीय जांच शुरु हो गई है।

दरअसल, बीते मंगलवार को नोएडा के सेक्टर-70 में स्थित ओयो होटल में एक 26 साल की युवती की लाश मिली थी। इस मामले में युवती के पिता ने उसके दोस्त समेत 5 लोगों के खिलाफरेप और हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में युवती के दोस्त अर्जुन, आकाश तोमर, एक युवती समेत 5 लोगों के खिलाफ रेप और हत्याओं की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में पुलिस ने आकाश तोमर और अर्जुन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है। अब इस मामले में सेंट्रल नोएडा डीसीपी राजेश एस ने आरोपी उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाही आकाश तोमर को सस्पेंड करके विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में एक वीडियो सामने आई है। यह वीडियो घटना से कुछ समय पहले की बताई जा रही थी। वीडियो में युवती बोल रही थी, अर्जुन मुझे बचा लो, मुझे आकाश ने फंसा दिया है। वीडियो में काफी अंधेरा दिखाई दे रहा है, लेकिन युवती की रोने की आवाज साफआ रही है। यह वीडियो कुल 28 सेकंड का है। जांच के दौरान व्हाट्सएप चैटिंग के स्क्रीनशॉट भी सामने आए हैं।

# नोएडा में पिछले डेढ़ साल में 352 चालकों के लाइसेंस निलंबित

- यातायात उल्लघंन करने पर की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**गौतमबुद्ध** नगर जिले में करीब डेढ़ साल में 352 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस डीएल निलंबित किए गए हैं। सबसे ज्यादा डीएल तेज गति में वाहन चलाने के कारण निलंबित किए गए हैं। तीसरी बार में यातायात नियम के उल्लंघन पर डीएल निरस्त कर दिए जाएंगे। इसके बाद चालक से वाहन चलाने का अधिकार छिन जाएगा।

परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बीते साल जनवरी से इस वर्ष जुलाई तक 352 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए है। यह डीएल तीन माह के लिए निलंबित किए गए हैं। इसमें करीब 300 ड्राइविंग लाइसेंस तेज रफ्तार में गाड़ी दौड़ाने और मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने के कारण निलंबित किए गए हैं। एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने बताया कि नियम का उल्लंघन करने वाले जो वाहन अन्य जिलों के होते हैं, वहां से परिवहन विभाग को चालकों की सूचना दी जाती है। ऐसे में संबंधित जिलों में चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया जाता है। डीएल निलंबन की प्रक्रिया में तेज गति के अलावा बाकी चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस मौके पर जब्त कर लिया जाता है। मिली जानकारी के मुताबिक छह नियमों के उल्लंघन पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया जाता है। इसमें तेज गति में वाहन चलाना, लाल बत्ती का उल्लंघन, ओवरलोडिंग, गलत दिशा में और नशे में वाहन चलाने और मोबाइल फोन पर बात करते हुए पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया जाता है।

## इंदिरापुरम में वृद्धा से कुंडल लूटे, घायल

**गाजियाबाद।** बेखौफ लुटेरों ने रविवार सुबह इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के कनावनी पुश्ता रोड पर 65 वर्षीय महिला के दोनों कानों से सोने के कुंडल लूट लिए। पीड़िता का एक कान फट गया और सिर में चोट आई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। उनके बेटे ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है। कनावनी में 65 वर्षीय सावित्री देवी परिवार के साथ रहती हैं। रोज की तरह रविवार सुबह भी वह पड़ोसी मंजू देवी के साथ कनावनी पुश्ता रोड पर टहलने आई। कुछ दूर टहलने के बाद वह दोनों सुबह करीब सात बजे ओशियन बैंक्वेट हाल के पास सड़क के किनारे बैठकर आराम करने लगीं। इस दौरान बाइक सवार दो लुटेरे उनके पास आए। एक बाइक स्टार्ट करके खड़ा रहा। दूसरा नीचे उतरकर उनके पास पहुंचा। सावित्री देवी के दोनों कानों से कुंडल लूट लिया।

# कुत्ते ने सुरक्षा कर्मी और कैब चालक को काटा

- बढ़ती घटनाओं से सोसायटी के लोग परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**सेक्टर-62** में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। सोसाइटी की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मी को आवारा कुत्ते ने काट लिया। इसके बाद शनिवार को कैब चालक किसी यात्री को छोड़ने आया था। जैसे ही कैब चालक कार से उतरा, उसे कुत्ते ने काट लिया।

कुत्ते का आतंक सोसाइटी में बढ़ता ही जा रहा है। एक कुत्ते की वजह से पूरी सोसाइटी दहशत में है।

सोसाइटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एनके सौलंकी ने बताया कि शुक्रवार देर रात सुरक्षा कर्मी राकेश कुमार सोसाइटी में गश्त कर रहा था। इस बीच ही पीछे से आए आवारा कुत्ते ने उनके पैर में काट लिया। कुत्ते के काटने के निशान उनके दोनों पैर में बने हुए है।

सुरक्षा कर्मी ने प्राथमिक उपचार कराया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार दिन में कैब चालक किसी यात्री को छोड़ने सोसाइटी में आया था। उसे भी आवारा कुत्ते ने काट लिया। सोसाइटी में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले आवारा कुत्ते को पकड़ कर सेक्टर.94 एसपीसीए संस्था सौंपा गया था। इसके बाद संस्था के लोग कुछ दिनों बाद कुत्ते को सोसाइटी में छोड़ गए।

तब से कुत्ते ने आतंक फैलाना शुरू कर दिया है। सेक्टर.144 के सीएम ब्लॉक में रहने वाले राजेश कुमार के छह वर्षीय बेटा निखिल कुमार को बीते दिनों कुत्तों ने बूरी तरह काट लिया था। खूंखार आवारा कुत्तों ने निखिल के हाथ, पीठ, पेट व सिर पर काट लिया था। कुत्तों ने निखिल के सिर पर गंभीर रूप से काटा दिया था। उसके सिर पर 11 कांटे आए थे। तब से बच्चा काफी दहशत में है।

## महंगाई के खिलाफ आप ने निकाली पद यात्रा

**नोएडा।** महंगाई, बेरोजगारी और सेना भर्ती में अग्नि पथ योजना के खिलाफ आम आदमी पार्टी पश्चिम प्रान्त अध्यक्ष सोमेंद्र ढाका के नेतृत्व में निकाली गई। आप गौतमबुद्ध नगर इकाई के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन के साथ बड़ी संख्या में आप नोएडा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

पद यात्रा बड़ौत कस्बे के पी एन शर्मा पार्क से शुरू हुई जिसमें पश्चिम यूपी के आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पद यात्रा में चल रहे आप कार्यकर्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी और सेना भर्ती में लागू की गई अग्निपथ योजना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# फैक्ट्री में झुलसे कर्मी को लावारिस में भर्ती कराने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लिंक रोड थाना क्षेत्र के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट.चार की एक फैक्ट्री में एयर ड्रायर कंप्रेशर मशीन फटने से कर्मचारी झुलस गया। उसका उपचार चल रहा है।

फैक्ट्री मालिक पर उसे अस्पताल में लावारिस छोड़कर भागने का आरोप लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहन गार्डन, उत्तम नगर, दिल्ली में ललित नागर परिवार के साथ रहते हैं। वह साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-चार की राकेट इंक्यूमेंट लिमिटेड नामक फैक्ट्री में पिछले तीन माह से कार्यरत थे।

उनकी पत्नी देवकी नागर का आरोप है कि 23 जुलाई को उनके पति फैक्ट्री में ड्यूटी पर थे। शाम करीब साढ़े चार बजे एयर ड्रायर कंप्रेशर मशीन फट गई। उनके पति बुरी तरह से झुलस गए। फैक्ट्री मालिक सुनील मित्तल व उनके बेटे अनिल मित्तल ने उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी। पति को सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली में लावारिस में छोड़ आए। बाद में उन्हें इसकी जानकारी हुई। उन्होंने इसकी पुलिस को शिकायत दी।



अवैध रूप से पार्किंग की गई कार का फोटो खींच कर चालान करता पुलिसकर्मी।

# डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जनपद के छह राजकीय कॉलेज में बनाई जाएंगी स्मार्ट क्लास

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।



**जनपद** के छह राजकीय कॉलेजों के छात्र अगले शैक्षिक सत्र से स्मार्ट क्लासों में पढ़ाई करेंगे। इसके लिए शासन ने स्मार्ट क्लास के निर्माण और बजट संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। छात्रों को तकनीक से जोड़ते हुए स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इनका निर्माण किया जाएगा। जिले में सरकारी स्कूल.कॉलेजों में पढ़ाई को डिजिटल रूप दिया जा रहा है। इसी के तहत जनपद के छह राजकीय कॉलेजों में स्मार्ट क्लास बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। जिसमें विद्यार्थियों को कंप्यूटर की उच्च तकनीक से पठन.पाठन कराया जाएगा। स्मार्ट क्लास बनने से छात्रों को वीडियो और प्रेजेंटेशन के माध्यम से विजुअल शिक्षा प्रदान करने में सहयोग मिलेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास ने बताया कि शासन ने निर्देश पर छह राजकीय कॉलेजों में स्मार्ट क्लासों का निर्माण किया जाएगा। हर कॉलेज में दो स्मार्ट कक्षाएं बनाने का प्रस्ताव है। अगले शैक्षिक सत्र तक ये सभी क्लास तैयार हो जाएंगी।

स्मार्ट क्लास बनाने के लिए राजकीय इंटर कॉलेज कुशलिया, नूरपुर, मतौर, नंदग्राम, नाहली और ल्योड़ी का चयन किया गया है।

इसके अलावा राजकीय बालिका कॉलेज विजयनगर में भी स्मार्ट क्लास बनाने का प्रस्ताव पास किया गया है। स्मार्ट क्लास के निर्माण के लिए कुल 83 लाख के बजट की मंजूरी दी गई है। जिससे छह राजकीय कॉलेजों में स्मार्ट क्लासों का निर्माण किया जाएगा। स्कूलों में स्मार्ट क्लास तैयार होने के बाद डिजिटल शिक्षा को मजबूती मिलेगी। स्मार्ट क्लास में प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, एलईडी स्क्रीन, स्पीकर, माइक, वेबकैम, इंटरनेट कनेक्शन अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। जिससे बच्चों की पढ़ाई के दौरान इंटरनेट बाधा न बन सके। छह राजकीय कॉलेजों में स्मार्ट क्लास बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इनका निर्माण जल्द शुरु किया जाएगा। इन कॉलेजों के छात्र अगले शैक्षिक सत्र से स्मार्ट क्लास में पढ़ाई कर सकेंगे। राजेश श्रीवास, जिला विद्यालय निरीक्षक।

# शहरवासी दूषित पानी पीने को मजबूर, 35 फीसदी जल के नमूने फेल

- मौसम के बदलाव के चलते पूरे जिले में जल की हो रही थी जांच

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**शहर** की विभिन्न कालोनी, सोसायटी, पानी के प्लांट, रेस्टोरेंट का पानी पीने के लायक नहीं है। इसका खुलासा स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट से हुआ। विभाग ने इस साल महीने के भीतर विभिन्न स्थानों से कुल 455 स्थानों से पानी के सैंपल लिए। जिसमें से 35 फीसदी नमूने फेल हो गए। शहर में पीने के पानी की सप्लाई सही नहीं है। पानी की गुणवत्ता को जांचने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जनवरी से जुलाई तक विभिन्न कालोनी, सोसायटी, पानी के प्लांट, रेस्टोरेंट आदि जगह से सैंपल लिए।

जिसमें कई स्थानों के पानी नमूने फेल हो गए। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट बताती है कि विभिन्न स्थानों से जुलाई महीने में सबसे ज्यादा 91 पानी के सैंपल लिए गए थे, जिसमें से 37 नमूने फेल हो गए। जबकि 54 सही पाए गए। इनमें स्वर्णजयंतीपुरम से 28 पानी के नमूने लिए थे। जिनमें से 21 सैंपल फेल हो गए। इसमें 10 से ज्यादा सैंपल में सीवरयुक्त पानी मिला।

इसके अलावा ट्रांस हिंडन की चार सोसाइटी, दो पानी के प्लांट और एक रेस्टोरेंट से लिए गए पानी के सैंपल भी फेल पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसकी सूचना निदेशक संचारी रोग, डीएम और सीडीओ समेत सीएमओ, महाप्रबंधक जलकल और शिक्षा विभाग को भी भेजी है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आरके गुप्ता ने बताया कि मौसम में बदलाव के साथ जल जनित बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। मौसम में बदलाव के चलते विभाग की ओर से भी पूरे जिले में पीने के पानी की जांच करने का अभियान शुरू किया गया है।

जिन स्थानों के पानी सैंपल फेल हुए हैं। उन सभी को नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट बताती है कि पिछले साल जिले की विभिन्न कालोनियों से 459 स्थानों पर पानी की जांच की गई। यह जांच जनवरी से दिसंबर के बीत हुई थी। इस जांच के बाद 137 पानी के नमूने फेल सामने आए थे। इन्हें भी विभाग ने सिर्फ नोटिस देकर आगे कोई कार्रवाई नहीं की थी। इसी कारण इस साल अधिक जांच में ज्यादा पानी के सैंपल फेल मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्वर्णजयंतीपुरम के पास बने डब्ल्यूएस मकानों में डायरिया से दो बच्चों की मौत के बाद पानी के सैंपल लिए। जिसमें ज्यादातर फेल हुए।

इसके अलावा इंदिरापुरम की जयुपरिया सनराइज ग्रीन, महागुन फेज दू वैभव खंड, अम्रपाली विलेज ज्ञान खंड, वसुंधरा सेक्टर 15 का शिखर एंक्लेव, शहीदनगर का कमल सिंह पानी का प्लांट, टैक्सला फूड राजेंद्र नगर के नमूने फेल मिले हैं। डा आरके गुप्ता, जिला सर्विलांस अधिकारी ने कहा कि मौसम में बदलाव के साथ जल जनित बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। इसको लेकर विभाग पीने के पानी की जांच कर रहा है। इसी दौरान जुलाई में 91 स्थानों से पानी के सैंपल लिए, जिसमें से 37 फेल हो गए हैं। इन सभी को नोटिस जारी करते हुए इसकी सूचना प्रशासन को भी भेजी गई है।


# 12वीं क्लास की छात्रा का अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल, 3 क्लासमेट लड़कों पर एफआईआर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक नामी स्कूल में पढ़ने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा के फोटो से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। छात्रा की क्लास में पढ़ने वाले 3 छात्रों ने छात्रा की फोटो को अश्लील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। छात्रा के परिजनों ने बीटा.2 कोतवाली में आरोपी तीनों छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शहर के एक नामी स्कूल में एक छात्रा 12वीं क्लास में पढ़ती है। इसी स्कूल में 12वीं क्लास में पढ़ने वाले 3 छात्रों ने छात्रा के फोटो से छेड़छाड़ कर उसे अश्लील बनाया और इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया।

# क्या सच में कश्मीर स्वर्ग है ?





जम्मू कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। हर किसी का सपना होता है कि वह चारों तरफ से खूबसूरत वादियों से घिरा हुआ जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को एक बार तो जरूर देखें। एक बार इस शहर को देखने के बाद आपका मन बार-बार यहां आने को करेगा। यहां की बर्फीली पहाड़ियां, शांत वातावरण और खूबसूरत नजारे इस शहर की खूबसूरती में चार चांद लगाती है। आज हम आपको जम्मू-कश्मीर की एक ऐसी घाटी के बारे में बताने जा रहे हैं, जन्नत का दरवाजा कहा जाता है।

जम्मू-कश्मीर की सबसे खूबसूरत घाटी में से एक है गूरेज घाटी। कश्मीर की यह घाटी श्रीनगर से 125 किमी दूर लगभग 8000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस घाटी का नाम मशहूर कश्मीरी कवि हब्बाा खातून के नाम पर रखा गया है। लोगों का कहना है कि इस त्रिकोणीय आकार के पर्वत में हब्बा खातून की अपने पति के प्रेम से जुड़ी कई कहानियां आज भी गूंजती हैं। यह घाटी जम्मू कश्मीर का प्रमुख आकर्षण है। अगर आप भी प्राकृतिक नजारों का भरपूर मजा लेना चाहते हैं तो आपको गुरेज घाटी जरूर जाना चाहिए। मई से अक्टूबर में घूमने के लिए यह जगहें बिल्कुल परफेक्ट है। प्राकृतिक नजारे देखने के साथ-साथ आप यहां ठंडी-ठंडी हवाओं का मजा भी ले सकते हैं, जोकि गर्मी में भी आपको सर्दी का अहसास करवाएंगी। यहां पर आप बाबा दरवाइश और बाबा रजाक और पीर बाबा की दरगाह के भी दर्शन कर सकती हैं। इसके अलावा आप यहां रॉक क्लाइंबिंग, फिशिंग और ट्रैकिंग का मजा भी ले सकते हैं। गुरेज घाटी का केंद्रीय हिस्सा है दवार, जिसके 15 गांव पूरी गुरेज घाटी में फैले हुए हैं। ऊंची-ऊंची पहाडियों से घिरे दवार में चारों ओर किशनगंगा नदी की बहती लहरों की आवाज गूंजती है। इसके अलावा यहां की गंगाबल झील भी टूरिस्ट में बहुत फेमस है। इस घाटी में आने वाले टूरिस्ट्स दवार देखने जरूर आते हैं।

नदियों के अलावा यहां के ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों की खूबसूरती भी देख सकते हैं, जिसमें से हरमुख पहाड़ श्रृंखला सबसे फेमस है। सिंध और किशनगंगा नदी के बीच स्थित इन पहाड़ों की ऊंचाई लगभग 16870 फीट है। यह जगह किसी धार्मिक स्थल से कम नहीं है। भगवान शिव का वास होने के कारण इस स्थालन को पवित्र माना जाता है।

तुलैल घाटी दवार से लगभग 42 किमी दूर है और टूरिस्ट्स के लिए वाकई में ये किसी जन्नत से कम नहीं है। तुलैल घाटी अपने गांव के साथ-साथ फिशिंग के लिए भी बहुत मशहूर है।

यहां का ग्रामीण जनजीवन आपको बार-बार यहां आने के लिए मजबूर कर देगा। यहां आकर आपको कुछ ऐसे पल बिताने का मौका मिलेगा, जो आपको जिंदगीभर याद रहेंगें। अगर आप भी जम्मू-कश्मीर घूमने जाने का प्लान बना रहे हैं तो गुरेज की घाटी को देखना न भूलें। इसका बिना आपका जम्मू कश्मीर का ट्रिप अधूरा रह जाएगा।



मार्तंड सूर्य मंदिर

# कश्मीर के वो प्रसिद्ध मंदिर जहां पहले होती थी भीड़, अब है सन्नाटा

मकश्मीर में ऐसे बड़े और प्रसिद्ध हिंदू मंदिर हैं जहां पहले बहुत रौनक रहती थी, बड़े पैमाने पर लोग इनमें दर्शन करने जाते हैं लेकिन कई लंबे समय से यहां सन्नाटा पड़ा रहता है या आतंकवाद के चलते ये तबाह हो गए

इन दिनों पूरी दुनिया की नजर कश्मीर पर है। कुछ समय पहले ये खबर आई कि कश्मीर में कम से कम एक हजार मंदिर बंद हैं, जिन्हें खोलने की अपील की गई है। जम्मू में वैष्णव देवी मंदिर और कश्मीर स्थित अमरनाथ धाम ही ऐसे मंदिर बचे हैं जहां अब भी दर्शनार्थी जाते हैं, लेकिन कई ऐसे प्रसिद्ध मंदिर हैं जहां पहले बहुत रौनक रहती थी, लेकिन आतंक के चलते या तो वहां अब सन्नाटा रहता है या आतंकवाद ने इस बड़े मंदिरों को तबाह कर दिया।

**खीर भवानी मंदिर:** यह मंदिर कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से 27 किलोमीटर दूर है। कश्मीर के तुल्ला मुल्ला गांव के यह मंदिर रंगन्या देवी का है जो कश्मीरी पंडितों के लिए बहुत आराध्य हैं। पहले यहां हर साल खीर भवानी महोत्सव भी होता था। लेकिन जब से घाटी में आतंकवाद बढ़ा, मंदिर बंद पड़ा है।

**ज्वालामुखी देवी मंदिर :** यह मंदिर पुलवामा से 17 किलोमीटर दूर है। दो साल पहले आतंकियों ने इस मंदिर को आग लगा दी थी, जिससे ये जलकर खाक हो गया। अब यहां सिर्फ इसका खंडहर है।

**मार्तंड सूर्य मंदिर :** यह सूर्य मंदिर लगभग 1400 साल पुराना है। यह भारत का सबसे पुराना सूर्य मंदिर है। इस मंदिर से पीरपंजाल के पूरे पर्वत दिखते हैं और पूरा शहर यहां से देखा जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि जब सूरज ली पहली किरण इस मंदिर को छूती थी, तब यहां के राजा अपने पूजा-पाठ की शुरुआत करते थे। अब यह मंदिर सिर्फ एक खंडहर के रूप में ही बचा है।


**भवानी मंदिर :** यह मंदिर कश्मीर के अनंतनाग के लकड़ीपोरा गांव में है। देवी के इस मंदिर की देखरेख अब मुसलमान करते हैं। 1990 में जब हिन्दु इस गांव से चले गए तो काफी समय तक यह मंदिर सूना पड़ा रहा। लेकिन वहां के मुसलामानों ने इस मंदिर की व्यवस्था का ध्यान रखा। हालांकि हिंदू जनसंख्या कम होने की वजह से यहां बहुत लोग नहीं आते।

**त्रिपुरसुंदरी मंदिर :** यह मंदिर दक्षिण कश्मीर में बसा हुआ था। लेकिन देवसर इलाके के इस मंदिर को कट्टरपंथियों ने तोड़ दिया था। अब यह मदिर भी सिर्फ खंडहर की शक्ल में ही बचा हुआ है।

**शंकराचार्य मंदिर :** हिंदू धर्म के पहले संस्थापक आदि शंकराचार्य ने देशभर में घूम-घूमकर मंदिर बनवाये थे। श्रीनगर का यह मंदिर ऐसे ही सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। इसे शंकराचार्य मंदिर कहा जाता है। लेकिन अब इसे तख्त-ए-सुलेमान कहा जाने लगा है। यह मंदिर भगवान शिव का मंदिर है। अभी भी लोग यहां आते हैं, लेकिन उनकी संख्या बहुत कम है।

ज्वालामुखी देवी मंदिर





शंकराचार्य मंदिर

## एक ऐसी जगह जहां आधी रात तक होती है शॉपिंग



**महंगी** से लेकर सस्ती हर तरह की चीजें इन मार्केट्स में अवेलेबल है। अगर आप मोल-भाव करने में माहिर हैं तो यहां शॉपिंग करने में बहुत मजा आएगा।

**गोवा के मशहूर मार्केट्स**

### अंजुना फ्ली मार्केट

नार्थ गोवा में शॉपिंग के लिए ये मार्केट बहुत ही मशहूर है, जहां हर बुधवार को बहुत बड़ी मार्केट लगती है। तकरीबन 100 अलग-अलग तरह के स्टॉल्स से आप हैंडीक्राफ्ट आइटम्स से लेकर बीचवेयर, बेड कवर्स, म्यूज़कि इन्सटूमेंट्स, वुडन क्रॉफ्ट, टी-शर्ट, जंक जूलरी जैसी कई चीजों की खरीदारी कर सकते हैं वो भी अपने बजट में।

### मापूसा मार्केट

वैसे तो मापूसा मार्केट में भीड़ ज्यादातर दिनों में एक समान ही रहती है लेकिन शुक्रवार की सुबह यहां अलग ही रौनक नजर आती है। एंटीक मिट्टी के बर्तन हों या हैंडीक्राफ्ट आइटम्स यहां इनकी कई सारी वैराइटी देखने को मिलती है। ड्राई से लेकर फ्राई फिश, घर के बने अचार, फ्रूट्स, सब्जियां, कपड़े, फुटवेयर्स, जूलरी, मसाले मतलब इस मार्केट से आप जरूरत का हर एक सामान खरीद सकते हैं। अगर आप मोल-भाव के ट्रिक्स जानते हैं तो यहां जरूर आजमाएं।

### कालांगुट मार्केट स्क्वेयर

कालांगुट बीच एन्जॉयमेंट और रिलेक्सिंग के लिहाज से ही नहीं शॉपिंग के लिए भी बहुत ही बेहतरीन डेस्टिनेशन है।

यहां से आप बीचवेयर्स, जूलरी और सॉवनियर जैसी चीजें खरीद सकते हैं। मैटल, लैदर और क्ले आइटम्स, एक्सेसरीज, टैक्सटाइल्स और कार्पेट्स यहां की खासियत हैं। जहां आपको बाहर से आने वाले सैलानी भी शॉपिंग करते हुए नजर आ जाएंगे।

# जा रहे हैं अयोध्या, इन जगहों का रुख जरूर करें

सरयू नदी के तट पर बसा अयोध्या प्राचीन काल से ही भारत के हिंदुओं की आस्था का एक बड़ा केंद्र रहा है। उत्तर प्रदेश का अयोध्या पहले फैजाबाद के पास का एक शहर हुआ करता था, लेकिन हाल ही में योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद फैजाबाद शहर का नाम बदलकर अयोध्या रख दिया गया है। वेदों में कहा गया है कि अयोध्या भगवान की नगरी है। इस नगरी की पवित्र माना जाता है और इसकी तुलना स्वर्ग से की जाती है। पुराने समय में अयोध्या को लेकर लोगों में गहरी धार्मिक आस्था रही है और यह आज भी बरकरार है।

### अयोध्या का विशेष पौराणिक महत्व

**देश** के अन्य धार्मिक स्थलों की तुलना में अयोध्या का विशेष महत्व है। यह नगरी भारत के सबसे प्रतापी सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी रही है। भगवान विष्णु के मनुष्य के रूप में अवतार लेकर यहां जन्म लेना भी लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है, इसीलिए इसे 'श्रीराम' की भूमि यानी राम जन्मभूमि के नाम से जाना जाता है। माना जाता है कि एक समय में यहां 20 बौद्ध मंदिर थे, जहां 300 बौद्ध भिक्षु भी रहा करते थे। अगर आप यहां घूमने आएं तो आपको दिखेगा कि कई पुराने मंदिर खंडहर हो चुके हैं, लेकिन कुछ विशेष मंदिर आज भी अस्तित्व में हैं। इन मंदिरों में सीतारसोई, हनुमानगढ़ी मुख्य रूप से गिने जा सकते हैं। यहां स्थित कनकभवन, नागेश्वरनाथ तथा दर्शन सिंह मंदिर देखने में काफी भव्य लगते हैं। माना जाता है कि ये मंदिर 18वीं-19वीं सदी में बनाए गए थे। तो आइए अयोध्या के आकर्षणों के बारे में जानते हैं-



### हनुमान गढ़ी मंदिर

**अयोध्या** का प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर शहर के बीचोंबीच स्थित है। यह मंदिर श्रीराम के सबसे बड़े भक्त हनुमान को समर्पित है। आप देखेंगी कि यहां हनुमान जी की आराधना अयोध्या के राजा की तरह ही की जाती है। ऐसा माना जाता है कि भगवान हनुमान यहां गुफा में रहते थे और नगर की रक्षा के लिए पूरी तरह से सक्रिय रहते थे। आप यहां के मुख्य मंदिर में बाल हनुमान के साथ माता अंजनि की प्रतिमा के दर्शन कर सकती हैं। माना जाता है कि यहां आने वाले भक्तों की हर मुराद पूरी हो जाती है।

### रामकोट

**रामकोट** को अयोध्या का प्रमुख स्थानों में से एक माना जाता है। जहां सालभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। देशभर से भक्त तो आते ही हैं, यहां विदेशी सैलानियों की संख्या भी अच्छी-खासी नजर आती है। रामनवमी पर्व यहां पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है और इसके लिए यह दुनिया भर में प्रसिद्ध है। रामनवमी भगवान राम के जन्मदिन के रूप में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाती है।

### नागेश्वरनाथ मंदिर



**अयोध्या** स्थित नागेश्वरनाथ मंदिर का भी विशेष पौराणिक महत्व है। ऐसा माना जाता है कि यह मंदिर भगवान राम के पुत्र कुश ने बनवाया था। धार्मिक किवंदती के अनुसार एक बार कुश सरयू नदी में नहाने के लिए गए थे और नहाते वक्त उनका बाजूबंद नदी में कहीं गिर गया था। यह बाजूबंद किसी नागकन्या के पास चला गया। कहा जाता है कि शिव की आराधना करने वाली वह नागकन्या कुश के प्रेम में पड़ गई थी। बाद में इसी नागकन्या के लिए इस मंदिर को बनवाया गया था और इसका नाम नागेश्वरनाथ मंदिर पड़ गया। शिवरात्रि के दौरान इस मंदिर में ऐसा भव्य आयोजन किया जाता है, जिसकी सुंदरता देखते ही बनती है।

### महाराज दशरथ महल



रामकोट स्थित महाराज दशरथ महल को बड़ा स्थान या बड़ी जगह के नाम से भी जाना जाता है। यह स्थल सैलानियों के लिए सुबह आठ से लेकर दोपहर 12 बजे तक और शाम चार से लेकर रात के 10 बजे तक खोला जाता है। राम विवाह, दीपावली, श्रावण मेला, चैत्र रामनवमी और कार्तिक मेला का यहां विशेष महत्व है और इन्हें यहां विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है। इन त्योहारों को मनाने के लिए यहां सैलानी काफी दूर-दूर से चलकर आते हैं। माना जाता है कि चक्रवर्ती महाराज दशरथ महल में राजा दशरथ अपने नाते-रिश्तेदारों के साथ रहते थे। यह स्थल अब एक पवित्र मंदिर के रूप में तब्दील हो चुका है, जहां राम-सीता, लक्ष्मण और शत्रुघ्न आदित की प्रतिमाएं हैं।

हॉकी टीम ने 16 साल बाद किया कमाल

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया

### गत चैंपियन न्यूजीलैंड को शूट आउट में 2-1 से हराया

**एजेंसी।** बर्मिंघम

**भारतीय** महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां गत चैंपियन न्यूजीलैंड को शूट आउट में 2-1 से हराकर राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम मैच के अंतिम लम्हों में 1-0 से आगे चल रही थी लेकिन आखिरी 30 सेकेंड से भी कम समय में उसने विरोधी टीम को पेनल्टी कॉर्नर दे दिया। यह पेनल्टी स्ट्रोक में बदला और ओलीविया मेरी ने न्यूजीलैंड को बराबरी दिला दी जिसके बाद मुकाबला शूट आउट में खिंच गया। भारत ने शूट आउट में धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। विवादास्पद सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के बाद इस मुकाबले में खेल रही भारतीय टीम ने पूरे मैच के दौरान बेहतर प्रदर्शन किया और पदक अपने नाम किया। सलीमा टेटे के गोल की बदौलत भारत मध्यांतर तक 1-0 से आगे था। ब्रेक के बाद नेहा गोयल ने टीम की बढ़त को लगभग दोगुना कर दिया था लेकिन न्यूजीलैंड ने अपनी रक्षापंक्ति के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत भारत को अपनी स्थिति मजबूत नहीं करने दी।



### दोनों ही टीमों ने पेनाल्टी शूटआउट में गंवाया था सेमीफाइनल

भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह ब्रॉन्ज मेडल मुकाबला बेहद रोचक होने के आसार थे। दरअसल, दोनों ही टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले बेहद की करीब से गंवाए थे। फुल टाइम तक दोनों टीमों ने अपनी विपक्षी टीमों को बराबरी पर रोककर रखा था लेकिन शूट ऑउट में इन्होंने मैच गंवा दिए। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से शूट आउट गंवाया और न्यूजीलैंड को इंग्लैंड ने 2-0 से शूट आउट में शिकस्त दी।

### भारत ने अपने पूल में चार में से तीन मुकाबले जीते थे

भारतीय टीम ने इस कॉमनवेल्थ गेम्स में अपने पूल-ए के चार में से तीन मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में एंट्री की थी। उसने कनाडा, वेल्स और घाना को शिकस्त दी थी, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ उसे मैच गंवाना पड़ा था। उधर, पूल-बी में न्यूजीलैंड ने बेहद ही धमाकेदार अंदाज में तीन जीत दर्ज की थी। न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका और केन्या को एकतरफा शिकस्त दी थी। हालांकि उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शिकस्त मिली।

## भुल्लर ने करियर की 10वीं जीत दर्ज की

**जकार्ता।** गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने यहां अपने करियर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10वीं जीत दर्ज कर भारत का एशियाई टूर में चला आ रहा चार साल का सूखा खत्म किया।

भुल्लर ने सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर 20 अंडर का रहा और वह 500,000 डॉलर पुरस्कार राशि के मंडिरी इंडोनेशिया ओपन जीतने में सफल रहे। उन्होंने दो शॉट्स की बढ़त से यह टूर्नामेंट जीता जिसमें उन्होंने हमवतन राशिद खान (68) और स्टीव ल्यूटन (64) को पछाड़ा। पिछली बार खालिन जोशी ने 2018 में यहां पैनासोनिक ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी। यह भुल्लर का 10वां एशियाई टूर खिताब था जो किसी भारतीय की सबसे ज्यादा ट्राफियां हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विनधैम चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर

**ग्रीन्सबोरो (अमेरिका)।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी को यहां मौसम से प्रभावित विनधैम गोल्फ चैंपियनशप के तीसरे दौर में सात होल और खेलने हैं जबकि वह संयुक्त पांचवें स्थान पर चल रहे हैं। पहले दो दौर में 66 और 67 का स्कोर बनाने वाले लाहिड़ी ने तीसरे दौर में 11 होल में तीन अंडर का स्कोर बना लिया था जब खराब मौसम के कारण दिन का खेल जल्दी खत्म करना पड़ा। लाहिड़ी का कुल स्कोर 10 अंडर है। यह भारतीय गोल्फर हालांकि एक समय 11 अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त भी हासिल करने में सफल रहा था।

### गैरवरीय रोजर्स, कसात्किना फाइनल में

**सेन जोस।** गैरवरीय अमेरिकी खिलाड़ी शेल्बी रोजर्स ने रूस की नौवीं वरीय वेरोनिका कुदरमेतोवा को मुबादाला सिलिकोन वैली क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सीधे सेटों में हराया। रोजर्स ने वेरोनिका को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना रविवार को सातवीं वरीय रूस की दारिया कसात्किना से होगा। कसात्किना ने दूसरी वरीय और दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी स्पेन की पाउला बेडोसा को 6-2, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रोजर्स ने शीर्ष वरीय मारिया सकारी को 6-1, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल और फिर साथी अमेरिकी अमांडा एनिसिकोवा को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी।

### हॉकी इंडिया ने नियम में बदलाव की मांग की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों में विवाद से खफा हॉकी इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ को पत्र लिखकर नियमों में बदलाव करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान शूटआउट में तकनीकी अधिकारियों ने भारी भूल की और भारतीय गोलकीपर सविता ने आस्ट्रेलिया का पहला शॉट बचा लिया था लेकिन घड़ी चालू नहीं होने का हवाला देकर आस्ट्रेलिया को वह शॉट फिर से दिया गया जिस पर गोल हो गया। एफआईएच ने इस मामले में तुरंत माफी मांगकर समीक्षा का आदेश दिया था। एफआईएच सीईओ थियरी वील को लिखे पत्र में हॉकी इंडिया की मुख्य कार्यकारी एलेना नॉर्मन ने कहा , इससे पहले भी चैम्पियंस ट्रॉफी 2016, जूनियर महिला विश्व कप 2021, तोक्यो ओलंपिक 2022 और अब राष्ट्रमंडल खेलों में पेनल्टी शूटआउट इसे पहले इस तरह की गलतियों से भारत को खामियाजा भुगतना पड़ा है। उन्होंने कहा , हम चाहते हैं कि एफआईएच इसे गंभीरता से लेकर नियमों में बदलाव करे और गलती करने वाले तकनीकी अधिकारियों को दंडित करे।

### भावुक हो साबले ने दिवंगत कोच को किया याद

**बर्मिंघम।** कोच भले ही आते जाते रहे लेकिन दिवंगत निकोलई स्नेसारेव का स्टार स्टीपलचेसर अविनाश साबले के दिल में अलग स्थान है क्योंकि उन्होंने इस अंतरराष्ट्रीय एथलीट को निखारने में काफी योगदान दिया। साबले ने शनिवार को राष्ट्रमंडल खेलों की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा में कीनिया के मजबूत एथलीट को पछाड़ते हुए रजत पदक जीता। बेलारूस के कोच निकोलई ने सेना के साबले का आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका अदा की। निकोलई का 2021 में निधन हो गया था। साबले की आवाज उनके बारे में बात करते हुए रूंध गई, उन्होंने कहा, मैं उस चीज को कभी नहीं भुला पाऊंगा जो कोच निकोलई स्नोसारेव ने मेरे लिए किया। मेरे जीवन में कई कोच आए, कई गए लेकिन उनका मेरे करियर पर प्रभाव पूरी जिंदगी रहेगा। उन्होंने मेरे सोचने का तरीका बदला। मैंने अपनी जिंदगी में इतना ईमानदार कोच नहीं देखा। उन्होंने कहा, जब ओलंपिक की तैयारियां चल रही थीं, तब उनका निधन हो गया (मार्च 2021 में)। वह मेरे लिए बहुत मुश्किल समय था। मैं कभी नहीं सोच सकता था कि भारतीय कीनियाई खिलाड़ियों को पछाड़ सकते हैं, मुझे लगता था कि भारतीय केवल अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने जाते हैं। लेकिन उन्होंने इस सोच को बदल दिया।

### वी प्रणव भारत के 75वें ग्रैंडमास्टर बने

**चेन्नई।** शतरंज खिलाड़ी वी प्रणव रोमानिया में एक टूर्नामेंट जीतकर रविवार को भारत के 75वें ग्रैंडमास्टर बन गए। चेन्नई के 15 वर्ष के प्रणव ने रोमानिया के बाइया मारे में लिम्पेडिया ओपन जीतकर अपना तीसरा और आखिरी ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया। उन्होंने नौ दौर में सात अंक लेकर ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। उन्होंने कहा, यह शानदार अहसास है। इससे मेरा आत्मविश्वास बढेगा और आगे अच्छा प्रदर्शन कर सकूंगा। प्रणव तमिलनाडु के 27वें ग्रैंडमास्टर हैं। उनसे पहले विश्वनाथन आनंद, डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा भी इसी राज्य से ग्रैंडमास्टर बने हैं।

### नवनीत के लिए पायलट प्रवेश परीक्षा अगले महीने होगी



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में लॉन बॉल्स पदक जीतने वाली टीम के चार में से एक सदस्य नवनीत सिंह अगले महीने पायलट प्रवेश परीक्षा में बैठ सकते हैं जो रविवार को होनी थी। दिल्ली के नवनीत कमर्शियल पायलट बनना चाहते हैं लेकिन वह रविवार को एयर इंडिया की प्रवेश परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे क्योंकि वह इस समय बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने गए हुए हैं। नवनीत लॉन बॉल्स चौकड़ी टीम के सबसे युवा सदस्य हैं। भारतीय लॉन बॉल्स फोर टीम ने शनिवार को रजत पदक जीता था। 27 साल के नवनीत ने पुरूषों की फोर फाइनल्स स्पर्धा में उत्तरी आयरलैंड से हारकर रजत पदक जीतने के बाद कहा था, मुझे हाल में अपना कमर्शियल पायलट का लाइसेंस मिला और मुझे कल (रविवार) एयर इंडिया की प्रवेश परीक्षा में बैठना था लेकिन मैं कल तक नहीं पहुंच सकूंगा। लेकिन अंत में मेरे पास एक पदक है तो ठीक है। रविवार को एयर इंडिया ने उन्हें राहत देते हुए घोषणा की कि वह अगले महीने अपनी परीक्षा दे सकते हैं। एयरलाइन ने ट्वीट किया, नवनीत राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतने के लिए बधाई। हमें आपको सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि आप परीक्षा के लिए अगले महीने बैठ सकते हो और इस संदर्भ में आपको सूचना भेज दी गई है। शुभकामनाएं और हमारा तिरंगा उंचा रखिए।

विदेशी धरती पर हरियाणवीं खिलाड़ियों ने परचम लहराया

# हरियाणा के सात खिलाड़ियों ने देश को दिलाए कई मेडल

### रवि दहिया, विनेश फोगाट, नवीन और भाविना पटेल ने जीता सोना

### राष्ट्रमंडल खेलों में भारत 48 पदक जीत चुका है

### भारत को मिला 17वां गोल्ड बॉक्सिंग में निखत ने जीता स्वर्ण

**एजेंसी।** बर्मिंघम

**हरियाणा** खिलाड़ियों के प्रदर्शन के मामले में अपनी अलग पहचान रखता है। इन दिनों प्रदेश के खिलाड़ी विदेशी धरती पर भारत का झंडा बुलंद करते नजर कर रहा हैं। सोने और कांस्य पदक की भरमार से तिरंगे का नाम रोशन कर रहे हैं। बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में इनका धमाकेदार प्रदर्शन अभी भी जारी है। नित रोज खिलाड़ी बर्मिंघम की जमी पर लठ्ठ गाड़ रहे हैं।

गौरतलब है कि इन खेलों में भारत अब तक 48 पदक जीत चुका है। शनिवार को नोंवे दिन भी हरियाणा के खिलाड़ी छाए रहे। कुश्ती में रवि दहिया, नवीन और विनेश फोगाट ने स्वर्ण जीता। तो वहीं पूजा सिहाग, पूजा गहलावत, दीपक नेहरा ने कुश्ती में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा मुक्केबाजी में जैस्मिन ने ब्रांज मेडल जीता। साथ ही शनिवार को हरियाणा के तीन मुक्केबाजों ने अपना रजत पक्का कर फाइनल में जगह बना ली। रोहतक के मायना गांव के अमित पंघाल, झज्जर के सागर अहलावत और भिवानी की नीतू घनघस फाइलन में पहुंच गई है। इधर मेडल की बात करें तो भारत ने 17वां गोल्ड भी अपने नाम कर लिया। बॉक्सिंग में निखत जरीन ने स्वर्ण पदक दिलाया है। देशवासियों की नजरें पहलवानों के मुकाबलों पर टिकी थी। दोपहर बाद तीन बजे शुरू हुई कुश्तियों का रोमांच रात होते-होते चरम पर पहुंच गया। चारों पहलवानों ने देशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शानदार प्रदर्शन किया। ओलंपियन रवि दहिया, नवीन कुमार, विनेश फोगाट ने जहां सोने के तमगे जीते, वहीं पूजा गहलोत ने सेमीफाइनल में हार से उभरते हुए देश को कांस्य दिलाया।

दोपहर से ही दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में रवि दहिया के भाई पहलवान पंकज दहिया और प्रशिक्षक अरुण कुमार के साथ अन्य पहलवानों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया था। नवीन के गांव पुगथला में दोपहर से बेटे की पहली जीत के साथ परिजनों व ग्रामीणों में खुशियां मनानी शुरू कर दी।









### रवि की जीत पर क्षेत्र में लगे नारे

नाहरी के रवि दहिया की कुश्ती का सुबह से ही सभी को इंतजार था। क्वालीफाइंग राउंड में बाई मिलने के बाद क्वार्टर फाइनल में रवि ने अपने चिरपरिचित अंदाज में जीत दर्ज की। दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में सुबह से कुश्ती देखने के लिए उनके साथी पहलवान उत्साहित थे। रवि ने जैसे ही फाइनल में नाइजीरिया के एबिकेवेनिमो विल्सन को 10-0 से हराया तो साथियों ने मिठाई बांटनी शुरू कर दी। इससे पहले सेमीफाइनल में रवि ने पाकिस्तानी पहलवान अली अरशद को 14-4 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई थी।

### दीपक की जीत पर जश्न में डूबा गांव



पहलवान दीपक नहरा की जीत पर गांव निंदाना में जश्न का माहौल है। देर रात पहलवान दीपक ने देश को एक और पदक दिलाया। पाकिस्तान के तैयब रजा को पटखनी देते हुए दीपक ने ब्राउंज मेडल पर कब्जा जमाया। पहलवान ने 10-2 के अंतर से अपने प्रतिद्वंद्वी को हरा कर देश को एक मेडल दिलाया है।

### नौ सेकेंड में सुनहरी उम्मीद कांस्य में सिमटी




गांव फरमाणा की पूजा गहलोत ने शनिवार को पहली कुश्ती से ही बेहतर प्रदर्शन शुरू कर दिया था। हालांकि सेमीफाइनल मुकाबले के महज अंतिम नौ सेकेंड में सोने का सपना कांस्य में बदल गया। पहले मैच में स्कॉटलैंड की पहलवान को 10 अंकों से हराने वाली पूजा ने अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। स्कॉटलैंड की पहलवान वही थी जिसने दंगल फिल्म में भी अभिनय किया था। सेमीफाइनल में भी पूजा छह अंकों की बढ़त बनाए हुए थी लेकिन आखिरी के नौ सेकेंड वह लय को बरकरार नहीं रख सकी और सोना पाने की दौड़ से बाहर हो गई। परिवार के सदस्य भी पूजा की हार से मायूस जरूर हुए लेकिन वह इसे खेल का हिस्सा मानते हुए फिर मैच देखने लगे।

### बहू के पदक पर झूमे सुसराल वाले



हरियाणा के रोहतक में गढ़ी बोहर गांव की बहू पूजा सिहाग नांदल ने शनिवार को जैसे ही कुश्ती में कांस्य पदक जीता तो ससुराल वाले खुशी से झूमने लगे। ससुर बिजेंद्र नांदल मैच देखते समय बहुत गंभीर थे। जैसे ही पूजा ने ऑस्ट्रेलिया की विपक्षी खिलाड़ी को 10-0 से चित किया तो टीवी रूम एक दम से तालियों और हंसी की आवाज से गूंज उठा।

### बॉक्सिंग में नीतू-अमित ने जीता सोना



भारतीय वेटलिफ्टरों के बाद पहलवानों का जलवा देखने को मिला। और अब बॉक्सिंग के धुरंधरों के करतब देखने को मिले हैं। रविवार को भारतीय महिला मुक्केबाज नीतू घंघस ने देश को गोल्ड मेडल दिलाया और कुछ मिनटों के बाद पुरुष मुक्केबाज अमित पंघाल के मुक्कों के सामने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में विरोधी पस्त हो गए। इन दोनों खिलाड़ियों ने भारत को गोल्ड मेडल दिलाने का काम किया। भारतीय वुमेंस बॉक्सर नीतू घंघस ने राष्ट्रमंडल खेों की वुमेंस मिनिममवेट (45-48 किग्रा) कैटेगरी में मेजबान इंग्लैंड की रेस्जटान डेमी जेड को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, भारत के अमित पंघाल ने मेंस 48 किग्रा-51 किग्रा (फ्लाईवेट) कैटेगरी में इंग्लैंड के कियारन मैकडोनाल्ड को 5-0 से हराया और गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। भारत के गोल्ड मेडल की संख्या अब 15 हो गई है। रविवार का दिन नीतू और अमित के लिए खास रहा। भारत ने 17वां गोल्ड भी अपने नाम कर लिया। बॉक्सिंग में निखत जरीन ने स्वर्ण पदक दिलाया है।

### प्रधानमंत्री ने पदक विजेताओं को दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के कई पदक जीतने के बाद रविवार को खिलाड़ियों प्रयासों की सराहना की। महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर भावुक हुई और लोगों से माफी मांगने वाली भारतीय पहलवान पूजा गहलोत के एक वीडियो को टैग करते हुए मोदी ने कहा, पूजा, आपके पदक के लिए उत्सव होना चाहिए, माफी नहीं। उन्होंने कहा, आपकी जीवन यात्रा हमें प्रेरित करती है, आपकी सफलता हमें प्रसन्न करती है। आपकी किस्मत में कई शानदार चीजें हैं, चमकते रहेंउ। मोदी ने कांस्य पदक जीतने के लिए पहलवान पूजा सिहाग की भी प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने एक प्रतिभाशाली पहलवान के रूप में अपनी पहचान बनाई है। कांस्य पदक जीतने वाले पहलवान दीपक नेहरा की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने उल्लेखनीय धैर्य और प्रतिबद्धता दिखाई। मोदी ने कहा, उन्हें उनकी आगामी प्रतियोगिताओं के लिए मेरी शुभकामनाएं। भाविना पटेल को भी बधाई दी। मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि वह एक उत्कृष्ट मुक्केबाज हैं जिन्होंने कई खेल प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की है। रोहित टोकस को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी। पीएम ने देर रात एक ट्वीट कर पहलवान नवीन कुमार को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी।

### विनेश के गोल्ड पर मनाया जश्न

खरखौदा की प्रताप कॉलोनी में पहलवान विनेश फोगाट की ससुराल में ससुराल वाले बहू का प्रदर्शन देखने के लिए टीवी पर निगाह लगाए हुए थे। रिश्तेदारियों और अन्य कई दोस्त भी विनेश के घर पर जमे थे। बहू के सोना जीतते ही परिजनों ने जमकर खुशी मनाई। मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी।



# वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की लय बिगाड़ने को गति में कटौती की: आवेश

### कहा, रोहित और कोच राहुल द्रविड़ ने काफी आत्मविश्वास दिया

**एजेंसी।** लॉडेरहिल (अमेरिका)

तेज हवाओं और छोटी बाउंड्री के बीच वेस्टइंडीज के मैदानों पर काफी महंगे साबित हुए भारतीय तेज गेंदबाज आवेश खान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में मजबूत वापसी की जब उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा की सलाह मानकर अपनी गेंदों की गति में कटौती की।

आवेश ने कहा कि जब वह तेज हवाओं और छोटी बाउंड्री से सामंजस्य बैठाने के लिए जूझ रहे थे तो उन्हें रोहित और कोच राहुल द्रविड़ ने काफी आत्मविश्वास दिया। आवेश ने चौथे टी20 में चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे शनिवार को भारत ने 59 रन की जीत के साथ पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 की विजई बढ़त बना ली। आवेश ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, उन्होंने मुझे काफी आत्मविश्वास दिया जबकि पिछले दो मैच में मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

उन्होंने कहा, रोहित भाई और राहुल सर के समर्थन से मुझे मैदान के अंदर और बाहर आत्मविश्वास मिला। उन्होंने मुझे बताया कि मुश्किल दौर आता है। पिछले महीने पोर्ट आफ स्पेन में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में पदार्पण करते हुए आवेश ने छह ओवर में 54 रन लुटाए।



### कोच का समर्थन खिलाड़ी को करता है प्रेरित

**जब** कप्तान और कोच अच्छा प्रदर्शन करने के लिए लगातार खिलाड़ी का समर्थन करते हैं तो इससे स्वत: की खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होता है। इंदौर के तेज गेंदबाज ने खुलासा किया कि उन्होंने चौथे मैच में अपनी गेंदबाजी में कुछ बदलाव लाए जिससे उन्हें मदद मिली। उन्होंने कहा, शुरुआत से ही लक्ष्य सही क्षेत्र में गेंदबाजी करना था। यहां विकेट और परिस्थितियां दोनों सेंट लूसिया से अलग थी जहां हमें ऐसे विकेट पर खेलना पड़ा जहां गेंद रुककर आ रही थी।

### महान शतरंज खिलाड़ी आनंद फिडे उपाध्यक्ष बने

**चेन्नई।** भारत के महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को रविवार को खेल की वैश्विक संचालन संस्था फिडे का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया जबकि निवर्तमान अध्यक्ष आर्केडी वोर्कोविच को दूसरे कार्यकाल के लिए दोबारा अध्यक्ष चुन लिया गया। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद वोर्कोविच की टीम का हिस्सा थे। वोर्कोविच को 157 मत मिले जबकि उनके विरोधी आंद्रेई बैरिशपोलेट्स के पक्ष में सिर्फ 16 मत पड़े। एक मत अवैध रहा जबकि पांच सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। चुनाव शतरंज की वैश्विक संस्था की फिडे कांग्रेस के दौरान हुए जिसका आयोजन यहां 44वें शतरंज ओलंपियाड के दौरान किया गया।

बीते साल के टी20 विश्व कप पर खुलकर बोले कप्तान

# रवैये और दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत थी: रोहित शर्मा

### आगामी सत्र में भारतीय टीम के अच्छे प्रदर्शन पर पूरा ध्यान दे रहे हैं

**एजेंसी।** लॉडेरहिल (अमेरिका)

**कप्तान** रोहित शर्मा ने कहा है कि पिछले साल टी20 विश्व कप में लचर प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम अपने रवैए और दृष्टिकोण में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए मजबूर हुई। रोहित अब ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के आगामी सत्र में भारतीय टीम की अगुवाई करने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन इससे पहले टीम को एशिया कप में खेलना है।



रोहित ने कहा, हमने दुबई में टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बनाने के बाद स्पष्ट कर दिया था कि हमने महसूस किया कि हम अपना खेल कैसे खेलते हैं, इस बारे में हमारे रवैए और दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत है। भारत गत चैंपियन के रूप में एशिया कप में उतरेगा जिसे टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। टीम इंडिया ने पिछले कुछ महीनों में अधिक आक्रामक बल्लेबाजी शैली अपनाई है और रोहित ने बताया कि टीम आगामी चुनौतियों के लिए कैसे तैयार हो रही है। उन्होंने कहा, अगर कप्तान और कोच से यह संदेश स्पष्ट है कि टीम कहां जाने की कोशिश कर रही है तो हर खिलाड़ी निश्चित रूप से ऐसा करने की कोशिश करेगा। ऐसा करने के लिए उन्हें स्वतंत्रता और स्पष्टता की आवश्यकता है और यही हम करने की कोशिश कर रहे हैं। हम उन्हें ज्यादा से ज्यादा आजादी देने की कोशिश कर रहे हैं। इतने सारे युवा नेतृत्वकर्ताओं की मौजूदगी में टीम की कप्तानी करने के अपने अनुभव के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा, मुझे पता है कि टीम में इतने सारे नेतृत्वकर्ता तैयार करना रोमांचक है।

### द्रविड़ के साथ बैठकर कई पहलुओं पर लिए फैसले

भारतीय कप्तान ने कहा, हमारे बीच हर समय नियमित बातचीत होती थी और वह मेरे खेल को भी करीब से देख रहे थे। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित ने ऐसे कोच के महत्व के बारे में भी बताया जिसका विजन और विश्वास टीम के अनुसार हो। रोहित ने कहा, जब वह (द्रविड़) कोच बने तो हम मिले और एक कमरे में कुछ देर साथ बैठे और फैसला किया कि हम चीजों को कैसे आगे बढ़ाना चाहते हैं और काफी हद तक उनके विचार वही थे जो मैं सोच रहा था। उन्होंने कहा, इससे मेरे लिए खिलाड़ियों को एक स्पष्ट संदेश देना थोड़ा आसान हो गया क्योंकि हम समूह के बीच भ्रम पैदा नहीं करना चाहते हैं, और निश्चित रूप से हम चाहते थे कि वह क्रिकेट की शैली को भी बदल दें। हम तीनों प्रारूपों में एक निश्चित तरीके से खेलना चाहते थे और वह यह सब स्वीकार करने के लिए तैयार थे।